सुप्रभात
रांची, सोमवार
24.02.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 223



12 राष्ट्र निर्माण के लिए परंपरा और तकनीक की जरूरत : जयशंकर

## न्यूज डायरी

### सकारात्मक सोच के साथ दें परीक्षा : मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 119वें एपिसोड में बोर्ड एग्जाम की तैयारी कर रहे बच्चों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को एग्जाम वॉरियर्स का नाम दिया। अपील की कि ये वॉरियर्स अपना आत्मविश्वास बनाये रखें और अपनी मेहनत पर विश्वास करें। बिना कोई तनाव लिए सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा दें।

### झारखंड में आज साफ रहेगा मौसम

**रांची।** झारखंड में लगातार मौसम में बदलाव हो रहा है। मौसम विभाग से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार झारखंड में 24 फरवरी को मौसम साफ रहेगा। केवल रांची और आसपास के इलाकों में दोपहर बाद आंशिक बादल छाने की संभावना है।

### कुंभ नहाने जा रहा वाहन दुर्घटनाग्रस्त, 10 घायल

**रामगढ़।** जिले के घाटी में रविवार को एक बार फिर भीषण सड़क में कुंभ स्नान करने जा रहे दस लोग घायल हो गये। इनमें चार की हालत गंभीर है। एक अनियंत्रित ट्रेलर डिवाडर पर चढ़ गया। इससे रेलिंग सड़क के बीचोंबीच बिखर गयी। इसकी चपेट में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप वैन आ गयी। हादसे में 10 श्रद्धालु घायल हो गये। घायलों को रामगढ़ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से चार घायलों को रांची रेफर कर दिया है।

### पीट-पीटकर कर पत्नी को मार डाला, गिरफ्तार

**गुमला।** अल्बर्ट एक्का प्रखंड के जारी थाना के सीकरी के पुण्डी में एक शख्स ने हॉकी स्टिक से पीट-पीट कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी रातभर घर के कमरे में पत्नी की लाश के सामने बैठा रहा। सुबह जानकारी मिलनेपर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी किशोर टोप्पो को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी। मृतका की पहचान सलोनी टोप्पो (32) के रूप में की की गयी।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 80200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 100000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




## बजट सत्र आज से, दोनों पक्ष तैयार, हंगामे के आसार

# मुख्यमंत्री के साथ सत्ता पक्ष ने बनायी रणनीति

# मरांडी के नेतृत्व में विपक्ष ने ब्यूह रचना तैयार की





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र हंगामेदार होने के आसार हैं। 24 फरवरी से शुरू हो रहे इस बजट सत्र को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने सामने हैं। दोनों ही पक्षों ने रविवार को बैठकें कर अपनी-अपनी रणनीति तैयार कर ली है। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता एवं कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू की मौजूदगी में सत्ता पक्ष ने तैयारी बैठक की। वहीं, बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने ब्यूह रचना तैयार की। विपक्ष ने हाल के दिनों में जैक बोर्ड के पेपर लीक होने के मामले को भाजपा विधायक सदन में गंभीरता से उठाने की तैयारी में है। मंइयां सम्मान योजना की राशि महिलाओं के खाते में नियमित नहीं जाने का मुद्दा भी सदन में उठाया जायेगा।

सत्ता पक्ष की बैठक में के राजू ने सभी कांग्रेस विधायकों को निर्देश दिया कि सत्र के दौरान हर दिन पार्टी विधायकों की शत-प्रतिशत मौजूद रहें। वहीं वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने को हम तैयार हैं।

**विधानसभा के बजट सत्र के चलते 27 मार्च तक लागू रहेगी निषेधाज्ञा :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा और 27 मार्च तक चलेगा। इस दौरान विधानसभा परिसर के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी, जिसके तहत विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में (न्यायालय परिसर को छोड़कर) किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन और घेराव पर रोक रहेगी। राज्य विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर विधानसभा सत्र के दौरान निषेधाज्ञा जारी किया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

### आक्रामक रहेगा सत्ता पक्ष

सत्ता पक्ष झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को सफल बनाने की तैयारियों में कांग्रेस जुट गयी है। रविवार को इसकी तैयारियों को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में विपक्ष के आरोपों का आक्रामक छंग से जवाव देने की रणनीति पर चर्चा की गयी। बैठक में सीएम हेमंत सोरेन के अलावा डॉ रामेश्वर उरांव, केशव महतो कमलेश, दीपिका पांडेय सिंह, प्रदीप यादव, राधा कृष्ण किशोर, स्टीफन मरांडी, इरफान अंसारी, दीपक बिरूआ, योगेंद्र प्रसाद, सुरेश पासवान, मनोज यादव, रामदास सोरेन, सुरेश बैठा, कल्पना सोरेन, डॉ लुइस मरांडी, श्वेता सिंह, ममता देवी, निशात आलम, नमन विक्सल कोंगाड़ी, विनोद पांडेय, मथुरा महतो, चमरा लिंडा आदि उपस्थित थे।

### विपक्षी आवाज जोरशोर से उठेगी

वहीं, भाजपा विधायक दल की बैठक में बाबूलाल मरांडी के अलावा नागेंद्र जी, सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, अमित यादव, सत्येंद्र तिवारी, कुशवाहा शशि भूषण, प्रकाश राम, रागिनी सिंह, डॉ नीरा यादव, पूर्णिमा दास, राज सिन्हा, शत्रुघ्न महतो आदि उपस्थित थे। भाजपा ने अभी विधायक दल के नेता का चुनाव नहीं किया है। ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ही पार्टी की तरफ से विपक्षी आवाज प्रमुखता से उठायेंगे। भाजपा विधायकों के सामने सदन में नेता के बिना ही जोरदार विपक्ष की भूमिका निभाने की चुनौती बजट सत्र में होगी। केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से भाजपा विधायक दल के नेता चयन की तिथि अभी तय नहीं की गयी है, लेकिन, लंबे चलने वाले बजट सत्र के बीच में भी विधायक दल के नेता का नाम घोषित किया जा सकता है।

बजट सत्र के दौरान धन विधेयक पर कभी भी मतदान हो सकता है, इसलिए बजट सत्र के दौरान सत्ता पक्ष के सभी विधायकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति जरूरी है। बैठक के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि आज की बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि पार्टी सदन में अपने और इंडिया ब्लॉक के महत्वपूर्ण मुद्दे उठाकर सदन और सरकार को जगाएगी।

# भारत ने पाक से ले लिया बदला

## 6 विकेट से रौंद कर चैंपियंस ट्राफी से किया बाहर




**एजेंसी**

दुबई। 2017 के खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान से दिल तोड़ने वाली मिली हार का भारत ने बदला ले लिया। रविवार को जब टीम इंडिया ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान को बुरी तरह से रौंदा तो क्रिकेट प्रेमियों के दिलों को ठंडक महसूस हुइ। टीम इंडिया ने विाट के दमदार शतक से आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के महामुकाबले में मेजबान पाकिस्तान को हराकर टूनार्मेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी की। सऊद शकील के 62 रनों की मदद से 241 रन बनाये थे। जवाब में भारतीय टीम ने विराट कोहली के 100(नाबाद) रनों की बदौलत 6 विकेट से जीत हासिल कर ली। कोहली का यह पाकिस्तान के खिलाफ चौथा और कुल 51वां शतक है। कोहली ने 43वें ओवर की तीसरी गेंद पर चौका लगाकर शतक पूरा किया और साथ ही टीम को जीत दिला दी। इसी के साथ भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के आगामी राऊंड में पहुंच गयी है।

**भारत ने पाकिस्तान को रौंद डाला :** पाकिस्तान से मिले लक्ष्य (242) को भारत ने आसानी से हासिल कर लिया। टीम इंडिया की जीत के हीरो कुलदीप यादव, हार्दिक पंड्या, विराट कोहली और शुभमन गिल रहे।

इस महामुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को 241 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे उसने आसानी से 42.3 ओवरों में हासिल कर लिया। कुलदीप यादव ने गेंदबाजी में कमाल किया तो बल्लेबाजी में शतकवीर विराट कोहली, शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने बवाल प्रदर्शन किया। विराट कोहली के नाम अब वनडे में 51 शतक हो गए हैं, जिसे उन्होंने विनिंग चौका जड़ते हुए पूरा किया।

## प्रश्नपत्र लीक मामले की स्पेशल जांच संभव

# डिजिटल एविडेंस मिले, किसी को नहीं छोड़ेंगे : डीजीपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक परीक्षा के पेपर लीक मामले में झारखंड पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं, कई अहम डिजिटल एविडेंस बरामद हुए हैं, जिसके आधार पर छापेमारी की जा रही है। साथ ही पेपर लीक गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी की जा रही है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने साफ कर दिया है कि मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा। पेपर लीक मामले की स्पेशल जांच भी करायी जा सकती है। डीजीपी ने एसआइटी बनायी है। वहीं सीआईडी को भी जांच की जिम्मेदारी मिल सकत है।

### गिरोह का पदार्फाश गिरफ्तारियां तेज

डीजीपी ने कहा कि पेपर लीक मामले में बरामद डिजिटल डिवाइस से कई तरह की जानकारियां मिल रही हैं, जिन पर कार्रवाई की जा रही है। इसके तार कोडरमा समेत कई शहरों से जुड़े हैं। पेपर लीक में शामिल सभी लोगों पर कानून का शिकंजा कसा जा रहा है। किसी को छोड़ा नहीं जायेगा। डीजीपी ने कहा कि कुछ पुराने प्रश्नपत्र अपलोड कर अफवाह फैलाकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों को सख्त चेतावनी दी। कहा कि अगर कोई भी राज्य के मासूम बच्चों को प्रभावित करने की कोशिश करेगा तो झारखंड पुलिस उसे सलाखों के पीछे भेजेगी। पुलिस लगातार मामले पर कार्रवाई और अनुसंधान कर रही है।



## केंद्र पर झारखंड का कोई बकाया नहीं : शेखावत

**रांची।** झारखंड दौरे पर आये केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने झारखंड सरकार पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा है कि झारखंड का केंद्र सरकार पर कोई बकाया नहीं है। बकाये की ये सब सिर्फ भ्रामक खबरें हैं जिसे राज्य सरकार अपनी असफलता छिपाने के लिए फैला रही है। पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि झारखंड का करोड़ों रुपये केंद्र पर बकाया है, केंद्रीय मंत्री ने कहा, झारखंड सरकार जनता की नजर में फेल हो चुकी है। यही कारण है कि भ्रामक सूचनाएं फैला रही है। वह चैंबर भवन में आयोजित बजट पर चर्चा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड हो या कोई राज्य केंद्र किसी के साथ सौतेला व्यवहार नहीं करता। मुख्य वक्ता के तौर पर उन्होंने कहा कि यह बजट सभी लोगों के लिए है। इसमें मध्यम वर्ग का खास ध्यान रखा गया है। इस बजट से भारत की अर्थव्यवस्था में मजबूती आयेगी। उन्होंने दावा किया कि बजट में झारखंड को बहुत कुछ मिला है।




## कैंसर छूआछूत की बीमारी नहीं, बस सतर्क रहें : मोदी

# नशे से दूर रहें, कैंसर से बचें

### कैंसर हॉस्पिटल की आधारशिला

**गढ़ा (छतरपुर)(एजेंसी)।** केंद्र सरकार की ओर से कैंसर के प्रति जागरुकता के लिए लगातार उठाये जा रहे कदमों के बीच पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि कैंसर कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है, बस इसे लेकर जागरुक रहने की आवश्यकता है। वह मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले स्थित बागेश्वर धाम में बनने जा रहे कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कैंसर के लिए मेडिकल इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर की डिजिटल तरीके से आधारशिला रखी। पीएम ने लोगों को कैंसर के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि ये कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है। उन्होंने कहा कि कैंसर बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, पान-मसाले और ऐसे ही सामान से फैलता है, जरूरी है कि हम इस प्रकार के हर नशे से दूर रहें। मोदी ने धीरेन्द्र शास्त्री को छोटा भाई बताया और कहा कि बागेश्वर धाम में लोगों को भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा।

(शेष पेज 11 पर)



### पीएम मोदी ने निकाली बागेश्वर बाबा की पर्ची

पीएम मोदी ने हास परिहास करते हुए कहा कि अब तक पंडित धीरेंद्र शास्त्री ही सबकी 'पर्ची' निकालते रहे हैं, पर क्या वे अकेले ही पर्ची निकालेंगे। हनुमान दादा के चरणों में आया तो मुझे लगा कि मैं भी निकाल पाउंगा। मैनें भी पर्ची निकाली और यह पर्ची उनकी माताजी की निकली। पीएम मोदी ने कहा कि धीरेन्द्र शास्त्री की बारात में भी आऊंगा और इस अस्पताल के उद्घाटन में भी आऊंगा। माता जी की मनोकामना की पर्ची में उनके मन की बात को सबके सामने लेकर आये हैं। उनकी माता जी से मुलाकात की और कहा कि वे उनकी 'पर्ची' खोल रहे हैं। माता जी के मन में चल रहा है कि उनके बेटे (पंडित शास्त्री) का ब्याह हो जाये।

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र से पहले प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने की बैठक, कहा

# पार्टी अगले एक साल का कैलेंडर बनायेगी विधायकों व मंत्रियों को करना होगा अमल

- कांग्रेस विधायक दल ने बैठक में बनायी रणनीति
- मंत्रियों और विधायकों को दिया गया टास्क



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र से पूर्व रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की बैठक सर्किट हाउस के कॉन्फ्रेंस हॉल में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश थे। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू ने सभी कांग्रेस विधायकों को निर्देश दिया कि सत्र के दौरान हर दिन पार्टी विधायकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति होनी चाहिए।

मीडिया से बातचीत में प्रदेश प्रभारी के. राजू ने कहा कि बैठक में विस्तार से कुछ बिंदुओं पर चर्चा हुई जिस पर निर्णय लिये गए। उन्होंने बताया कि इसके तहत कांग्रेस के 12 विधायकों को दो-दो जिलों का जिम्मा दिया गया है। जिन विधायकों को जिलों की जिम्मेदारी दी गई है उन्हें हर महीने जिला में जाकर जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व निर्धारित बैठक में उपस्थित रहना है। जिले के किन मुद्दों को सरकार के स्तर तक ले जाना है उन मुद्दों का पता करेंगे। विधायकों द्वारा जिलों में की जाने वाली बैठक के एक वर्ष का कैलेंडर तैयार कर उन्हें दिया जाएगा ताकि वह प्रत्येक महीने बैठक कर सके।

### झारखंड में भी जातीय जनगणना करायी जाये

प्रदेश प्रभारी ने विधायकों से कहा कि सोमवार से शुरू हो रहे बजट सत्र में कांग्रेस के सभी विधायक मजबूती से सदन में रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि झारखंड में भी जातीय जनगणना हो ताकि सभी समुदायों को पता चले कि उनकी आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक स्थिति क्या है। जातीय जनगणना के बारे में सरकार के पास अपनी बातों को हम रखेंगे।

### मंत्रियों की होगी प्रमंडल की जिम्मेवारी

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने बताया कि कांग्रेस कोटे के चारों मंत्रियों के बीच पांचो प्रमंडल का बंटवारा कर उन्हें जिम्मेवारी दी जाएगी। वे प्रमंडल में जाकर वहां के जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के मुद्दों को सुनेंगे ताकि उन्हें सरकार तक पहुंचाया जा सके। वहीं विधायकों की बैठक प्रत्येक महीने विधायक दल नेता की उपस्थिति में होगी। विधायक दल नेता अगले वर्ष 1 वर्ष का कैलेंडर तैयार करेंगे कि किस महीने किस विधायक के क्षेत्र में बैठक होगी। विधायक दल की बैठक प्रत्येक विधायक के क्षेत्र में होगी, इस बैठक के बाद सभी विधायक संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन करेंगे और बैठक में जो मुद्दे चर्चा में आएंगे उस पर बात करेंगे।

**सत्र को लेकर विधायक गंभीर : प्रदीप यादव** : कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि बजट सत्र महत्वपूर्ण है कांग्रेस और महागठबंधन के जो मुद्दे हैं उस पर प्रत्येक विधायक गंभीर है। संगठन ने यह निर्णय लिया है कि पहले से जो मुद्दे चल रहे हैं जातिगत जनगणना ओबीसी आरक्षण इसे फिर से सरकार के समक्ष जागृत करेंगे। ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव केंद्र ने क्यों लटका कर रखा है, सरकार इसका समाधान तलाशेगी।

**संगठन सशक्तिकरण में विधायकों का येगदान जरूरी : कमलेश**
प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन को किस तरह ग्रास रूट तक मजबूत किया जाए और विधायकों के योगदान पर चर्चा हुई। नगर निकाय चुनाव सहित आम लोगों के मुद्दों पर भी चर्चा हुई। आगामी बजट सत्र में कांग्रेस विधायकों की भूमिका पर चर्चा कर मुद्दों को पटल पर रखने का निर्णय लिया गया। सरकार के संज्ञान में जनता के मूल समस्याओं और उसके समाधान को लाना है।

## प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने बोर्ड-निगम एवं अग्रणी मोर्चा के कार्यों की समीक्षा की

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कांग्रेस कोटा के विभिन्न बोर्ड निगम आयोग के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष एवं सदस्यों तथा कांग्रेस अग्रणी मोर्चा संगठन के अध्यक्षों प्रकोष्ठों, विभाग के अध्यक्षों और जिला अध्यक्षों की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू थे।

बैठक में सभी बोर्ड निगमों के अध्यक्षों से उनके कार्यकाल के दौरान हुए कार्यों तथा आगे आने वाले समय में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी ली गयी। बैठक में आवास बोर्ड, धार्मिक न्यास बोर्ड, अल्पसंख्यक आयोग, बाल संरक्षण अधिकार आयोग, मार्केटिंग बोर्ड, गौ सेवा आयोग के कार्यों उनके अधिकारों और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा और समीक्षा की गई।

बैठक में के. राजू ने बोर्ड और निगम के कार्यों में गति लाने को कहा। कार्यों में शिथिलता और कोताही नहीं चलेगी। अगर कार्यों के निर्वहन में कोई परेशानी हो तो उसे सरकार के समक्ष रखकर उसके निराकरण का प्रयास करें।

के राजू ने अग्रणी मोर्चा विभाग प्रकोष्ठ और जिला अध्यक्षों को बूथ, ग्राम पंचायत, मंडल स्तर तक जाना होगा, संगठन को मजबूत करने का यह सुनहरा अवसर है। जन समस्याओं को सरकार के माध्यम से दूर कर जनता के बीच अपनी पैठ बढ़ायी जा सकती है। विपक्ष हमेशा हमें कमजोर करने की साजिश रचता है। विपक्ष की मानसिकता को सांगठनिक मजबूती से ही चोट पहुंचाई जा सकती है।

केशव महतो कमलेश ने कहा कि अपने पद को जनता की पूंजी मानकर इसका उपयोग करें। आम लोगों की समस्याओं का जितना समाधान होगा कांग्रेस जनता के बीच अपनी उतनी ही विश्वसनीयता बनाएगी। संगठन के कार्यकर्ताओं के माध्यम से अपने-अपने संस्थाओं के क्षेत्राधिकार के अंदर आने वाली समस्याओं को दूर करने की दिशा में त्वरित पहल करें। संगठन का जो कार्यकर्ता संगठन सृजन के लिए काम करेगा उसे संगठन की ओर से सम्मान निश्चित मिलेगा।

बैठक में प्रमुख रूप से मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान सदस्य अभिलाष साहू अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ज्योति सिंह मथारू सदस्य एम तौसीफ वारिस कुरैशी धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्रा बाल संरक्षण अधिकार आयोग के सदस्य उज्जवल तिवारी वक्त बोर्ड के सदस्य शकील अख्तर अभिजीत राज गुंजन सिंह विनय उरांव नेलीनाथन उपस्थित थे।

## राशन कार्ड से कटेगा 11 लाख लाभुकों का नाम !

केवाइसी नहीं होने से रद्द कर दिये जायेंगे कार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया को अनिवार्य कर दिया है। इसकी अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित की है। खाद्य आपूर्ति विभाग के अनुसार, राज्य में अभी भी 11 लाख 64 हजार 649 राशन कार्डधारी ऐसे हैं, जिनका ई-केवाईसी पूरा नहीं हुआ है। यदि समय रहते यह प्रक्रिया पूरी नहीं की जाती है, तो इनका राशन कार्ड रद्द किया जा सकता है।

**कौन-कौन राशन कार्ड धारकों को कराना होगा ई-केवाईसी ?**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पीएच (गुलाबी कार्ड), एएवाई (पीला कार्ड) के अलावा राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आने वाले हरे राशन कार्ड और अन्य सभी कार्डधारी परिवारों के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी अनिवार्य किया गया है। सरकार का यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि केवल वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

## पलामू के तत्कालीन डीएसआर अशोक सिन्हा पर बैठी जांच, होगी कार्रवाई

- खनन पट्टा रजिस्ट्री में वित्तीय अनियमितता बरतने का मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** खनन पट्टा निबंधन में गड़बड़ी किए जाने का अब खुलासा होने लगा है। पाकुड़ की दो कंपनियां डब्ल्यूबीपीडीसी और पीएसपीसीएल के पक्ष में सात अगस्त 2019 को निबंधित एक विलेख से 922320000/- की वसूली की कार्रवाई शुरू की गयी है। वहीं, अब गलत तरीके से खनन पट्टा देने के मामले पर अधिकारियों पर भी कार्रवाई शुरू की गयी है। राज्य सरकार ने पलामू जिला में मे. अरन्या माइंस के पक्ष में बिना प्रीमियम की राशि पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क प्राप्त किए ही खनन पप्ता के निबंधित करने के आरोप में तत्कालीन जिला अवर निबंधक (डीएसआार) पलामू अशोक कुमार सिन्हा पर कार्रवाई करने का फैसला लिया है। अशोक कुमार सिन्हा वर्तमान में जिला अवर निबंधक पश्चिमी सिंहभूम के पद पर कार्यरत है। उनके विरुद्ध पलामू डीसी ने चार जनवरी 2025 को ही आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की है। इसी आलोक में विभाग ने प्रारंभिक जांच करायी है।

डीसी के आरोप पत्र में अशोक सिन्हा के द्वारा घोर वित्तीय अनियमितता करने का स्पष्ट उल्लेख है। इस कारण भारी राजस्व की क्षति भी हुई है। पूरे मामले की जांच पर अशोक कुमार सिन्हा पर विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया है।

विभागीय कार्यवाही संचालन के लिए सेवानिवृत भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी इकबाल आलम अंसारी को नामित किया गया है, वहीं अपर समाहर्ता पलामू को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी बनाया गया है। इस संबंध में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। बताते चलें कि वर्तमान जिला अवर निबंधक, पलामू द्वारा भी सरकार को बताया गया कि मे. अरन्या माईंस और हिंडाल्को लि. से संबंधित वसूली के लिए उपसमाहर्ता, पलामू के माध्यम से सूचित करते हुए कार्रवाई तेज की गयी है। इसके अलावा और भी कई कंपनियों से वसूली करने की प्रक्रिया तेज की गयी है।

## राजद के सदस्यता अभियान में सैकड़ों लोग सदस्य बने

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के कोकर स्थित रामलखन सिंह यादव कॉलेज रांची के समीप रविवार को राजद नेताओं ने सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव प्रणय बबलू अर्जुन यादव मनोज अग्रवाल संतोष प्रसाद अरुण यादव, जीतू यादव ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों लोग राजद का सदस्यता लिया। तमाम लोगों को राजद महासचिव कैलाश यादव ने सदस्यता दिलाई।

इस मौके पर कैलाश यादव ने कहा कि रांची महानगर में 50 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विदित है कि राजद का सदस्यता अभियान राज्य के सभी जिलों में तेजी से चल रहा है। राजद अध्यक्ष लालू यादव एवं युवा हृदय सम्राट तेजस्वी यादव के विचारधारा और राजद का नीति सिद्धांत को सदस्यता अभियान के माध्यम से वार्ड से पंचायत तक लोगो को बताने काम किया जा रहा है।

कार्यक्रम में इस दौरान रामकुमार सिंह यादव, सुधीर गोप, अधिवक्ता कृष्ण कुमार, श्याम सुंदर यादव, सुनील टोप्पो, विभाकार कुमार, ललन यादव, कपिलदेव सिंह, अनिल सिंह, वीना देवी, लक्ष्मी देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## हिट एंड रन मामले में मृतक के परिजन को बेवजह न दौड़ाया जाये : दीपक बिरुवा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि मुख्य मार्ग में होनेवाले हिट एंड रन के तहत मृतक के पीड़ितों को मुआवजा के लिए दौड़ना न पड़े, इस पर खास ध्यान दिया जाये। साथ ही विभाग के कर्मी पदाधिकारी इससे संबंधित लंबित मामलों को तत्काल दूर करने की दिशा में कार्रवाई तेज करें। उक्त बातें मंत्री दीपक बिरुवा ने सनिवार को चाईबासा में कही। मंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हमेशा देखने सुनने को मिलता है कि अमुख जिले में सड़क दुर्घटना होने के सालों बाद भी मामला थाना में ही अटका पड़ा है। पुलिस पदाधिकारी भी दुर्घटना संबंधित मामलों के निपटारे में तेजी लायें।

**जर्जर सड़कों की उड़ती धूल पर भी ध्यान देने की जरूरत :** मंत्री ने कहा कि सड़कों में हिट एंड रन का मामला हो या फिर कई जगहों की जर्जर सड़कों और उससे उड़ती धूल से दुर्घटना की बात। ऐसे तमाम हालत में कैसे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आये, इसके लिए विभाग ईमानदारी से काम करे।

**चिन्हित हॉट स्पॉट में तैनात कर्मी पदाधिकारी रहें एक्टिव :** उन्होंने कहा कि कहीं-कहीं हाइवे और मुख्य मार्ग में छोटे गड्ढों के कारण भी आसमयिक दुर्घटना का सामना करना पड़ता है। मुख्य मार्ग में ऐसे चिन्हित हॉट स्पॉट के कर्मी नजरें बनाये रखें। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

**आमजनों की तर्ज पर अपनत्व अपनायें कर्मी-पदाधिकारी :** मंत्री ने कहा कि कई जगहों से सूचना मिलती है कि अमुख जगह में सड़क दुर्घटना हो गई है। विभागीय पदाधिकारियों को इसका कोई पता नहीं होता। ऐसी स्थिति में एनएच या अन्य मुख्य मार्ग पथ में चिन्हित स्पॉट के कर्मी पदाधिकारी संवेदना दिखायें। सड़क दुर्घटना में स्पॉट में मौजूद स्थानीय लोगों की तर्ज पर यदि विभागीय कर्मी पदाधिकारी समेत हर कोई अपने दायित्व को समझें।

### बाबूलाल का बयान संकीर्ण मानसिकता वाला : तनवीर

**रांची।** बाबूलाल मरांडी द्वारा मंत्री हाफिजुल हसन और इरफान अंसारी को लेकर दिया गया बयान संकीर्ण मानसिकता और कुम्भ की सचाई से मुँह मोड़ने वाला है। सामाजिक कार्यकर्त्ता तनवीर अहमद ने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने हफीजुल हसन और इरफान अंसारी पर महाकुंभ को लेकर भ्रामक बयान देने और माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया है। उन्होंने इन मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग भी की है। बाबूलाल मरांडी का यह बयान उनकी संकीर्ण मानसिकता और घटिया राजनीतिक वाला है।

## ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने के प्रस्ताव को लोस में उठायें झारखंड के सांसद : राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** ओबीसी सांसदों से राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा मांग करता है कि झारखंड सरकार के द्वारा भेजी गई आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव को नौंवीं अनुसूची में डालने की आवाज को लोकसभा में बुलंद करें। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि सितंबर में सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को ज्ञापन सौंप कर ओबीसी आरक्षण बढ़कर 9वीं सूची में डालने की मांग की थी, परंतु इस विषय पर सांसद गंभीर नजर नहीं आये। पुनः राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा उन्हें स्मार पत्र देकर ओबीसी आरक्षण बढ़कर नौंवी अनुसूची में डालने सहित अन्य मांगों को लेकर सांसदों का घेरा जाएगा। राज्य में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने को लेकर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने कई आंदोलन किया। तत्पश्चात राज सरकार ने दो बार कैबिनेट में और विधानसभा से पारित कर राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को 9वीं सूची में डालने के लिए भेजा है, परंतु उस पर केंद्र सरकार गंभीर नहीं है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी से भी आग्रह करता है कि ओबीसी के आरक्षण पर न्याय करें। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष एस एन सिंह, महासचिव रामावतार कश्यप, सचिव रामलखन सह, पलामू प्रभारी अशोक सक्सेना शामिल थे।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि तीव्र बुनियादी विकास पर खड़ा हो रहा विकसित भारत का भव्य महल

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ते भारत का हाइवे है केंद्रीय बजट : गजेंद्र सिंह शेखावत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रविवार को चैंबर भवन में केंद्रीय बजट 2025-26 पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र बाबूलाल मरांडी एवं विधायक सीपी सिंह थे। मौके पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, दीपक बंका, वरुण साहू, जेपी शर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह शेखावत ने बजट पर कहा कि यह केंद्रीय बजट विकसित भारत का हाइवे है। इसपर बढ़ते भारत, बदलते भारत की गाड़ी तेज रफ्तार से दौड़ रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का रोडमैप सुधारों को ईंधन और समावेशिता को मार्गदर्शक मानते हुये विकसित भारत की गति निर्धारित करने का लक्ष्य बनाया है। उन्होंने कहा कि यह बजट स्वीकार करता है कि देश की शक्ति उसकी भूमि में नहीं बल्कि उसके लोगों में होती है। इसलिये सभी वर्गों के समावेशी विकास के माध्यम से सबका साथ, सबका विकास साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट चार प्रमुख इंजनों द्वारा संचालित है। इसमें ग्रामीण समृद्धि केलिये कृषि, उद्यमिता और रोजगार सृजन केलिये एमएसएमई, बुनियादी ढांचे और नवाचार के लिए निवेश और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के साथ निर्यात प्रमुख है। उन्होंने कहा कि इस बजट का लक्ष्य छः आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है। इसमें विकास को गति देना, समावेशी विकास को सुरक्षित करना, भारत के मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को बढ़ाना, निजी क्षेत्र के निवेश को प्रेरित करना और घरेलू भावना को मजबूत करना शामिल है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये। इसके कारण देश में तेजी से मध्यम वर्ग बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार बेहतर भविष्य केलिये मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने पर जोर दे रही है। मोदी सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर कर कटौती की सीमा पचास हजार से बढ़ाकर एक लाख कर दिया। टीडीएस की वार्षिक सीमा 6 लाख कर दी। जीरो टैक्स की सीमा 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख की। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ती महंगाई के बावजूद भारत एक अपवाद बनकर उभरा है। कोविड काल की वैश्विक आपदा को भी मोदी सरकार ने अवसर में बदल दी। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास के लिए मोदी सरकार संकल्पित है। कांग्रेस की सरकारों की तुलना में देखे तो 300 प्रतिशत ज्यादा राशि मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में उपलब्ध कराये हैं। उन्होंने कहा कि 2004 से 14 के बीच झारखंड को जहां 56090 करोड़ रुपये मिले थे, जो 2014 से 24 के बीच 2,26, 444 करोड़ रुपये हो गये। उन्होंने कहा कि झारखंड में आयुष्मान भारत योजना के तहत राज्य के 1.24 करोड़ लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिली है। 39 लाख परिवारों को उज्जवला योजना से मुफ्त गैस सिलिंडर की सुविधा मिली है। झारखंड के 2.64 करोड़ लोग गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ ले रहे हैं। राज्य में 9.7 लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त हाइवे, रेलवे, वायुयान सेवा, एम्स का निर्माण के क्षेत्र में झारखंड को लगातार प्राथमिकता मिल रही है। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बढ़ता भारत, बदलता भारत मोदी सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश भर में बुनियादी ढांचों को मजबूत कर रही है। झारखंड में भी सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बदलता परिदृश्य केंद्र सरकार की देन है। मोदी सरकार बिना भेदभाव के योजनाएं धरातल पर उतर रही है।

कार्यक्रम में पद्मश्री मुकुंद नायक, संजीव विजयवर्गीय, शिवपूजन पाठक, राहुल अवस्थी, उषा पांडे, जितेंद्र वर्मा, विनय सिंह, संजीव चौधरी, राजू सिंह, सुरेश प्रसाद, पायल सोनी, रोमित नारायण सिंह, प्रकाश साहू, रवि मुंडा, धर्मेंद्र सिन्हा, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, मनोज बक्शी, अरुण कुमार सिन्हा, डॉ रामदीन, विकास पोद्दार सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## प्रकृति और संस्कृति से भारत महान : बाबूलाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को हरमू मंडल स्थित विद्यानगर में कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी शामिल हुये। श्री मरांडी ने कहा कि मन की बात का 119वां संस्करण भारत की प्रकृति और संस्कृति को समाहित किये हुये थी। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति महिला सम्मान की है। नारी तू नारायणी की हमारी विरासत है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की भौगोलिक रचना प्रकृति की सुरक्षा और संरक्षण से जुड़ा है। बाघों का संरक्षण मानवता का संरक्षण है। प्रकृति पर ही मानवता टिकी है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम एक अनूठा कार्यक्रम है। इसकी प्रतीक्षा जनता एक महीने तक करती है। उन्होंने कहा कि बढ़ते मोटापा को लेकर प्रधानमंत्री जी की चिंता यह दर्शाती है कि वे देश वासियों के स्वास्थ्य के प्रति कितने चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना में स्वस्थ भारत भी शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संबोधन जनता केलिए एक शासक की तरह नहीं बल्कि अभिभावक की तरह होता है। कार्यक्रम में दीपक बंका, वरुण साहू, कुमार अमित, केके गुप्ता, इंद्रजीत यादव, जितेंद्र वर्मा, अरुण झा सहित अन्य शामिल थे।

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सोमवार 24.02.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 304

epaper.khabarmantra.net

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### जिप प्रतिनिधि जितेश ने किया निर्माण कार्य का शिलान्यास

**सिजुआ।** मालकेरा दक्षिण पंचायत में अवस्थित दुर्गा मंदिर के सामने पेवर ब्लॉक बिछाया जाना है। यह कार्य जिला परिषद के 15वें वित्त योजना के तहत होना है। रविवार को इस कार्य का शिलान्यास जिप प्रतिनिधि जितेश रजवार ने किया। मौके पर मुखिया विनोद रजक व अंजना देवी, पंसस रीता देवी, भाजपा नेता राकेश सिंह, टिंकू तिवारी, सुभाष वर्मा, महमूद आलम, विजय रजक, चौबे महतो, संतोष कुमार, संतोष प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

### रुद्र महायज्ञ को ले निकली जलयात्रा



**महुदा।** महुदा पंचायत पावर हाउस शिव मंदिर में पांच दिवसीय महारुद्र यज्ञ कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। यात्रा में 108 कुमारी कन्याएं एवं महिलाएं कलश लेकर बाजे-गाजे के साथ पावर हाउस शिव मंदिर से दामोदर नदी भाटडीह घाट पहुंचे। आचार्य गौतम कुमार पाण्डेय, मृत्युंजय पाण्डेय व मथुरा प्रसाद पाण्डेय द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरण कराया। मुख्य यजमान अर्जुन राउत व उनकी धर्म पत्नी ललिता देवी थी। कलश में जल लेकर वापस मंदिर पहुंचे। जहां विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर मण्डप प्रवेश किया। यह यज्ञ 23 फरवरी से 27 फरवरी तक चलेगा। राधु राय, संदीप राउत, कुलदीप भुईयां, राधु राय, सन्तोष कुमार, मुखिया बदरुद्दीन अंसारी, मनीष राय, बिजय कुमार, मन्टु शर्मा, नकुल राउत, अनुपा देवी, राधा कुमारी, बबिता देवी, अनु देवी, आशा देवी, अनिता देवी, अंजली कुमारी, ज्योति कुमारी सतीश राउत के अलावा सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

### चक्का जाम आंदोलन मे जोगता नागरिक समिति ने लगाया जोर



**सिजुआ।** जोगता फिल्टर प्लांट को चालू कराने सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर 28 फरवरी को मोदीडीह कोलियरी में प्रस्तावित चक्का जाम अंदोलन को सफल बनाने के लिए जोगता नागरिक समिति ने पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को समिति सदस्यों ने जोगता आंबेडकर नगर में बैठक की। समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा ने हक पाने के लिए आंदोलन में बढ़चढ़ भाग लेने की अपील लोगों से की। शंकर पासवान, मनोज कालिंदी, अलखी देवी, राजो देवी, बुधन भुईयां, मनोज पासवान, लूटी यादव, राम बालक यादव, राजेश भुइयां, अक्षय लाल भुइयां, शंभू यादव, बिंदिया देवी, अकसीया देवी, चान मुनी देवी, गुड़िया खातुन, कौशल्या देवी आदि उपस्थित थे।

## नगर निगम ने दी 50 हजार से अधिक बकायेदारों को नोटिस

# सात दिन में करें जल कर का भुगतान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** शहरी क्षेत्र में बड़े संस्थानों के साथ साथ घरेलु कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ता वाटर टैक्स जमा करने में रूचि नहीं ले रहे है। इसे देखते हुए नगर निगम ने सख्त कदम उठाया है। 50 हजार से अधिक बकायेदारों को नोटिस भेजा गया है। सभी को सात दिनों के भीतर भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। निगम के अधिकारियों ने तय समय पर भुगतान नहीं करने पर कठोर कदम उठाने की बात कही है। जिसमें जल आपूर्ति बाधित करना या अन्य कानूनी कार्रवाई शामिल हो सकती है। इसके लिए नगर आयुक्त ने 28 फरवरी को विभागीय अधिकारियों की बैठक बुलाई हैं। बैठक के बाद आगे की कार्यवाई करने की बात कही जा रही है।

**38 हजार उपभोक्ता, 22 हजार ही देते हैं टैक्स**

**धनबाद रेल डिवीजन पर 13 करोड़ है बकाया**




निगम के आंकड़ों के अनुसार, शहर में सप्लाई पानी का वैध कनेक्शन लेने वाले 38 हजार उपभोक्ता हैं। लेकिन इनमें से सिर्फ 22 हजार उपभोक्ता ही नियमित रूप से वाटर टैक्स का भुगतान करते हैं। शेष बचे लोग वाटर टैक्स का भुगतान करना जरूरी नहीं समझते है।

बड़े संस्थानों की बात करे तो धनबाद रेल मंडल पर निगम का 13 करोड़ रुपये का जल कर बकाया है। इसके अलावा, सिंदरी पर 4 करोड़ रुपये, एवं शांति भवन क्षेत्र पर 17.50 लाख रुपये का बकाया है। कुल 1130 ऐसे उपभोक्ता है जिनके पास करीब 25 करोड़ रूपया बकाया है।

# मजदूरों का शोषण बर्दाश्त नहीं: अरूप चटर्जी

### ईसीएल मुख्यालय में बीसीकेयू शाखा का गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुमारधुबी।** बिहार कोलयरी कामगार यूनियन की सकतोड़िया अस्पताल के समक्ष ईसीएल मुख्यालय में कार्यरत कर्मियों की सभा को रविवार हुई। सभा को संबोधित करते हुए बीसीकेयू के महामंत्री व जेबीसीसीआई सदस्य निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि हमारी यूनियन अपने स्थापना कल से ही मजदूरों की लड़ाई लड़ती आ रही है। अपितु झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में इसका बहुत बड़ा योगदान है। इसके नाम के साथ मजदूरों का भावनात्मक लगाव है, इसलिए हम लोगों ने झारखंड बनने के बाद भी यूनियन का नाम बिहार कोलियरी कामगार यूनियन ही रखा। श्री चटर्जी ने कहा कि किसी भी कीमत पर मजदूरों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं यूनियन के केंद्रीय सचिव सह मुगमा क्षेत्रीय अध्यक्ष आगम राम ने कहा कि मजदूरों की एकता ही हमारी ताकत है, मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई के लिए विधायक गुरुदास चटर्जी के साथ हमारे अनेक साथी शहीद हो गए। मजदूरों का स्वाभिमान हीं हमारी पहली प्राथमिकता है। वहीं मंच का संचालन युवा मजदूर नेता रामजी यादव व बापी गोप ने किया। अंत में बीसीकेयू के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई। जो इस प्रकार है- राजकुमार महतो अध्यक्ष, नेभा गोष, चनदीप यादव, सुदामा सिंह उपाध्यक्ष, रंजीत हेला संयुक्त सचिव, अजय पासवान संगठन सचिव, व कोषाध्यक्ष सह कोषाध्यक्ष चुना गया।



# मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, 10 पिस्टल व हथियार बनाने वाले उपकरण बरामद

## पुलिस ने 6 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के जमुआ थाना क्षेत्र में पुलिस ने हथियार बनाने वाली एक फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही हथियार बनाने की कई सामग्रियां भी बरामद की हैं। फैक्ट्री में पिस्टल यानी देशी कट्टा आदि का निर्माण किया जाता था। पुलिस ने घटनास्थल से बनी हुई लगभग 10 नयी पिस्टल के साथ हथियार बनाने वाली अन्य सामग्रियां बरामद की है। जमुआ थाना क्षेत्र के चपरियामो गांव में पिछले कुछ माह से पिस्टल समेत अन्य हथियार बनाने का काम चल रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शनिवार की देर रात छापेमारी की और मिनी गन फैक्ट्री का पता लगाया। यह फैक्ट्री एक नवनिर्मित भवन में संचालित किया जा रहा था। इस भवन में मुंगेर से मिस्त्रियों को बुलाकर हथियार तैयार करवाया जाता था। पुलिस ने इस स्थल से हथियार बनाने वाले लोहे के कई सांचे, ड्रिलिंग मशीन, जेनरेटर समेत अन्य सामग्रियां बरामद की हैं। छापामारी के दौरान घटना स्थल से पिस्तौल बनाते हुए 06 लोगों को गिरफ्तार किया गया, इस संबंध में जमुआ थाना कांड सं०37/2025,दि.23.02.2025यू/एस25(1बी)(ए)/26(i)/25(1-ए)/25(1-एए)/26(ii)/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है।कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध अग्रत्तर कार्रवाई की जा रही है।



### फैक्ट्री में देसी पिस्तौल बनाया जा रहा था: एसपी

गिरिडीह पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने बताया कि शनिवार रात्रि में गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि जमुआ थाना क्षेत्र के ग्राम चपरयामो में मो दयमुद्धिन के घर में अवैध मिनी गन फैक्ट्री संचालित कर देसी पिस्तौल बनाया जा रहा है। घटना के उद्भेदन को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खोरीमहुआ राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में एटीएस झारखंड और बंगाल एसटीएफ के पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य पुलिसकर्मियों की टीम तैयार की गई। छापेमारी टीम द्वारा मिली सूचना के आधार पर अर्धनिर्मित मकान में छापेमारी किया। 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही स्थल से पिस्तौल बनाने की विभिन्न सामग्री को बरामद किया गया।

एक नजर में

### बीबीएमकेयू के यूथ फेस्टिवल पर उठ रहे सवाल



**धनबाद।** बीबीएमकेयू के युवा महोत्सव के टीम मैनेजर पर सवाल उठ खड़े हुए है। अभिभावक सह उपाध्यक्ष झारखंड अभिभावक महासंघ झारखंड के कुमार मधुरेंद्र सिंह ने बीबीएमकेयू कुलपति, डी एस डब्लू, राजभवन अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को ज्ञापन भेजा है। वही ज्ञापन में लिखा है, गुरुनानक कॉलेज के प्राचार्य को लिखा है कि हास्यप्रद भी कि बीबीएमकेयू आपके यहां के छात्र छात्राओं के साथ नहीं है। आपको ज्ञात हो कि आपके छात्र छात्राओं ने क्वीज प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त किया था प्रथम श्रेणी में उस उपरांत बीबीएमकेयू के बैनर तले वो सब से 7 जनवरी 25 को प्रस्थान किए और उस दिन भी टीम मैनेजर के लापरवाही से श्री गोपाल जी के कारणों से अभिभावक के विरोध उपरांत दुसरी बस आई। करीब 11.45 में बच्चे प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु हावड़ा पहुंच पाए। उस दिन से प्रतियोगिता संपन्न हुई तब तक आपके बीबीएमकेयू के टीम मैनेजर ने आपके गुरुनानक कांलेज के छात्र छात्राओं के हित में वहां भी विचार नहीं किया। क्योंकि 12 जनवरी 25 को हुए कैटगरी में चुक हुईं और लिटरैली कैटगरी में जहां आपके गुरूनानक कांलेज के छात्र- छात्राओं और बीबीएमकेयू को तृतीय स्थान प्राप्त होना था वहां चतुर्थ स्थान दिया गया और टीम मैनेजर श्री गोपाल जी ने कोई विरोध नहीं किया।कहा कि सर्टिफिकेट और ट्रॉफी प्राप्त कर छात्र छात्राओं को सम्मानित करे।

### जेंडर आधारित हिंसा व बाल विवाह उन्मूलन पर निबंध एवं चित्रांकन प्रतियोगिता



**महुदा।** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र धोवाटांड़ में महिला मण्डल व किशोरी मंडल के साथ जेंडर एवं बाल विवाह उन्मूलन पर निबंध एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल, एवं चित्रांकन के माध्यम से जेंडर आधारित भेद भाव, हिंसा एवं बाल विवाह के कुरीतियों को दशार्या गया। इस पर रोक को लेकर ग्रामीण विकास ट्रस्ट के पुजा कुमारी, चंदा कुमारी, पुजा, माला देवी ने प्रशिक्षण दिया। ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा कि पितृसत्तात्मक समाज होने के कारण आज भी महिलाएं हाशिए पर खड़ी है। लेकिन परिवर्तन की लहर चल पड़ी है। महिलाएं आज पुरुषों के साथ समान रूप से कार्य कर रहीं हैं। सिर्फ सोच में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है, जिसकी शुरूआत अपने अपने घरों से करने की आवश्यकता है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद महतो, शीतला कुमारी, नीतू कुमारी, सुहानी कुमारी, अष्टमी कुमारी, सिमरन कुमारी, आरती कुमारी, पायल कुमारी, संजू देवी, सप्तमी देवी, पलानी देवी, मीणा देवी आदि उपस्थित थे।

### भाकपा माले की राज्य सरकार से मांग, खनिज उत्पाद एवं खनन क्षेत्रों पर कर लगाएं

**धनबाद।** भाकपा माले के प्रदेश सचिव मनोज भक्त ने राज्य सरकार से बजट सत्र में खनिज उत्पादों एवं खनन भू-क्षेत्रों पर राज्य कर लगाने की मांग की है। इससे होंने वाले आय का उपयोग संबंधित क्षेत्र में विस्थापितों और प्रभावित परिवार के विकास-पुनर्वास पर खर्च करने की सलाह दी है। रविवार को एक बयान जारी कर उन्होंने उक्त बातें कही है। साथ ही कहा है कि पंचायत कानून एवं पेसा नियमावली में मौजूद विसंगतियों तथा ग्राम सभा एवं आदिवासी समुदाय के अधिकारों को सीमित करने वाले उपबंधों को दुरुस्त करने की भी जरूरत है। वर्तमान बजट सत्र में आदिवासी समुदाय और ग्राम सभा को उनके भूमि एवं वन क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण का अधिकार, वनोपज एवं बाजारों पर ग्राम सभाओं के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए विशेष नीति बनाने की जरूरत है। राज्य सरकार का बजट, बेरोजगारी खत्म करने और मानदेय व अनुग्रह राशि पर कार्यरत कर्मियों के लिए सम्मानजनक वेतनमान लागू करने पर होंना चाहिए। साथ ही रघुवर राज की लैंड बैंक की नीति को भी खारिज किया जाना चाहिए।

### सीटू का विस्थापन और प्रदूषण के मुद्दे पर कन्वेंशन



**जोड़ापोखर।** जेलगोड़ा अतिथि गृह के सभागार में जिला स्तरीय विस्थापन और पर्यावरण पर के सीटू ने कन्वेंशन कन्वेंशन का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सीटू राज्य उपाध्यक्ष प्रकाश विप्लव ने कंवेंशन को संबोधित करते हुए कहा कि विस्थापन और प्रदूषण धनबाद सहित झारखंड की एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। जिसके चलते एक ओर स्थानीय आबादी का पलायन हो रहा है। दूसरी ओर भारी प्रदूषण के चलते यहां के लोगों को पर्यावरण संकट, जल संकट, श्वांस संबंधी बीमारी सहित कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या का हल निकालने के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति के साथ निर्णायक संघर्ष का रास्ता अपनाना होगा तभी इस संकट से निजात मिल सकता है। 11मार्च से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। विस्थापन और पर्यावरण पर उन्होंने कहा कि झारखंड में विस्थापन और पर्यावरण के मुद्दे पर दो तरह से सोचने वाले लोग हैं। एक वे लोग हैं जो अपने पूराने अनुभव से इस नतीजे पर पहुंचें हैं कि जब तक किसी भी प्रकार का खनन होगा विस्थापन और पर्यावरण की समस्या बनी रहेगी। कुछ स्वयंसेवी संस्थायें भी इसी रुख का समर्थन करती है। महामंत्री राम कृष्णा पासवान ने लिखित प्रस्ताव रखा जिस पर सुरेश प्रसाद गुप्ता सीटू राज्य पदाधिकारी, राजेन्द्र प्रसाद राजा सीटू राज्य पदाधिकारी, भारत भूषण सीटू राज्य पदाधिकारी सहित दर्जनों नेताओं ने समर्थन किया।

## ब्लॉक दो क्षेत्र में संयुक्त मोर्चा की आंदोलन की घोषणा

# मिशनरियों को दूसरे क्षेत्र में भेजे जाने का विरोध




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** बीसी सीएल के ब्लॉक दो क्षेत्र से मशीनरियों को बरोरा क्षेत्र के दामोदा कोलियरी में भेजे जाने का विरोध करते हुए संयुक्तमोर्चा ने आंदोलन की चेतावनी दी है। एबीएससीपी माइंस में हाजिरी घर के समीप संयुक्त मोर्चा ब्लॉक दो क्षेत्र के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। जिसमें ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों ने ब्लॉक दो क्षेत्र के प्रबंधन के क्रिया क्लापों का खुल कर विरोध किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ब्लॉक दो क्षेत्र प्रबंधन ने बगैर सलाहकार समिति से बात किये या बगैर विश्वास में लिए मशीन को क्षेत्र संख्या एक दामोदा भेजने का काम कर रही है। जिससे सभी मजदूर और मजदूर संगठनों में आक्रोश है। सभी ने नाराजगी व्यक्त करते हुवे कहा कि 25 फरवरी को महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सलाहकार समिति सदस्य गोपाल मिश्रा, यूसीडब्लूयू के तुलसी साह, धनबाद कॉलेज कर्मचारी संघ के चंद्रशेखर राय, उत्तम कुमार पांडे के आई एम पी के गोपाल चंद्र गोप गोप एवं धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के

# बीआईटी सिंदरी में सेक्शन आठ कंपनी के गठन की प्रक्रिया शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** झारखंड के तकनीकी संस्थानों के छात्रों के स्टार्टअप को राज्य सरकार और केंद्र सरकार प्रोत्साहित करेगी। इसके लिए बीआईटी सिंदरी में सेक्शन-8 कंपनी के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीआईटी मेसरा और आईआईटी आईएसएम धनबाद के बाद बीआईटी सिंदरी में सेक्शन-8 कंपनी के गठन की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा दी गई है। सेक्शन-8 कंपनी के 11 सदस्यीय निदेशक मंडल में जे यू टी के वाइस चांसलर डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित बी आई टी सिंदरी के स्टार्टअप सेल और विभागीय प्रोफेसर भी शामिल हैं। बी आई टी सिंदरी स्टार्टअप सेल के चेयरमैन डॉ प्रकाश कुमार ने बताया कि छात्रों को अपना स्टार्टअप सेक्शन-8 कंपनी मे निबंधित कराना होगा। स्टार्टअप की गुणवत्ता की समीक्षा सेक्शन-8 कंपनी का निदेशक मंडल करेगा। निर्धारित मानकों पर खरा उतरने के बाद निदेशक मंडल की अनुसंशा पर स्टार्टअप को राज्य अथवा केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं प्राप्त होने लगेंगी। डॉ प्रकाश कुमार ने बताया कि छात्रों के स्टार्टअप को तकनीकी सहयोग और वित्तीय सहयोग भी प्राप्त होगा। जिससे भविष्य में स्टार्टअप डेवलप हो सके। बताते चलें कि शुक्रवार को राज्य सरकार के तकनीकी निदेशक डॉ सुनिल कुमार ने संस्थान के इक्यूबेशन सेंटर में छात्रों द्वारा निमार्णाधीन स्टार्टअप की जानकारी छात्रों से प्राप्त की थी।



### स्पर्धा त्रिवेणी के प्रतिभागी सम्मानित

आई एस टी ई बी आई टी सिंदरी में टेक महोत्सव 2024 के अंतर्गत आयोजित स्पर्धा त्रिवेणी महोत्सव निदेशक डॉ पंकज राय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। त्रिवेणी के प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए प्रोफेसर इंचार्ज डॉ बी डी यादव ने विद्यार्थियों को तकनीकी प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए प्रेरित भी किया। डॉ यादव ने नवाचार और सतत प्रयासों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जीतना एक आदत बननी चाहिए। त्रिवेणी के अंतर्गत एस्केप द रुम, मोस्ट इंटेलिजेंट ब्रांच, एक्सेलरेट, स्मार्ट सिटी चैलेंज, टेक्नोशॉट और एग्जिबिटो सदृश तकनीकी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किया गया।

# स्त्री अपने पति में ही देवत्व स्थापित करे : उत्तम कृष्ण शास्त्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुमारधुबी।** धर्म उत्थान समिति की ओर से जुनकुंदर ब्रह्मस्थान स्थित मंगल मूर्ति धाम में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के पांचवे दिन रविवार को उत्तम कृष्ण शास्त्री (वृंदावन) ने श्री कार्तिकेय, गणेश जन्मोत्सव व विवाहोत्सव और माता पार्वती के पूर्व मां मैना द्वारा दी गई उपदेश की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि शिव विवाह से पहले उनके सांप, भस्म जैसे अद्भुत श्रृंगार से संसारियों को ज्ञान होता है। विदाई से पूरे माता मैना ने पार्वती को उपदेश कि एक नारी के लिए पति ही भगवान होते है। इसलिए नारी को चाहिए कि वह अपने पति में ही देवत्व को स्थापित करें। अपने आचरण से परिवार को प्रसन्न करें। नारी का जीवन सदैव त्यागशील रहा है। एक स्त्री को अपने भाई, पिता, पति, पुत्र सानिध्य में रहना चाहिए। पति को भी पत्नी के दुख सुख में साथ दे। उन्होंने कहा कि आज समाज में ठीक इसके विपरित स्थिति बन गई है। अपने बच्चों को यह सब शिक्षा नहीं दे पा रही है। माइके में अत्यधिक हस्तक्षेप के कारण परिवार बिखर रहे हैं। अध्यधिक मोबाइल पर बात करने से पारिवारिक जीवन पर ध्यान नहीं दे पाती है। जो परिवार के टूटने का कारण बन रहा है। इसलिए माता पिता को बेटी की पारिवारिक जीवन में अत्यधिक हस्तक्षेप न करें। उसे स्वयं सही गलत का निर्णय लेने का योग्य बनाएं। इस प्रकार माता मैना और हिमाचल राज ने पार्वती को दान दहेज देकर विदा किया। पिता द्वारा प्रसन्नता से दिया गया दान दहेज का रुप माना जाता है। उन्होंने कहा कि दहेज मांगने वाले समाज से बचना चाहिए। क्योंकि दहेज रुपी कुरीतियों से हमारी बेटियां प्रताड़ित हो रही है। इसलिए समाज के लोगों को बेटियों को सम्मान और समन्वय स्थापित करने के लिए दहेज नहीं मांगना चाहिए। मुख्य यजमान अजय सिंह, उनकी पत्नी रीता सिंह, मनोज सिंह, उनकी पत्नी प्रतिभा सिंह थे। आचार्य मनीष शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना कराई।





मौके पर पुजारी रितेश पांडेय, अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, उपाध्यक्ष भरत सिंह, काजल चक्रवर्ती, सुभाष सिंह, पंडित रामजी पांडेय, सदन सिंह, वीरेंद्र गोस्वामी, गोपाल सिंह, गुड्डु सिंह, रिंटू पाठक, राजू चौहान, इंद्रदेव प्रसाद, वीरेंद्र अटल, भोला चौहान, पप्पू शर्मा, दनोज ठाकुर, मंटू ठाकुर, शैलेश सिंह, रामप्रवेश ठाकुर, अरुण मोदी, वीरु राय, रवि महतो, शीतल राय चौधरी, संतोष प्रसाद, बाबन मित्रा, संजय चौधरी, राजेश्वर साव, अखिलेश यादव, धीरज सिंह, राजू रक्षित, कमलेश यादव, ब्रह्मदेव गोप, स्वरुप सरकार, कमलदीप चौहान, संजय चौहान, सुदामा प्रसाद, बुबाई मुखर्जी, आदित्य, ललकू रवानी, यश, अमन, राजा, आयुष, सदानंद ठाकुर, सरगुन ठाकुर, सोनू राय आदि थे।

## स्पीड न्यूज

### सतबरवा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद का किया स्वागत



सतबरवा पलामू। प्रयाग राज कुंभ से रांची लौटने के क्रम में राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश का स्वागत भाजपा कार्यकर्ता के द्वारा सतबरवा स्थित कंचन ढाबा के पास अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, महामंत्री चंचल यादव, शबीर अहमद, शंकर पासवान, बिजय सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### सोना सोबरन योजना के तहत लुंगी धोती साड़ी का हुआ वितरण



हुसैनाबाद पलामू। हैदरननगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकही में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश ठाकुर के निर्देश पर जन वितरण प्रणाली विक्रेता प्रदीप कुमार के दुकान पर प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, पंचायत समिति सदस्य राजीव कुमार शर्मा, जन वितरण प्रणाली के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप पासवान, वार्ड सदस्य सुमित्रा देवी ने सैंकड़ों लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया। राजीव शर्मा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित कराना है प्राथमिकता। अभी लगन का समय भी चल रहा है सरकार ऐसे समय में धोती साड़ी वितरण कर आम जनमानस को सिधे फायदा पहुंचा रही है। वस्त्र वितरण में पूर्व वार्ड सदस्य विनोद तांतों, दशरथ पासवान, मनेश तांतों, सुरेश प्रसाद, निरज सिंह, राजेश्वर यादव व कई लोग उपस्थित थे।

### बसडीहा में दो मार्च को होगा भास्कर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं ज्ञान महायज्ञ





पांकी पलामू (शिवशंकर पासवान)। पांकी प्रखंड के बसडीहा गांव स्थित सोनरे नदी के तट पर अगामी दो मार्च से पांच दिवसीय भगवान भास्कर प्राण प्रतिष्ठा सह भव्य ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि चतरा सांसद कालीचरण सिंह होगें। दो मार्च को कलश यात्रा तीन मार्च को पंचाग पूजा मंडप परिक्रमा एवं प्रवेश चार मार्च को वेदी पूजन एवं जलाधिवास पांच मार्च को अन्नाधिवास पुष्पाधिवास फलाधिवास एवं नगर भ्रमण एवं छह मार्च को प्राण प्रतिष्ठा मांगलिक उत्सव समारोह एवं सार्वजनिक देव पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ पूर्णाहुति होगी। यज्ञ समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बताया कि यज्ञ की तैयारी को लेकर समिति सक्रिय है। यज्ञ को सफल बनाने के लिए यज्ञ स्थल पर पूजा मंडप समेत सभी कामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस महायज्ञ के सफल आयोजन में कमेटी वरिष्ठ समाजसेवी बलराम पांडेय, सचिव विद्या सागर पांडेय, पांकी उपप्रमुख सह कमेटी के कोषाध्यक्ष अमित चौहान उर्फ रिंकू सिंह, पंकज पांडेय, राजेंद्र ओझा, डंडार कला पंचायत के मुखिया गुड्डू सिंह, तेतराई पंचायत के मुखिया राजेंद्र पाण्डेय, श्याम नंदन ओझा, मनोज सिंह सहित नीमाचक सुरजवन बुढ़ी डंडारकला पंचायत के आसपास के ग्रामीण अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### मुखिया ने नाली निर्माण कार्य की रखी आधारशिला



विश्रामपुर (पलामू)। सिगसिगी पंचायत के लोहरदगा गांव में मुखिया किरण देवी व युवा समाजसेवी पिंटू चौधरी ने रविवार को नाली निर्माण की आधारशिला रखी। नाली का निर्माण पंचायत मद की राशि से होगा। मौके पर मुखिया किरण देवी ने कहा कि जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतारने का मेरा प्रयास सतत रूप से जारी रहेगा। विकास योजनाओं में सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। पिंटू चौधरी ने कहा कि सरकार के हर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाना पंचायत प्रतिनिधियों का दायित्व है। मौके पर वार्ड सदस्य माया देवी,पंचायत सचिव मंजर अंसारी, सरजू राम,परीखा राम,राजेश राम,उपेन्द्र राम,बीरेंद्र यादव,बब्लू चंद्रवंशी, विनोद राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल मजदूर की मौत

विश्रामपुर (पलामू)। सड़क दुर्घटना में घायल मजदूर लालजी भुईयां (45) की मौत रांची में इलाज के क्रम में हो गयी। रांची से रविवार को उनका शव गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में मातम छा गया। आज ही उनका दाह संस्कार खूंटी नदी तट स्थित श्मशान घाट पर किया गया। यहां गौरतलब है कि रेहला थाना क्षेत्र के लोहरदगा गांव निवासी लालजी भुईयां मजदूरी का काम करते थे। रेहला से मजदूरी कर 15 फरवरी को वे वापस साइकल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बीसीसीएल मोड़ के पास एक तेज रफ्तार मोटरसकल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दाह संस्कार में युवा समाजसेवी पिंटू चौधरी,जिला योजना समिति सदस्य सह निवर्तमान पार्षद संजय बैठा, जितेंद्र चंद्रवंशी, हरिनाथ चौधरी, विजय भुइंया,सुरेश चौधरी,रामनाथ भुईयां सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर शांति समिति की बैठक आयोजित



पांकी थाना परिसर में रविवार की शाम महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आपसी सौहार्द व शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। कहा गया कि प्रशासन की सोशल मीडिया पर पैनी नजर रहेगी। मौके पांकी बीडीओ ललीत सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोपनो, पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन सिंह, प्रमुख पंचम प्रसाद, उप प्रमुख अमित चौहान, भाजपा ओबीसी मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, तेतराई मुखिया राजेंद्र पाण्डेय, भाजपा के वरिष्ठ नेता साधु मांझी, पप्पू यादव, राहे पहाड़ी महाशिवरात्रि पूजा कमेटी के अध्यक्ष प्रेम चंद सिंह, सहित पंचायत प्रतिनिधि, कई अखाड़े के लोग उपस्थित थे।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष बालकिशुन किये गये सम्मानित



मेदिनीनगर। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के नव नियुक्त पलामू प्रमंडल के अध्यक्ष बालकिशुन उरांव को बुके देकर सम्मानित किया गया। केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार के आवासीय कार्यालय में बालकिशुन उरांव का जिला अध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा ने स्वागत किया। मौके पर नेताद्वय ने उम्मीद जताई की नये अध्यक्ष की नियुक्ति पलामू प्रमंडल के लातेहार गढवा व पलामू जिला के आन्दोलनकारियो मे नया उमंग और उत्साह का सृजन करेगा। आन्दोलनकारी 5 मार्च को मेदनीनगर मे समिक्षात्मक बैठक व नये पदाधिकारियों का सम्मान समारोह एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रधान महासचिव पुष्कर महतो, केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र सिह, रोजलिन तिर्की सरोजिनी कच्छप शामिल होंगे। जल्द ही प्रमंडल कमिटी की घोषणा की जाएगी।

# पाइपलाइन बिछाने की निगरानी खुद करूंगी : अरुणा शंकर

● वार्ड नंबर 14 में प्रथम महापौर का हुआ स्वागत





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं पूर्व वार्ड पार्षद नीतू सिंह ने वार्ड नंबर 14 में सेकेंड फेज शहरी जलापूर्ति योजना के तहत बिछाई जाने वाली पाइपलाइन का कार्य नारियल फोड़कर प्रारंभ किया।

इस अवसर पर प्रथम महापौर ने मोहल्ले वासियों को बधाई देते हुए कहा पूरे निगम क्षेत्र में सेकेंड फेज शहरी जलापूर्ति योजना के तहत जुडको द्वारा नया पाइपलाइन बिछाने का कार्य फेज बाय फेज किया जा रहा है, जो मेरे कार्यकाल की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओ में एक थी जिसकी शुरूआत हो चुकी है। प्रथम महापौर ने कहा कि मोहल्ले वालों को इस पुनीत कार्य में पाइप बिछाने वाली एजेंसी को यथासंभव मदद करनी चाहिए ताकि भविष्य में पानी के लिए लोगों को तरसना ना पड़े। उन्होंने कहा कि मैं एक-एक वार्ड जाऊंगी और खुद निगरानी करूंगी ताकि पाइपलाइन से पानी के लिए कोई घर वंचित न रह जाए। इस अवसर पर वार्ड पार्षद नीतू सिंह ने कहा कि पिछले बोर्ड का यह महत्वपूर्ण फैसला था जो कार्य अब शुरू हो गया जिसके लिए मैं पूरे वार्ड को बधाई देती हूं।

इस अवसर पर मनोज सिंह, अमन सिंह, संजय पाठक, छोटेलाल, अनुराग, अमित सिंहा एवं जूडको के सुषमा, रूपेश कुमार तथा काफी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने नारियल फोड़ने के बाद मोहल्ले का भी भ्रमण किया जहां मोहल्ले की माताए, बहने एवं भाइयों तथा बुजुर्गों ने प्रथम महापौर का दिल से जोरदार स्वागत किया।

मोहल्लेवासियों ने प्रथम महापौर के बारे में कहा कि यह पहली जनप्रतिनिधि है जो पद के बाद भी निरंतर सबों के दुख सुख एवं कार्यों में लगी है।

# चियांकी डीएवी में लीगल लिट्रेशी क्लब खुला

सूबे के 72 डीएवी स्कूल में लीगल लिट्रेशी क्लब का हुआ ऑनलाइन उदघाटन

## गरीबों वंचितों को न्याय की जानकारी होगी सुलभ : अमित आकाश सिन्हा






खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति व झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद द्वारा झालसा रांची से सूबे के 72 डीएवी स्कूल में रविवार को लीगल लिट्रेशी क्लब का ऑन लाइन उदघाटन किया गया। इस मौके पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, झालसा के मेंबर सेक्रेटरी रंजना अस्थाना हाईकोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारी, डीएवी संस्थान के अधिकारी, शिक्षक, पारा लीगल भोलेन्टियर आदि लोग उपस्थित थे। इसी आलोक में मेदिनीनगर के चियांकी स्थित एम के डी ए वी पब्लिक स्कूल मे भी सिविल कोर्ट डालटनगंज के सिविल जज जूनियर डिवीजन अमित आकाश सिन्हा के नेतृत्व में लीगल लिट्रेशी क्लब का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर डीएवी स्कूल के शिक्षक व नोडल ऑफिसर लीगल एड क्लिनिक राकेश कुमार, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट, वीर विक्रम वक्स राय, पुष्कर राज, पीएलवी करण थापा, शैलेन्द्र कुमार तिवारी, डालसा पलामू के असिस्टेंट संजीव कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित थे। इस मौके पर सिविल जज जूनियर डिवीजन अमित आकाश सिन्हा ने कहा कि लीगल लिट्रेशी क्लब के माध्यम से गांव गरीब तक कानून की जानकारी मिल सकेगा।

उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चे को क्लब में जो जानकारी दी जाएगी वे अपने आस पडोस के लोगों के बीच बताने का काम करेंगे। साथ ही लोग अधिकार व कर्तव्य के प्रति सजग होंगे। उन्होंने बताया कि झालसा का यह एक बेहतरीन पहल है। डीएवी के बच्चे अब लोगो मे जागरूकता लाएंगे।

### संप्रेषण गृह के बच्चा को तृतीय पुरस्कार मिला

**सम्प्रेषण गृह में रह रहे बच्चा को पेंटिग में राज्य स्तर पर तृतीय पुरस्कार से झालसा में कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के द्वारा सम्मानित किया गया। बच्चे के जगह सम्प्रेषण गृह के सुप्रिडेंट ने पुरस्कार ग्रहण किया। बिदित हो कि उक्त बच्चा को बेहतर पेन्टिग में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।**

# मंदिर आस्था के साथ सामाजिक समरसता को मजबूती प्रदान करेगा : नप पूर्व अध्यक्ष पूनम





श्री हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर दो गोला कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर/चैनपुर।** नगर परिषद मेदिनीनगर की पूर्व अध्यक्ष एवं भावी मेयर प्रत्याशी पूनम सिंह ने चैनपुर प्रखंड के ग्राम दुल्ही स्थित श्री हनुमान मंदिर के वार्षिक उत्सव के अवसर पर फीता काटकर दोगोला कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया, स्थानीय श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग मौजूद थे। मौके पर पूनम सिंह ने कहा कि यह मंदिर न केवल आध्यात्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि सामाजिक समरसता को भी मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने स्थानीय निवासियों को इस आयोजन के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं और मंदिर समिति को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन किया गया। स्थानीय एवं बाहरी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। ग्रामीणों ने पूनम सिंह का जोरदार स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर विश्वनाथ भारती, उग्रिम भारती, रामेश्वर भारती, अरविंद साव, विनोद चौधरी, भीम भारती के अलावा कमिटी सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने मनाई संग गाडगे की जयंती



मेदिनीनगर। बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में संत गाडगे की 149 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम संत गाडगे के तस्वीर पर फुल माला चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि संत गाडगे दलितों एवं वंचितों के दिशावाहक थे। उन्होने सामाजिक बुराईयों, कुरीतियों एवं अंध विश्वास को दूर करने का रास्ता दिखाया। उन्होने आगे बढ़ने के लिए शिक्षा पर बल दिया। मौके पर संतन रजक ने कहा कि संतो की कोई जात नहीं होती वे तो समाज के मार्ग दर्शक होते हैं। इस अवसर पर अरविन्द कुमार रजक, दिनेश राम, दीपक कुमार, उपेन्द्र रजक, राजू राम, उमेश पासवान, संजीत कुमार, नौनित कुमार, यशवन्त कुमार, अरुण पासवान, विनय राम, अमरनाथ, उपेन्द्र तिवारी, सतीश दुबे, संतोष विश्वकर्मा कुमार ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। राम नरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हवन पूजन के साथ संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** नारी सशक्तिकरण सह शक्ति संवर्धन 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ चौथे दिन रविवार को हवन पूजन और भंडारा के साथ सम्पन्न हो गया। यज्ञ के तीसरे दिवस को रात्रि में भव्य दीप यज्ञ का आयोजन किया गया था जिसमें हरिद्वार से आए टोली नायक राम रतन मूल ने प्रवचन में कहा कि गृहस्थ आश्रम सबसे बड़ा धर्म है। अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से भी करना ईश्वर की पूजा है। घर में माता-पिता देव रूप में विद्यमान है उनका सेवा करना भी पूण्य का कार्य है। कार्यक्रम में दहेज रुपी दानव और नशा से समाज को बचाने का शपथ लोगों को दिलाया गया। दीप यज्ञ में यज्ञ मंडप को 5100 दीपों से सजाया गया था। जिसमें डालटनगंज की बहन सरिता देवी अध्यक्ष महिला मंडल, पूर्णिमा देवी, कुंती देवी, बेबी देवी, ज्योति अग्रवाल के साथ-साथ सतबरवा से अंजू देवी, रूबी देवी, अंबिका सिंह, राजू अग्रवाल, अशोक मेहता, रंजन सिंह, आलोक, कृष्ण किशोर ने दीपों से भव्य कलाकृतियां बनाई। कार्यक्रम में सुनील कुमार मिश्रा, मुखिया गिरवर राम को तिलक चंदन लगाकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष संजय प्रसाद ने आये भाइयों बहनों का आभार जताया। मौके पर मीडिया प्रभारी श्यामबिहारी प्रसाद, विनोद चौधरी, सुभाष प्रसाद, सत्यनारायण मेहता, कमलेश प्रसाद, निर्दोष प्रसाद, नीरज, अरुण प्रसाद, ओमकार ठाकुर, सुनील गांधी, कंचन देवी, सुशीला देवी, उषा देवी, संध्या देवी, सुशिला गुप्ता समेत श्रद्धालू मौजूद थे।

### पत्रकार टीम ने प्रशासन को 17 रनों से हराया



चैनपुर पलामू। चैनपुर प्रखंड के कंकारी के ग्रीन पार्क स्टेडियम में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शिव कुमार चौधरी ने की। पूर्व जिला परिषद शैलेन्द्र कुमार शैलू साथ ही अन्य मेंबर लोग शामिल थे। प्रथम मैच पत्रकार और प्रशासन टीम के बीच हुआ। पत्रकार टीम के कप्तान रोहित कुमार और प्रशासन टीम के कप्तान चैनपुर थाना प्रभारी राम शर्मा के बीच टॉस हुआ। पत्रकार की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पत्रकारों की टीम ने 8 ओवर में 88 रन का टारगेट प्रशासन को दिया। दूसरी पारी में प्रशासन की टीम ने 8 ओवरों में 3 विकेट गंवा कर मात्र 71 रन ही बना सकी। जिसमें पत्रकार के टीम ने 17 रन से जीत दर्ज किया। मौके पर मुख्य अतिथि के विधायक आलोक चौरसिया, मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह, महावीर नवयुवक संघ के जुगल किशोर चंद्रवंशी मौजूद थे।

### फुटबॉल टूर्नामेंट से खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरेगी : अविनाश देव



मेदिनीनगर। पलामू जिला बहुमुखी प्रतिभा के रत्नगर्भा धरती है। यहां के लोग सभी क्षेत्रों में अपने प्रतिभा के परचम लहराया है। पलामू पुलिस स्टेडियम में शहीदों के सम्मान में पलामू पुलिस और पलामू फुटबॉल आयोजन समिति द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। बंगाल व झारखंड के बीच महिला टूर्नामेंट था, जिसमें झारखंड की बेटियों ने बाजी मारी। संत मरियम के बच्चे सांस्कृतिक प्रदर्शन भी किए। शेष बच्चे मैच का लुत्फ उठाए। विशिष्ट अतिथि अविनाश देव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि पलामू पुलिस व फुटबॉल आयोजन समिति खेल की दुनिया को ग्लैमर दे रहे हैं और खिलाड़ियों को कैरियर संभालने के हुनर से भर रहे हैं। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि पलामू आज खेल रहा है कल खिलेगा। पलामू खेल के मैदान से आपसी प्रेम भाईचारा के संदेश देश को प्रेषित करेगा।

# हुसैनाबाद में मनी संत गाडगे बाबा की 149 वी जयंती



खबर मन्त्र संवाददाता


**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के जपला धरहरा स्थित सुंदरनगर मैदान में स्वच्छता मिशन के जनक व महान समाज सुधारक संत गाडगे महाराज जी की 149वीं जयंती धूमधाम से रविवार को मनाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, राजद के युवा नेता रवि यादव, तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व सैनिक प्रमोद कुमार रजक, रमन कुमार रजक, वार्ड पार्षद नवीनगर बिहार, पैक्स अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने संत गाडगे, भगवान गौतम बुद्ध, डॉ अंबेडकर, ललाई सिंह यादव, जगदेव प्रसाद,व सावित्री बाई फुले की चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक जगदीश बैठा व संचालन पैक्स अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने किया। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि संत गाडगे बाबा बचपन से ही आध्यात्मिक व समाज के विचारक थे। उन्होंने समाज के लोगों में शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किया था। युवा नेता रवि यादव ने कहा कि वे अपने कीर्तनों के माध्यम से समाज के पाखंड और परंपरा की आलोचना करते थे। शशी कुमार ने गाडगे की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बेनिकला मुखिया श्रवण राम, भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, जय श्री बैठा, बबन रजक, संजय बैठा, जितेंद्र कुमार, राजकुमार रजक, सुदर्शन बैठा, सुरेश बैठा, अनिल रजक, लालमोहन रजक, अगनू रजक, नागदेव, अजय, बबन, मुख्तार बैठा, जहेंद्र बैठा, पचचु बैठा, राजेश यादव, मुन्नादेव, शंकर बैठा, यमुना बैठा, रामबचन बैठा आदि उपस्थित थे।

### अब काम करने वाले को मिलेगा स्थान : बिट्टू पाठक



मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने प्रदेश प्रभारी से मुलाकात किया। पाठक ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि काम करने वालों को निश्चित रूप से आगे बढ़ाया जाएगा और गणेश परिक्रमा करने वाले गणेश परिक्रमा करते रह जाएंगे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के राजू की रांची आगमन पर पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रभारी को पलामू में कांग्रेस के संगठन की गतिविधियों सहित केंद्र एवं प्रदेश कांग्रेस द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों के प्रभारी को भी इसकी जानकारी दिया। पाठक ने प्रभारी को पलामू आगमन का अनुरोध किया। इस पर कांग्रेस प्रभारी ने जल्द ही पलामू में अपना कार्यक्रम देने का आश्वासन दिया।

### अधिवक्ता संशोधन बिल का होगा विरोध : रामदेव



मेदिननगर। भारत सरकार द्वारा नया अधिवक्ता संशोधन विधेयक बिल लाया गया है। इसका विरोध होना शुरू हो गया है। इस बिल के विरोध में पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि यह विधेयक अधिकार को छिनने वाला व स्वतंत्रता पर हमला है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं पर अनुशासनहीनता की कार्रवाई करना मनमानी है। साथ ही अवैध प्रैक्टिस व चुनाव लड़ने पर रोक लगाना भी लोकतंत्र पर हमला है। इस विधेयक को सरकार अविलंब वापस ले वरना सभी अधिवक्ता चुप बैठने वाले नहीं हैं। जो अधिवक्ता न्याय दिलाने के लिए जनता का काम करते हैं वैसे अधिवक्ताओं की अभिव्यक्ति पर कुठारा घात मोदी सरकार कर रही है।

# विश्रामपुर : लेंस प्रत्यारोपण विधि से मोतियाबिंद के चालीस मरीजों का हुआ मुफ्त ऑपरेशन





खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पलामू डीबीसी व राधा लक्ष्मी ट्रस्ट द्वारा शनिवार को मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञों ने लेंस प्रत्यारोपण विधि द्वारा 40 मरीजों का मुफ्त ऑपरेशन किया। इससे पहले शिविर का उदघाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार व संस्था के प्रबंध न्यासी अखिलेश कुमार गुप्ता ने किया। मौके पर डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि आंखों की रौशनी लौटना दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। उन्होंने शिविर आयोजित करने वाली दोनों संस्थाओं की तारीफ की। प्रबंध न्यासी अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पलामू डीबीसी व राधा लक्ष्मी ट्रस्ट पलामू प्रमंडल के विभिन्न जगहों पर शिविर लगाकर लोगों का मुफ्त ऑपरेशन कराती है। बिश्रामपुर में शिविर लगाने में विलंब हुआ जिसके कारण लाभार्थियों की संख्या कुछ कम रही। अगली बार ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ प्रदान करने का प्रयास रहेगा।

उन्होंने शिविर के सफल आयोजन में अहम योगदान देने वाले सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार, लेखा प्रबंधक मृगेंद्र कुमार सहित सभी स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। मौक पर कई लोग मौजूद थे।

# चैनपुर प्रखंड के ग्राम कुरका में शिव दुर्गा मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा आयोजित





प्रेमरंजन तिवारी

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत भडगावां पंचायत में ग्राम - कुरका में भव्य कलशयात्रा निकाली गई।

जहां कलश यात्री कोयल नदी से जल उठा कर मंदिर परिसर कुरका पहुंचे। यह कलशयात्रा शिव दुर्गा मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजन को लेकर किया गया था। यह कार्यक्रम चार दिनों तक चलेगा। कल सोमवार को पंचांग पुजन, देवी देवता अधिवास, ब्राह्मण वरण के मंडप प्रवेश कराया जाएगा। साथ ही रात्रि में बक्सर से पधारे उपेन्द्र शास्त्री जी महाराज के द्वारा कथा प्रवचन होगा।

यज्ञाचार्य पं मिथलेशाचार्य जी महाराज के द्वारा सभी वैदिक संस्कार से प्राण-प्रतिष्ठा कराई जाएगी। मुख्य यजमान माता लालती पाण्डेय व पाण्डेय परिवार अहम भूमिका के साथ भक्ति में लीन है। 27 फरवरी को भंडारा सह प्रसाद वितरण कर संतों को विदाई की जाएगी। कार्यक्रम के संचालक संतू पासवान ने कहा कि सभी ग्रामीणों में उत्साह और भक्ति का माहौल बना है। इस अवसर पर विजय पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, अरूण पाण्डेय सहित सभी पाण्डेय परिवार व ग्रामीण उपस्थित थे।

# बच्चों के जागरूक होने से कोई भी न्याय से नहीं रहेगा वंचित : जेएम

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के तत्वावधान में रविवार को झारखंड के 72 डीएवी विद्यालयों में जस्टिस सह कार्यपालक सेक्रेटरी सुजीत नारायण प्रसाद ने लीगल लिटरेसी क्लब का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

जिसके बाद शहर के डीएवी विद्यालय फरठिया में जुडिशल मजिस्ट्रेट अभिनव कुमार त्रिपाठी ने लीगल लिटरेसी क्लास का



उद्घाटन करते जेएम

उद्घाटन किया। मौके पर मजिस्ट्रेट श्री त्रिपाठी ने बताया कि इसका उद्देश्य विद्यालय के बच्चों को पठन पाठन के साथ कानूनी रूप से अवेयर करना है। ताकि गांव, समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की किरण पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि बच्चे अगर जागरूक हो जाएंगे, तो कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित नहीं रहेगा।

गांव समाज में अधिकांश लोग के अशिक्षित रहने के कारण ही समाज में बाल विवाह, बाल मजदूरी, डायन भूत जैसे कई अवधारणाएं एवं कुरीतिया फैली हुई है। जिससे निकालने में बच्चे ही असली मददगार साबित होंगे। ईश्वर तो मनुष्य का निर्माण करते हैं, लेकिन मानवता का मिसाल माननीय नालसा, झालसा एवं डीएलएसए के द्वारा किया जाता है। मौके पर एलएडीसीएस डिप्टी चीफ एनएन दुबे, मेडिएटर प्रेमचंद त्रिपाठी, पीएलवी कृष्णानंद दुबे, मुरली श्याम तिवारी, अरविंद तिवारी, रमाशंकर चौबे, सूर्यदेव चौधरी, राम कुमार राम, प्रमोद कुमार दुबे, राजेश कुमार, विकास कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे उपस्थित थे।

## धर्म रक्षा वाहिनी की बैठक संपन्न



बैठक करते लोग

**गढ़वा।** धर्म रक्षा वाहिनी जिला गढ़वा के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को श्री कृष्ण गौशाला परिसर में की गई। बैठक में गौशाला समिति, गढ़वा की रैयती भूमि पर निरंतर नगर परिषद गढ़वा द्वारा पुलिस बल का प्रयोग कर जबरन विभिन्न प्रकार के किये जा रहे निर्माण कार्यों की निंदा की गई। इस दौरान अन्य सनातनी हिन्दू की समस्याओं से जुड़ी चीजों के बारे में एक मांग पत्र गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपने का निर्णय लिया गया। साथ ही 16 मार्च को श्री कृष्ण गौशाला परिसर में प्रातः साढ़े ग्यारह बजे से हिन्दू समाज की एक बैठक करने काउ निर्णय लिया गया। जिसमें संगठनात्मक विषयों पर एवं हिन्दू समाज की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर निर्णय लिये जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता रमेश कुमार दीपक एवं संचालन सचिव कौशल कांत कुमार ने की। बैठक में उपाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, महेंद्र राम, मृत्युंजय शौंडिक, शंकर माली, भोला गुप्ता, राजकुमार कुशवाहा, बिनोद बघेल, अवधेश वर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## पोशाक व पाठ्य सामग्री का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग-2 में वर्ग एक एवं दो के बच्चों के बीच विद्यालय पोशाक और पेन-पेंसिल का वितरण मुखिया अनीता देवी ने किया। विद्यालय के विद्यार्थी पोशाक पाकर बहुत उत्साहित थे।

इस मौके पर सहायक अध्यापिका रागनी सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, लाल सिंह की पंजी में उपस्थिति थी, लेकिन विद्यालय में उपस्थित नहीं थे। इस सम्बन्ध में मुखिया अनीता देवी ने प्रभारी शिक्षक रविन्द्र कुमार पाल से पूछा तो उन्होंने बताया की उक्त अध्यापक विद्यालय में आये थे, लेकिन विद्यालय से कहा चले गये इसकी कोई सूचना नहीं है। तीन


वितरण करती मुखिया

शिक्षक नंदकिशोर चौबे, मनोज कुजूर, रेणु सिंह परीक्षा ड्यूटी पर है। मुखिया ने कड़ा एतराज जताया और कहा कि रागनी सिंह, रेनू सिंह, किरण सिंह 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन भी उपस्थित नहीं थी और आज पंजी में उपस्थिति दर्ज शिक्षक का नहीं होना घोर कर्तव्यहीनता का सूचक है। विद्यालय की पहचान ही अनुशासन से है। जब विद्यालय के शिक्षक ही अनुशासनहिन है तो बच्चों को क्या शिक्षा देंगे।

मौके पर शिक्षक नंदकिशोर चौबे, रविन्द्र पाल, सुरेन्द्र राम, मनोज सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष आशुतोष कुमार पासवान, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, आईसीटी इंस्ट्रक्टर प्रियदर्शी पासवान उपस्थित थे।

## जीवन की व्यथा मिटाती है भगवान की कथा : सुरेन्द्र हरिदास

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** पूज्य श्री सुरेन्द्र हरिदास जी महाराज रविवार को निरसा क्षेत्र के खुशरी गांव पधारे, जहां महाराज श्री 23 से 01 मार्च तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भक्तों व श्रद्धालुओं को अपने अमृत वचनों से अभिभूत करेंगे। खुशरी गांव में कथा स्थल पर पहुंचकर श्री सुरेन्द्र हरिदास जी ने दीप प्रज्वलित कर श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया। महाराज श्री ने कथा में कहा कि क्या होना है और क्या नहीं होना है, यह सब भगवान जानते हैं। जब कोई मरता है, तो भगवान का ही आदेश होता है, और जब कोई बचता है, तो वह भी भगवान की कृपा से ही संभव होता है। इस बार प्रयागराज महाकुंभ में


सुरेन्द्र हरिदास

एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। महाकुंभ का आनंद इस बार कुछ अलग है। गंगा के पवित्र जल में लाखों दीपों का प्रज्वलन, मंत्रोच्चारण और श्रद्धा का अद्वितीय मिलाजुला वातावरण सभी को एक विशेष अनुभव दे रहा है। अंधकार दो प्रकार का होता है, एक शरीर के अंदर और एक शरीर के बाहर। बाहरी अंधकार को सूरज की रोशनी से मिट जाता है। लेकिन शरीर के भीतर जो अंधकार है, वह सिर्फ बाहरी प्रयासों से नहीं हट सकता। इसे दूर करने के लिए ज्ञान का प्रकाश चाहिए, जो हमारे अंदर की अंधेरी राहों को रोशन कर सके। हरिदास जी महाराज आज की कथाक्रम में भागवत के महात्म्य को सुनाते हुए कहा कि जीवन की व्यथा मिटाती है भगवान की कथा और जीवन के सफल बनाती है भगवान की कथा। उन्होंने विस्तार से प्रेत धुंधकारी की कथा को सुनाया कि कैसे कैसे प्रेत, आत्मा व व्यक्ति भी भागवत सुनकर मुक्ति पा गए।इस कथा को सफल बनाने वालों में बामापद मोदक, पप्पू सिंह, राजेश मोदक, अमरनाथ दे, परिमल मोदक, संजीत मोदक, विपिन मोदक, शिव शक्ति मंदिर कमिटी एवं समस्त खुशरी निरसा ग्रामवासी आदि सभी समाज के लोगों के सहयोग से किया जा रहा है।

## मनोहरटांड़ की क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** 26 सितंबर 1995 को धनबाद जिला के इतिहास में काला अध्याय के रुप में याद किया जाता है। इस दिन जलप्लावित होने के कारण गजलीटांड़ कोलियरी में 79 मजदूरों ने जल समाधी ले ली थी। इस दिन हुई प्रलयंकारी बारिश के कारण हीरक रोड के सिंदरी मनोहरटांड़ स्थित पुलिया पानी में बह जाने के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी। पिछले तीस वर्षों में इस क्षतिग्रस्त पुलिया के कारण तीन व्यक्ति की पुलिया से गिरने के कारण मौत हुई थी और आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं।

तीस सालों के बाद प्रशासन कुंभकर्णी नींद से जागा है और ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल विभाग ने पुलिया के निर्माण कार्य के लिए टेंडर आवंटित किया है। मौके पर मौजूद सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने रविवार को 1 करोड़ 97 लाख रुपए की लागत से 15 माह में बनने वाले पुलिया के निर्माण की


पुलिया का शिलान्यास

शिलापट्ट का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर बधाई देने पर सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि लोगों को टूटे पुलिया से हो रही असुविधा को देखते हुए पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। इससे बोकारो, धनबाद की ओर सिंदरी से जाने वाले यात्रियों को सुविधा होगी। अभी किसी तरह बाइक से लोग टूटे पुल से आवागमन कर रहे हैं। आनेवाले दिनों में मालवाहक वाहनों का आवागमन आसान हो जाएगा। इसके साथ ही 110 मीटर एप्रोच सड़क का निर्माण कार्य भी कराया जाएगा। इस अवसर पर गणेश महतो, विश्वनाथ गोराईं, मंगल महतो, रोहित महतो, प्रदीप महतो, राजाराम रजक मौजूद थे।

## धनबाद मंडल से गुजरने वाली दर्जनों ट्रेने रद्द

**धनबाद।** महाकुंभ को लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की परेशानी आने वाले दिनों में और अधिक बढ़ने वाली है। रेलवे ने एक साथ दर्जनों ट्रेनों को रद्द कर दिया है। वहीं कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया है। 03680 कोयंबत्तुर-धनबाद स्पेशल एवं 12176 ग्वालियर-हावड़ा एक्सप्रेस 25 फरवरी को रद्द रहेगी। वहीं कई अन्य ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन किया गया है।

## पुलिस एसोसिएशन के चुनाव को सरगर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** 28 फरवरी को रांची में होने वाले पुलिस एसोसिएशन चुनाव को लेकर को लेकर धनबाद में सरगर्मी बढ़ गई है।जिला पुलिस एसोसिएशन कार्यालय में राहुल कुमार मुर्मू के नेतृत्व में केंद्रीय पुलिस एसोसिएशन झारखण्ड राची के 28 फरवरी को होने वाले चुनाव को लेकर हेतु पूरी टीम का चुनाव अभियान प्रचार दौरा अपने समर्थन में आम सदस्यों के पास एसोसिएशन के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया।वही पूरी टीम को वोट करने के लिए कहा गया। सभी सदस्यों में भारी उत्साह देखा गया।

## कतरास नागरिक समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** स्थानीय रानी सती दादी जी मन्दिर समाज धर्मशाला में रविवार को कतरास नागरिक समिति की बैठक हुई। साफ सफाई, जलापूर्ति, यातायात के साथ सरकारी चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त करने पर जोर दिया गया। इसके लिए दलगत भावना से उपर उठकर लोगों से सहयोग की अपेक्षा की गयी। सांसद ढुल्लू महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्थानीय व्यवसायियों, सब्जी विक्रेताओं, चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों सहित अन्य लोगों ने



कतरास नागरिक समिति

विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जैसे शहर में ट्रैफिक समस्या, सरकारी अस्पताल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की समस्या, सफाई व्यवस्था में सुधार और जल संकट जैसी अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। टोटो संचालन के लिए प्रभावी रणनीति बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सांसद ढुल्लू महतो ने बैठक में उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द समाधान निकालने का आश्वासन दिया।

## कुर्मी समाज की बैठक संपन्न, समाज को मजबूत बनाने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड कुर्मी महासभा जिला इकाई गढ़वा की जिला कार्यसमिति समिति की बैठक चिनियां रोड स्थित परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में आयोजित की गई। मौके पर गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में यह बैठक आयोजित किया गया। जो जिले के सभी प्रखंडों में सदस्यता अभियान चलाकर अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर समाज को जोड़कर समाज को मजबूत बनाया जाएगा। जिसके


बैठक करते समाज के लोग

लिए सदस्यता प्रभारी नियुक्त किया गया। खरौंधी में शिवकुमार चौधरी, केतार में मदन पटेल, धुरकी में विनोद कुमार चौधरी, श्री बंशीधर नगर में राजेश्वर चौधरी, रमना में शंकर चौधरी, बिशनपुर में विजय पटेल, गढ़वा में दिलीप चौधरी, सगमा में वीरेंद्र चौधरी, कांडी में पिंटू पटेल, भवनाथपुर में विशाल पटेल को सदस्य प्रभारी बनाया गया है। श्री चौधरी ने बताया कि झारखंड प्रदेश में कुर्मी समाज का आबादी होने के बावजूद भी राजनीतिक रूप से सभी पार्टियों ने छलने का काम किया है। कुर्मी समाज की आबादी लगभग 25 प्रतिशत होने के बावजूद भी झारखंड सरकार में मात्र एक कुर्मी समाज से मंत्री बनाया गया। समाज को जागरूक होने की आवश्यकता है। अपने हक अधिकार के लिए एकजुट होने की जरूरत है। साथ ही समाज ने निर्णय लिया कि बच्चों को शिक्षा पर जोर देते हुए उनको जागरूक किया जाएगा। दहेज के कारण जिन गरीब बेटियों का समाज के अंदर डोली नहीं उठ पा रहा है उसे भी समय द्वारा शादी कराया जाएगा। जिसका सारा खर्च समाज द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ ज्वाला प्रसाद तथा संचालन जिला महासचिव गोरखनाथ चौधरी ने किया। मौके पर विजय पटेल, राजेश्वर चौधरी, मिथिलेश कुमार चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष अखिलेश पटेल, शंकर चौधरी, मनीष पटेल, मंटू पटेल, मदन पटेल, मुन्ना चौधरी, विनोद कुमार चौधरी, नागेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### दो बाइक के आमने सामने की टक्कर, युवक घायल

**भवनाथपुर।** टाउनशिप मुख्य पथ पर देवी धाम के समीप दो बाइक के आमने-सामने के टकराव में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायक युवक को ग्रामीणों ने भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा। जहां चिकित्सक एसके सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। घायल रोहित कुमार पिता केतवारू साह रोहतास जिला के तिलोखार निवासी निवासी है। दूसरे बाईक चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार रोहित कुमार श्री बंशीधर नगर से अपने घर तिलोखार जा रहा था कि देवी धाम के पास विपरीत दिशा से आर रहे बाईक ने सामने से टक्कर मार दिया।

### पत्नी बच्चें के रहते पति ने की दूसरी शादी

**मैथन।** निरसा थाना क्षेत्र के कांटा वन कॉलोनी में रहने वाले सुशील टुडू पत्नी हेमा टुडू एवं एक बच्ची के होते हुए भी शनिवार की रात एक नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर शादी कर के घर ले आया और अपनी पहली पत्नी हेमा एवं बच्ची को घर से बाहर निकाल दिया। पूरी रात हेमा अपनी बच्ची को लेकर घर के बाहर ही ठिठूरती रही, रविवार सुबह होने पर पूरे मोहल्ले के लोग जमा हो गए। मामले की जानकारी होते ही हंगामा करने लगे और पुलिस प्रशासन से शिकायत की। पूरी घटना के विषय में जानकारी देते हुए हेमा टुडू ने बताया कि सुशील पहले भी ऐसी गलती कर चुका है और उस गलती के लिए माफी भी मांग चुका है। कहा था कि अब आगे से ऐसा नहीं होगा, लेकिन फिर उसने शादी करके गलती दोहराई है, जो माफी योग्य नहीं है। यह पहले भी चार चार शादियां कर चुका है। इसका यही काम है। वहीं दूसरी ओर एक स्थानीय महिला ने कहा कि सुशील हमेशा ऐसी ही गलतियां करता रहता है। सुशील की वजह से आसपास का माहौल खराब हो रहा है। बच्चों पर क्या असर पड़ेगा, इसलिए हम चाहते है कि सुशील जिस लड़की को लाया है। उसे उसके घर वापस छोड़कर आए और हेमा के साथ खुशी खुशी रहें।

### सरस्वती विद्या मंदिर के भैया बहनों का मधुबन और देवघर का शैक्षणिक भ्रमण

**गिरिडीह।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा की ओर से रविवार को भैया-बहनों का दो दल प्रधानाचार्य के नेतृत्व में मधुबन एवं देवघर शैक्षिक भ्रमण के लिए प्रस्थान किया। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने बताया कि विद्या भारती शैक्षिक भ्रमण के जरिए छात्रों को समृद्ध बनाने और उनके सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने का प्रयास करती है।

### अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा भूमि पूजन एवं धर्म ध्वजारोहण संपन्न

**गिरिडीह।** जिले के बंसीडीह (लेदा) में 6 से 9 मार्च 2025 तक होने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ सह बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमित्त 23 फरवरी को भूमि पूजन एवं धर्म ध्वजारोहण का आयोजन किया गया। मुख्य प्रबंधक कामेश्वर सिंह सहित अन्य गणमान्यों ने धर्म ध्वजा फहराई। यह महायज्ञ समाज में सद्गुणों के संवर्धन हेतु शांतिकुंज, हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न संस्कार निःशुल्क संपन्न होंगे। कार्यक्रम में महिला मंडल की पूनम बरनवाल ने गायत्री महामंत्र की महत्ता पर प्रकाश डाला। आयोजन में पंचायतवासियों सहित कई श्रद्धाल शामिल हुए।

### पुलिस ने लाटरी टिकट विक्रेताओं को दबोचा

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर पुलिस ने मोदी अस्पताल बागसुमा के समीप रविवार को दो लॉटरी विक्रेताओं को लॉटरी टिकट के साथ पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों में मनोज रजवार एवं संतोष राय दोनों नेरो बागसुमा के निवासी हैं । इनके पास से 130 लॉटरी टिकट बरामद किया गया। बताया जाता है कि थाना के सहायक अवर निरीक्षक लक्ष्मी नारायण महतो ने पेट्रोलिंग के दौरान दोनों युवकों को संदिग्ध हालत में पाया।

## खबर एक नजर में

### गहना सफाई का झांसा देकर जेवर ले उड़े ठग

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में ठगी का एक मामला सामने आया है, जहां दो अज्ञात लोगों ने गहना सफाई के बहाने एक महिला के कीमती जेवर लेकर फरार हो गए। पीड़ित महिला ढ़ेकुलिया निवासी सपना देवी पति रोहित कुमार ने घटना की शिकायत स्थानीय थाना में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार घटना तब हुई जब दो अज्ञात व्यक्ति सोना-चांदी के जेवरात की सफाई करने के नाम पर ढ़ेकुलिया गांव निवासी सपना देवी के घर पहुंचे। उन्होंने खुद को पेशेवर जौहरी बताया और दावा किया कि वे पारंपरिक विधि से गहनों को नया जैसा चमका सकते हैं। महिला उनके झांसे में आ गई और फूल का लोटा साफ करने के लिए उन्हें दिया तो वे साफ कर के वापस लौटा दिया। इसके बाद सपना ने ठगों को पायल, कान का टॉप और अंगूठी सफाई के लिए दिया तो ठगो ने उन्हें टिफिन में बंद कर 15 मिनट गैस की आंच पर गर्म करने को बोला, जब वह टिफिन गर्म कर के आई तो उक्त दोनों ठग गहने लेकर फरार हो चुके थे। महिला ने ठगी का एहसास होते ही उसने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी, लेकिन तब तक दोनों ठग काफी दूर निकल चुके थे। इसके बाद महिला ने भवनाथपुर थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठगों की पहचान के लिए आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है।

### द मदर चिल्ड्रेन प्रॉपर्टी स्कूल का वार्षिक समारोह

**मैथन।** द मदर चिल्ड्रेन प्रॉपर्टी स्कूल मैथन में आयोजित वार्षिक समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीवीसी के अधिकारी दिलीप कुमार सिंह ने किया। मौके पर स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य संगीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने करीब 3 घंटे तक हिंदी, बांग्ला, राजस्थानी, पंजाबी आदि गानों के धुन पर खूब धमाल मचाया। बच्चों के नृत्य संगीत को देखकर अभिभावक काफी गदगद थे। मौके पर मुख्य अतिथि डीवीसी के अधिकारी दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चें भगवान का रूप होते हैं और इन नन्हे मुन्ने बच्चों का शानदार नृत्य संगीत देखकर काफी खुशी हुआ।

### 400 आंगनबाड़ी केंद्र की बदलेगी सूरत

**धनबाद।** सरकारी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र के दिन बदलने वाले है। जिला प्रशासन ने 400 से भी अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल बनाने का निर्णय लिया है। कार्य को धरातल पर उतराने की तैयारी शुरू हो चुकी है। जिला समाज कल्याण शाखा को आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची तैयार करने को कहा गया है। सूची के आधार पर ही आगे की कार्रवाई होगी। किराये के मकान में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र इस सूची में शामिल नहीं होंगे। ज्ञात हो कि पिछले दिनों डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक में राशि खर्च करने की मंजूरी मिल गई है।

### शांति समिति की हुई बैठक

**कतरास।** महाशिव रात्रि पर्व को लेकर तेतुलमारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। शांति एवं भाईचारगी के साथ शिवरात्रि पूजा मनाने को लेकर चर्चा हुई। शिव जी की बारात और झाँकी को पूरे बाजे गाजे के साथ निकालने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता थाना प्रभारी सत्येंद्र यादव व संचालन मनोज कुमार ने किया। उपेन्द्र प्रजापति, राममूर्ति सिंह उर्फ छोटू सिंह, शिव प्रसाद महतो, शिव प्रसाद वर्मा, प्रदीप वर्मा,चंदन महतो, रामेश्वर सिंह, मिहिर पाल, घलटू त्रिगुणायत, गंगा धर महतो,, अजय साहनी, दीपेश चौहान पिंटू शर्मा, पंकज कुमार आदि थे।

### 2 मार्च को ऑल डिनोबली एलुमनी फेस्ट का आयोजन

**धनबाद।** ऑल डिनोबिली एलुमनी एसोसिएशन का आगामी 2 मार्च को कोड़ाडीह स्थित डिनोबिली स्कूल परिसर में ऑल डिनोबली एलुमनी फेस्ट का आयोजन किया जाएगा।इस का मुख्य मकशद धनबाद और चंद्रपुरा स्थित सभी नौ डिनोबली स्कूलों के पूर्व छात्रों को एक मंच पर ला कर एक एपैक्स एसोसिएशन का गठन और स्कूल के संचालन और अन्य कार्यों में सहयोग करना है।

### इलाज के दौरान मरीज की मौत पर हुआ बवाल

**गिरिडीह।** शहर के बरसमिया स्थित विश्वनाथ नर्सिंग होम में ऑपरेशन के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। इससे आक्रोशित मृतक के परिजनों ने अस्पताल के बाहर धरना पर बैठ गए और जमकर हंगामा किया। परिजनों के आक्रोश को देखकर चिकित्सक फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर स्थानीय विधायक सह मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू घटना स्थल पर पहुंचे और आक्रोशित मृतक के परिजनों को शांत कराया।

### सनातन धर्म सबसे प्राचीन और वैश्विक धर्म है : पंडित दीनानाथ

**गिरिडीह।** देवाधिदेव के परम आराध्य भगवान राम हैं और भगवान राम के परम आराध्य भोले शंकर हैं।इसलिए भगवान शिव को खुश करने के लिए भगवान राम की आराधना जरूरी है।उक्त बातें रुद्र महायज्ञ रेम्बा में दूसरे दिन प्रवचन मंच से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए वृन्दावन धाम से पधारे पंडित दीनानाथ त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सनातन को बदनाम करने की साजिश रचते हैं। कुछ अपने ही भोले भाले लोगों को बरगलाते हैं और दूसरे धर्मों की तरफ उन्मुख करते हैं।

### आईआईटी आईएसएम की कार्यशाला

**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम के मैनेजमेंट स्टडी एवं इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से जामताड़ा जिले के नारायणपुर ब्लॉक में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। किसानों को मिट्टी प्रबंधन, उर्वरकों का उचित उपयोग, बीज की गुणवत्ता सुधारने, फसल की कटाई का समय के साथ आय में वृद्धि करने की जानकारी दी गई। परियोजना प्रमुख रश्मि सिंह ने किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ पौध रोग प्रबंधन के बार में विस्तृत जानकारी दी।

### संत निरंकारी मिशन ने कतरास में प्रेरणादायी अभियान चलाया

**कतरास।** संत निरंकारी मिशन ने स्वच्छ जल, स्वच्छ मन योजना के तहत कतरास नगर में मां लिलोरी मन्दिर प्रांगण एवं कतरी नदी के परिसर में स्वक्षता अभियान चलाया। संस्था से जुड़े सैकड़ों सेवादारों ने मन्दिर परिक्षेत्र व सड़क से लेकर नदी की सीढ़ी व घाट की साफ सफाई की। महिला पुरुष सेवादारों के मन में स्वक्षता के प्रति उत्साह देखते बन रह था। वे अपने घर आंगन की तरह सफाई कर रहे थे।

### लाइफ इंश्योरेंस फेडरेशन ऑफ इंडिया की आमसभा

**धनबाद।** लाइफ इंश्योरेंस फेडरेशन ऑफ इंडिया, हजारीबाग मंडल की रविवार को बेकारबांध स्थित ब्लेसिंग हॉल में आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल विधायक राज सिन्हा कहा कि एलआईसी अभिकर्ता के साथ जो परेशानी हो रही है उसके लिए केंद्र सरकार से बात की जायेगी। लिहाफी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवीशंकर शुक्ला ने प्रबंधन से अभिकताओं के कमिशन की कटौती बंद करने, बीमाकर्ता का बोनस बढ़ाने, पीएफ, पेंशन लागू करने की मांग की। मांग पूरी नहीं होंने पर आने वाले दिनों में मुख्य कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की बात कही।

# विकास की कीमत...

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के फतेहपुर और साली गांवों के पास करीब 5,000 पेड़ों की कटाई के मामले को लेकर स्थानीय निवासियों और पुलिस प्रशासन के बीच झड़प हो गई। जिसमें दोनों ही पक्षों को चोटें आई हैं। इंसानों के साथ-साथ जल, जंगल, जमीन और समूची प्रकृति के भविष्य का यह सवाल है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य में पेड़ों को बचाने की लड़ाई लंबे वक्त से चल रही है। 1,500 किलोमीटर क्षेत्र में फैला यह घना जंगल छत्तीसगढ़ के आदिवासी समुदायों का निवास स्थान है। इस घने जंगल के नीचे लगभग पांच अरब टन कोयला दबा है। इस वजह से पूंजीपतियों और पूंजीवादी सरकारों की गिद्ध दृष्टि यहां टिकी हुई है। इस इलाके में खनन बहुत बड़ा व्यवसाय बन गया है, लेकिन स्थानीय लोग इस खनन का लगातार विरोध कर रहे हैं। क्योंकि इसके लिए बड़ी बेदर्दी से जंगल को काटा जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के सत्ता में आते ही पिछले साल दिसंबर में हसदेव अरण्य क्षेत्र में परसा पूर्व और केते बासन (पीईकेबी) के दूसरे चरण विस्तार के तहत कोयला खदान के लिए पेड़ काटने की कवायद बड़े पैमाने पर हुई थी। सत्ता और प्रशासन में बैठे लोगों और पूंजीपतियों, उद्योगपतियों के बीच सांठ-गांठ का खेल सदियों से चला आ रहा है। विकास के नाम पर प्रकृति का बेदर्दी से दोहन किया जाता है और आने वाली पीढ़ियां उसका भुगतान करती हैं।अभी पूरी दुनिया में जलवायु गर्म होने, ग्लेशियर के पिघलने, अकाल और बाढ़ जैसी स्थितियों के निर्मित होने पर चर्चाएं होती हैं, लेकिन इनका हल कुछ नहीं निकलता। राजधानी दिल्ली सहित पूरा देश एक बार फिर वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण के नए झंडे गाड़ रही है। इन सवालों के जवाब भी पेड़ काटने की अनुमति का कागज दिखाने वालों को देना चाहिए।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शुभांक-4-6-8

वृष : स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-9

मिथुन : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-7-8-8

कर्क : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-4-6-7

सिंह :शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

कन्या : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-7-8-9

तुला : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-3-5-7

वृश्चिकः लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-7

धनु : जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-6-7

मकर : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

कुंभ : किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-8

मीन : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-7-8

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर निम्न स्तर के कार्यक्रम

**कुछ** लोग ह्यूमर के नाम पर समाज में गंदगी फैला रहे हैं। ऐसा कंटेट प्रसारित कर रहे हैं जो चिंता का विषय है। विवाद बढ़ने के बाद ये अश्लील इंफ्लूएंसर अपनी करतूत पर माफी मांग लेते हैं। सवाल यह है कि क्या इनकी शर्मनाक हरकत पर इनका माफी मांग लेना काफी है या बड़ा एक्शन होना चाहिये? सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की 'इंडियाज गॉट लैटेंट' पर 'आपत्तिजनक' टिप्पणियों की निंदा की।

ऐसे लोगों को कानूनी तौर पर तो सजा मिलनी ही चाहिए, अगर जनता गंदगी परोसने वाले ऐसे चैनलों और मंचों का बहिष्कार करना शुरू कर दे तो यह उनके लिए सबसे बड़ी सजा होगी। गंदगी परोसने वाले ऐसे सारे कार्यक्रम जो ओटीटी, टीवी आदि पर हैं, सब बंद होना चाहिए। ऐसा वल्गर कंटेंट हमारे देश की संस्कृति को तबाह कर देगी। यह निंदनीय है और सभ्य समाज के लिए गलत भी। ऐसे लोग सनातन धर्म और हिंद संस्कृति का बेड़ागर्क कर रहे हैं। ऐसी घिनौनी मानसिकता वाले लोगों को देखना व सुनना, आज के समाज का भी कसूर है। ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय ने रणवीर इलाहाबादिया के शब्दों के पीछे छिपे गहरे मुद्दों को उजागर करते हुए इसे ₹उनके दिमाग की गंदगी₹ कहा। इलाहाबादिया के शब्दों की निंदा करते हुए कहा कि उसकी भाषा से माता-पिता और बहनों को शर्म आएगी। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, इलाहाबादिया की टिप्पणियों की विकृत प्रकृति से ₹पूरा समाज शर्मिंदा महसूस करेगा।₹ यह मामला डिजिटल युग में प्रभावशाली व्यक्तियों और सामग्री निमार्ताओं की जिम्मेदारी के बारे में व्यापक चर्चा को जन्म देता है। वैसे भी सार्वजनिक हस्तियों को अपनी भाषा के प्रयोग के प्रति सचेत रहना चाहिए क्योंकि इससे सामाजिक मूल्यों पर असर पड़ता है।

समाज पर ऐसे युवा प्रतीकों के प्रभाव को कम आंकना मूर्खतापूर्ण होगा, विशेषकर युवा मस्तिष्कों और स्वस्थ समाज की बुनियादी संस्कृति पर। क्या यह काफी बड़ा नहीं है? यह पूछना कि शो का कोई प्रतियोगी किस चीज के लिए कितना शुल्क लेगा, क्या इससे युवाओं की एक पूरी पीढ़ी भ्रष्ट नहीं होगी? तर्कहीन ढंग से और समाज के प्रति किसी जिम्मेदारी के बिना कही गई बातें। क्या आपके बच्चे





**- प्रियंका सौरभ**

> सांस्कृतिक पतन से लड़ना भी बड़े अपराधों से निपटने जितना ही महत्त्वपूर्ण है। यदि आप सोचते हैं कि हमें ऐसे घृणित 'मजाक' को नजरअंदाज कर देना चाहिए और केवल 'वास्तविक अपराधों' पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, तो आप यह समझने में विफल हैं कि समाज कैसे काम करता है।

नहीं हैं और न ही आपको उनकी परवाह है। सच तो यह है कि 'मजाक' के माध्यम से ऐसी अश्लीलता को सामान्य बनाना उसी मानसिकता को बढ़ावा देता है जो वास्तविक अपराधों को बढ़ावा देती है। समाज रातोंरात नहीं तबाह होता -इसकी शुरूआत असहनीय को सहन करने, घृणित को ₹सिर्फ हास्य₹ के रूप में नजरअंदाज करने और धीरे-धीरे नैतिक सीमाओं को खत्म करने से होती है।

कानूनी कार्यवाही का मतलब सिर्फ. व्यक्तियों को दंडित करना नहीं है। इसका उद्देश्य एक मिसाल कायम करना है कि कुछ चीजें स्वीकार्य नहीं हैं, चाहे लोग उन्हें कितना भी हास्यपूर्ण बताने की कोशिश करें। यदि वे सचमुच समाज को बेहतर बनाने के बारे में चिंतित हैं, तो उन्हें यह समझना चाहिए कि सांस्कृतिक पतन से लड़ना भी बड़े अपराधों से निपटने जितना ही महत्त्वपूर्ण है। यदि आप सोचते हैं कि हमें ऐसे घृणित 'मजाक' को नजरअंदाज कर देना चाहिए और केवल 'वास्तविक अपराधों' पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, तो आप यह समझने में विफल हैं कि समाज कैसे काम करता है।

विकृत और अपमानजनक हास्य को सामान्य मानने से नैतिक सीमाएँ कमजोर होती हैं और लोग अस्वीकार्य चीजों के प्रति असंवेदनशील हो जाते हैं। कॉमेडी में बिना किसी परिणाम के कुछ भी कहने की छूट नहीं है। खासकर तब जब यह बहुत ही विचलित करने वाले क्षेत्र में प्रवेश कर जाए। कानून गरिमा को बनाए रखने और बुनियादी शालीनता के क्षरण को रोकने के लिए मौजूद हैं। अगर आप 'यह सिर्फ.एक मजाक है' के नाम पर इसका बचाव कर रहे हैं, तो शायद असली मुद्दा यह है कि आप इस तरह की सामग्री के प्रभाव के प्रति बेपरवाह हो गए हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई बहुत जरूरी है। आपका यह तर्क कि हमें 'मजाक के बजाय वास्तविक अपराधों और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए' मूर्खतापूर्ण और अपरिपक्व दोनों है। हास्य में शक्ति होती है और शक्ति के साथ जिम्मेदारी भी आती है।

'मजाक' कहलाने वाली हर बात हानिरहित नहीं होती। कुछ हास्य हानिकारक व्यवहार को सामान्य बना देता है। यदि कोई मजाक अनादर, असंवेदनशीलता या नैतिक सीमाओं को लांघने पर आधारित है, तो यह सवाल उठाना उचित है कि क्या यह समाज का उत्थान करता है या पतन करता है। आलोचना का मतलब 'घटिया मानसिकता' रखना नहीं है; यह संस्कृति पर विषय-वस्तु के प्रभाव को पहचानने के बारे में है। यदि कॉमेडी पर सवाल नहीं उठाया जा सकता तो फिर वास्तव में संवेदनशील कौन है? अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ऐसी सामग्री का बचाव करना केवल यह साबित करता है कि समाज में क्या स्वीकार्य है, इसके प्रति लोग कितने असंवेदनशील हो गए हैं। स्वतंत्रता का अभिप्राय है, सही समय पर सही यानी नैतिक कार्य करने की स्वतंत्रता। इसी प्रकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अभिप्राय है-उचित समय पर उचित बात कहने की स्वतंत्रता। इसके विपरीत कुछ भी, कभी भी कह देने की स्वतंत्रता, स्वच्छंदता है। स्वच्छंदता को ही अराजकता कहा जाता है। अतः स्वतंत्रता एक कानूनी प्रक्रिया है, इसके विपरीत स्वच्छंदता गैरकानूनी है।

अभिव्यक्ति की स्वच्छंदता को प्रश्रय, सोशल मीडिया की गुणवत्ता की जगह मात्रा को अहमियत देने की व्यवस्था ने दिया है। लोग ज्यादा व्यूज के लिए सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं। लोग किसी भी तरह से पैसा और शोहरत हासिल करना चाहते हैं और इस तरह की उत्तेजना पैदा करने वाली बातें युवा वर्ग को आकर्षित करती हैं। इसलिए लोग भद्दी भाषा का प्रयोग करते हैं। अगर यूट्यूब, मात्रा की अपेक्षा गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करे तो ऐसे ओछे प्रयास बंद हो जायेंगे।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## लेटर टू एडिटर

### दलबदल पर अंकुश

**हिमाचल प्रदेश** में अब पार्टी बदलने वाले विधायकों को पेंशन नहीं मिलेगी। दल बदलने वालों पर शिकंजा कसते हुए राज्य के मुख्यमंत्री ने नया कानून बनाने का निर्णय लिया है। विधायकों की पेंशन बंद करने वाला हिमाचल पहला राज्य होगा। संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत किसी भी विधायक को अयोग्य घोषित किया जा सकेगा, जिससे इसे एक अच्छे और समझदार कानून की श्रेणी में रखा जा सकता है। यह कदम बेहद जरूरी था,

**- मोहन सिंह, हजारीबाग**

### बाहर का खाना

**बढ़ती** व्यस्तताओं और पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव के कारण लोग घर के पौष्टिक भोजन के बजाय ऑनलाइन ऑर्डर करके पैक्ड भोजन चुनने लगे हैं। यह भोजन जिन पैकेजिंग सामग्रियों से आता है, पैक्ड भोजन शुद्धता और पौष्टिकता में घर के भोजन का मुकाबला नहीं कर सकता। घर का बना भोजन ही सर्वोत्तम विकल्प है। **-रवि, रांची**

## ट्वीट

**तर्क** की संजीवनी द्वारा श्रद्धा की उत्पत्ति व पोषण ही अपने-अपने राम ऊर्जा-सत्र का मुख्य उद्देश्य है इसलिए सभी सत्रों में दूसरे और तीसरे दिन अधिकतम सवालों को संबोधित करने का प्रयास करता हूँ।

**- कुमार विश्वास, कवि**

**कल** जितने लोगों की यूएसएड के बारे में छटपटाहट देखी, कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता से लेकर टुकड़े टुकड़े गैंग जो सोरोस व अमेरिकी टुकड़ों पर पलते रहे,उनके लिए आज फिर बुरी खबर आई,आज तीसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप जी ने भारत में मोदी जी को हराने के लिए 180 करोड़ सीधे देने,बांग्लादेश में हिंदू विरोधी सरकार के गठन में भूमिका निभाने के लिए अलग से 250 करोड़ देने की बात की ।

**- निशिकांत दूबे ,सांसद**

# दिल्ली में आप की हार के पीछे केजरीवाल की बिगड़ती छवि

**मनोज कुमार मिश्र**

**चुनाव** नतीजों के 12 दिन बाद दिल्ली में शालीमार बाग से पहली बार विधायक बनीं रेखा गुप्ता की अगुवाई में सरकार ने कामकाज संभाल लिया। भाजपा दिल्ली में विधानसभा बनने के बाद हुए पहले चुनाव यानी 1993 में सत्ता में आई थी। आपसी विवाद आदि के चलते पांच साल में भाजपा को तीन मुख्यमंत्री बदलना पड़े। 1998 में दिल्ली की सत्ता से बेदखल होने के बाद इस बार वह सत्ता में लौट पाई है। इस बार भाजपा बिना मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किए चुनाव लड़ी और 70 सदस्यों वाली विधानसभा में 45.86 फीसद वोट और 48 सीटों के साथ सत्ता में वापसी की। दस साल से दिल्ली में सत्ता में बैठी आम आदमी पार्टी( आआपा) का वैसे तो वोट औसत काफी (करीब दस फीसद) घटा लेकिन भाजपा के मुकाबले दो फीसद कम यानी 43.57 फीसद पर रह गया। उसकी सीटें केवल 22 रह गई। भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरी आआपा का सबसे बड़ा संकट यह है कि पूरी पार्टी एक व्यक्ति यानी संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की है। उनके अलावा उस पार्टी में बाकी नेता केवल नाम के हैं। इस चुनाव में वे खुद चुनाव हार गए हैं। उनके लिए भविष्य में पार्टी को एकजुट रखना बड़ी चुनौती है। 2014 में वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ने बनारस पहुंच गए। वे खुद बुरी तरह हारे और उनकी पार्टी देश भर में हारी। परेशान होकर वे जमानत तुड़वाकर तिहाड़ जेल चले गए थे। माना जाता है कि अगर तब भाजपा कांग्रेस के आठ में से छह विधायकों के साथ मिलकर सरकार बना लेती तो आआपा का कहीं पता भी नहीं होता। अब तक की आआपा की राजनीति में यही दिखा है कि उसके नेता अरविंद केजरीवाल के पास धैर्य ज्यादा नहीं है। वे आसानी से किसी पर उबल पड़ते हैं।

## सामयिक

अभी आआपा की सरकार पंजाब में है और उसके विधायक गुजरात में भी हैं। इसी के चलते आआपा अपने स्थापना के दस साल में ही राष्ट्रीय पार्टी बन गई। चुनाव नतीजों के बाद अरविंद केजरीवाल काफी संभलकर बोल रहे हैं। सार्वजनिक रूप से वे बोलने से भी अभी तक बच रहे हैं। दिल्ली में उन्हें विधानसभा में अपने दल का नेता चुनना है। केजरीवाल समेत पार्टी के बड़े नेताओं पर शराब घोटाले समेत कई मामले चल रहे हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत मिली है। यानी आने वाले समय में उनको या मनीष सिसोदिया आदि को जेल जाना पड़ सकता है। आआपा कोई कार्यकर्ता आधारित पार्टी नहीं है और न ही कई राज्यों के दलों की तरह जाति या वंशवादी भी नहीं है। यह तो केजरीवाल , उनके कुछ करीबियों और लाभार्थियों की पार्टी बनकर रह गई है। इसलिए केजरीवाल पर बहुत कुछ झेलने का दबाव रहेगा। अगर वे साल भर इसे झेल लेते हैं तो पार्टी बचेगी, अन्यथा उसके बिखरने का खतरा है। पूरी आआपा में पंजाब सरकार बचाए रखने की प्राथमिकता दिखने लगी है।

भाजपा में बड़ी तादाद में इस बार चुनावी वादे किए गए। हर महिला को हर महीने 2500 रुपए देने, युवाओं को रोजगार का अवसर दिलाने, आटो वालों का बीमा करवाने से लेकर समाज के हर वर्ग को कुछ-कुछ देने के वादे चुनाव पूर्व संकल्प पत्र में किए गए। सरकार ने अपनी पहली मंत्रिमंडल की बैठक में देशभर में लागू आयुष्मान योजना दिल्ली में भी लागू करने का फैसला कर लिया। इन सभी से बड़ी चुनौती गंदा नाला बन चुकी यमुना नदी को साफ करने का वादा है। भाजपा सरकार ने शपथ लेने के साथ ही यमुना की सफाई को प्राथमिकता पर करने की शुरूआत भी कर दी। दिल्ली की खराब सीवर प्रणाली, बड़ी संख्या में बस चुकी अनधिकृत कालोनियों की गंदगी आदि को तो सालों से यमुना ही झेल रही है। एक तिहाई दिल्ली में आज भी सीवर लाइन नहीं है। उसकी गंदगी सीधे यमुना में जाती है। यमुना नदी को साफ करने के लिए सबसे पहली जरूरत है कि ऐसी व्यवस्था बने कि एक बूंद भी सीवर, गंदगी या गंदा पानी यमुना में न जाए। सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च करके सालों से यमुना को साफ करने के नाम पर सरकारी लूट चलती रही है और यमुना पहले से ज्यादा गंदी होती जा रही है। आआपा के नेता अरविंद केजरीवाल ने भी यमुना साफ करने का वादा किया था।

ईमानदारी से उसे न पूरा करने और इसके लिए पांच साल और देने का समय मांगा था। माना जाता है कि उनके ऊपर और उनके नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के मामलों के अलावा आआपा की हार में उनका तीन मुद्दों पर माफी मांगना (आत्म स्वीकृति) भी कारण बने।

# भाषा हमारे अस्तित्व का साधन भी है और साध्य भी

**गिरीश्वर मिश्र**

**भाषाई** और सांस्कृतिक विविधता के अंतरराष्ट्रीय उत्सव के रूप में इस बार का मातृभाषा-दिवस यूनेस्को के आयोजन का रजत जयंती वर्ष है। इसके पीछे टिकाऊ समाज के निर्माण के लिए विभिन्न भाषाओं के संरक्षण, सहनशीलता और पारस्परिक आदर का संकल्प लिया गया है। अपनी और दूसरों की भाषा को समझना अपनी और दूसरों की संस्कृति को जानने-समझने का मुख्य माध्यम है। भाषा न रहे तो हम अपनी संस्कृति को अगली पीढ़ी तक ठीक से पहुँचाने में चूक जाएँगे। ऐसे में आज विश्व में प्रचलित विभिन्न भाषाओं को सुरक्षित और संवर्धित करना हमारा विशेष दायित्व है।

आशा की जाती है कि मातृभाषाओं का समादर समावेशिकता को बढ़ाएगा। एक विरल नैसर्गिक शक्ति के रूप में भाषा हमें न केवल ज्ञान-सृजन का अवसर देती है बल्कि उस ज्ञान को संजोने और दूसरों से साझा करना भी संभव बनाती है। प्रकृति भी इसे समर्थन देती है। जन्म के समय से ही हर सामान्य बच्चा भाषा अर्जित करने के उपकरण से सज्जित रहता है। नवजात की श्रवण शक्ति अद्भुत होती है। वह स्वाभाविक ध्वनि और शोर में फर्क.करने लगता है। छह माह होने के पहले ही वे कई भाषाएँ सुनते और समझते रहते हैं। तीन वर्ष की आयु में उनका तीन-चार भाषाओं से परिचय स्वाभाविक रूप से होता है। दस वर्ष तक यह प्रक्रिया काफी तेजी से चलती है। भारत के बच्चे स्वाभाविक रूप से बहुभाषिक परिवेश में जन्म लेते हैं और उनकी परवरिश होती है।

सांस्कृतिक स्तर पर भाषा-विकास हमारे लिए अद्भुत अवसर बन जाता है। उसी के सहारे ही हम व्यवहार करते हैं, सोचते हैं, कल्पना करते हैं और उस कल्पना को मूर्त आकार भी देते हैं। लिखित रूप में आने के पहले सभी भाषाएँ वाचिक रूप में ही प्रयुक्त होती थीं । भारत में पीढ़ी-दर-पीढ़ी चले आ रहे इस जीवन-दर्शन का एक बड़ा हिस्सा मौखिक रूप से प्राप्त होता रहा है। वेद ह्यश्रुतिह्ल के नाम से विख्यात हैं। अनुमानतः 2300 ईसा पूर्व लिखित रूप में उन्हें प्रस्तुत किया गया। बाद में, विभिन्न भाषाई और सांस्कृतिक विकास ने भाषा, संस्कृति और कलात्मक रूपों के मामले में इस क्षेत्र को अनोखी रंगत दी। इस प्रकार विभिन्न समूहों के बीच संपर्क और उनके भाषाई और सांस्कृतिक आवाजाही ने इस क्षेत्र में बहुभाषिकता के खास पैटर्न को जन्म दिया। इस स्थिति ने भाषाओं में एकता आई तथा जिसने सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों को एक सूत्र में पिरोया। एकता में इस विविधता ने भारतीय सांस्कृतिक जीवन को इंद्रधनुषी रूप दिया जिसमें एक खास कि स्म का समग्रता बोध है। भारतीय भाषाओं में दृष्टिगत समानता हजारों वर्षों के सघन सांस्कृतिक संपर्क के कारण आई। धर्म, दर्शन, संगीत, भोजन, आदि सब में यह स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त होती है।

## भाषा

भारत सदियों से एक बहुभाषी देश के रूप में आगे बढ़ा है। यहाँ समाज का हर वर्ग, हर क्षेत्र, भाषा, कला-रूप और शैलियाँ, एक बहुरूपदर्शी (कैलिडोस्कोप) के टुकड़ों जैसे हैं। यह अनगिनत धागों की एक जटिल बुनाई की याद दिलाती है जिनमें से हर धागा जीवन के आध्यात्मिक, सामाजिक, आर्थिक या राजनीतिक पहलुओं का प्रतिनिधित्व करता है। परंपराओं और आधुनिक विकास ने भी इसकी बहुमुखी एकता में निरंतर योगदान दिया है। इसका जीता जागता ताजा प्रमाण देश के सभी भागों से आए स्नानार्थियों ने संगम तट पर दिया है। महाकुंभ के अवसर पर प्रयाग में त्रिवेणी संगम पर जुटे कोटि-कोटि भारतीयों को देख कर उनकी अंतरंग सांस्कृतिक एकता और ऊपर की विविधवर्णी छवि के बीच अनोखे सामंजस्य का भाव मूर्त हो उठा। इससे यह सच प्रकट हुआ कि भारतीय समाज हमारे सामने सांस्कृतिक, सामाजिक, भाषाई और धार्मिक प्रथाओं का एक समग्र दृश्य रचता है। आज भारत में लगभग आठ सौ भाषाएँ दर्ज हैं। बहुतेरे भारतीय कई भाषाएँ बोलते हैं। यह बहुभाषिकता विभिन्न भाषाई समुदायों के बीच न केवल संचार को प्रभावी बनाती है बल्कि साझा पहचान को सबल करती है। बावजूद इसके कि विभिन्न भाषाएँ अलग-अलग लिपियों का उपयोग करती हैं, इनमें से कई लिपियाँ एक ही मूल की हैं, जैसे ब्राह्मी लिपि। यह साझा भाषाई विरासत, धार्मिक और सांस्कृतिक ग्रंथों में संस्कृत भाषा और साहित्य के व्यापक उपयोग के साथ-साथ भारतीय भाषाई क्षेत्र में गहन निरंतरता विकसित करने में योगदान करती है। साझा विषय, पारस्परिक प्रभाव और समान ऐतिहासिक अनुभव इन विविध साहित्यिक परंपराओं को एक साथ बांधते हैं। तमिलझकाशी संगम जैसा मेल-मिलाप संवाद के द्वारा भारतीय साहित्य एकता में विविधता की अवधारणा का प्रबल उदाहरण प्रस्तुत करता है।

भाषाओं की बहुलता समृद्धि का स्रोत है जो हजारों वर्षों के प्रवास, परस्पर क्रिया और विभिन्न समूहों के बीच एकीकरण से पली- बढ़ी है। भाषिक विविधता की दृष्टि से भारत आज विश्व में दूसरे नम्बर पर है। भारत के संविधान की वर्तमान व्यवस्था में 22 मुख्य भाषाएँ तथा 6 क्लासिकल भाषाएँ (तमिल, संस्कृत, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और ओडिया) सम्मिलित हैं। देवनागरी में लिखी जाने वाली हिंदी आधिकारिक रूप से राजभाषा है हालाँकि इसके भी लगभग पचास रूप हैं। संविधान में यह विशेष प्रावधान है कि अल्पसंख्यक समुदाय अपनी भाषा, लिपि और संस्कृति को सुरक्षित रख सकेंगे। इन सबके बीच हमें यह भी स्मरण करना होगा कि मातृभाषा अस्मिता और संस्कृति को गढ़ने का कार्य करती है। इसी दृष्टि से नई शिक्षा नीति में बहुभाषिकता, लुप्तप्राय भाषाओं का संरक्षण और स्थानीय भाषा में समावेशी शिक्षा जैसे सरोकारों पर खास जोर दिया जा रहा है। औपनिवेशिक विरासत के तहत अंग्रेजी के वर्चस्व का सामाजिक जीवन पर विभाजनकारी असर रहा है। साथ ही इसने भाषाई हीनता को भी जन्म दिया। हिंदी या अन्य भारतीय भाषा जब घर की भाषा हो तब शिक्षा में अंग्रेजी माध्यम कई जटिलताएँ पैदा करता है।

## स्पीड न्यूज

### बलकुदरा में झामुमो की कमेटी गठित



भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को बलकुदरा में हुई। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह पतरातू प्रखंड संयोजक मंडली सदस्य योगेन्द्र यादव उपस्थित थे। बैठक में सदस्यता अभियान चलाने पर करते हुए सर्वसम्मति से बलकुदरा पंचायत का पुनर्गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष सुनील मुंडा, उपाध्यक्ष रवि महली व सुभाष यादव, सचिव अरविंद यादव, कोषाध्यक्ष रोशन मुंडा, संयुक्त सचिव तिलक यादव व कुणाल यादव, संगठन सचिव सतीश मुंडा चुने गये।

### राजद के निर्वाचन अधिकारी बने गिरधारी



भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचन्द्र पूर्वे के निर्देश पर सहायक निर्वाचन पदाधिकारी चितरंजन गगन ने भुरकुंडा कुरसे निवासी गिरधारी गोप को निर्वाचन सत्र 2025–28 के लिए पार्टी का झारखण्ड प्रदेश राज्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोनित किया है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि पार्टी संविधान के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश का निर्वाचन सम्पन्न कराकर अधोहस्ताक्षरी को विधिवत सूचना देंगे। गिरधारी गोप के राजद झारखंड प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी मनोनीत होने पर राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, युवा राजद प्रदेश महासचिव संजय यादव ने दी बधाई।

### नीति चुनी गयी सर्वश्रेष्ठ कराटेकार



भुरकुंडा (रामगढ़)। मार्शल आर्ट सीतोरियों कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया-झारखंड भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान से भुरकुंडा पंचायत भवन में तीन दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग टेस्ट का रविवार को समापन हुआ। मुख्य कराटे प्रशिक्षक सिहोन जीबी थापा के द्वारा कराटेकारों का ग्रेडिंग टेस्ट लिया गया। जिसमें सफल कराटेकारों को विभिन्न बेल्टों के उपाधि से नवाजा गया। साथ ही मुख्य अतिथि भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान और सिहोन जीबी थापा द्वारा बच्चों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं बेहतर प्रदर्शन के लिए सात वर्षीय छात्रा नीति कुमारी को सर्वश्रेष्ठ कराटेकार के रूप में चयन कर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बेल्ट और प्रमाण-पत्र पाने वाले सफल कराटेकारों में भूमि कुमारी, नबील, मो. अजीज, अनीस, खुशी कुमारी, विकास भारती, विश्लेखा, शिवांश राज, रेयांश राज, विकास, खुशी, अनीश, सृष्टि भारती आदि शामिल हैं।

### मीणा मुंडा ने नेट किया क्वालीफाई



रजरप्पा। चितरपुर प्रखण्ड के बड़कीपोना पंचायत निवासी सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा की पत्नी मीना मुंडा ने रांची विश्वविद्यालय रांची से जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के खोरठा विषय से एनटीए द्वारा आयोजित दिसम्बर 2024 की यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। मीना मुंडा सत्र 2018–20 में खोरठा विषय से स्नातकोत्तर में गोल्ड मेडलिस्ट रह चुकी है। उनकी इस सफलता पर बड़कीपोना गांव व पूरे प्रखंड में खुशी की लहर है।

### झारखंड श्रमिक संघ की बैठक नौ को



भुरकुंडा (रामगढ़)। टैक्सटाइल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड पीवीयूएनएल पीटीपीएस में रविवार को अखिल झारखंड श्रमिक संघ की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के महामंत्री सतीश सिन्हा, केंद्रीय कोषाध्यक्ष चंदन कुमार उपस्थित थे। बैठक में मजदूरों को हो रही समस्याओं सहित कंपनी के द्वारा मजदूरों को हाई पावर कमिटी के अनुसार वेतन दिलाए जाने, मजदूरों के लिए सुरक्षा उपकरण की व्यवस्था कराने, मजदूरों का पीएफ का कटौती सही ढंग से कराने, मेडिकल सुविधा दिलाने, मजदूरों से संवेदक के द्वारा जीएसटी का कटौती सही ढंग से करने आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। यूनियन ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 9 मार्च को मजदूरों की समस्याओं का समाधान के लिए बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

### नावाडीह में विशेष ग्राम सभा



चैनपुर। पंचायत में अगर कोई योजना आता है उसका सीधा लाभ लाभुकों को मिलना चाहिए। उक्त बातें मांडू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष संजय प्रसाद ने कही। श्री प्रसाद नावाडीह पंचायत भवन में आयोजित विशेष ग्राम सभा में लाभुकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पंचायत के सभी पदाधिकारियों को योजनाओं चयन को लेकर बैठक करने का भी निर्देश दिया। मौके पर पंसस पूजा भारती, पंचायत सचिव पंकज करमाली, रोजगार सेवक सुरेंद्र प्रसाद, सिकंदर कुमार, धानेश्वर प्रसाद, चंपा देवी, तेजू महतो, सुमन देवी, मिथलेश कुमार, संजय महतो, धरेंद्र महतो, गंगाराम मांझी आदि शामिल थे।

### गुलशन-ए-रजा में लगा रक्तदान शिविर



भुरकुंडा (रामगढ़)। युवा ब्लड डोनर ग्रुप ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में रविवार को सिटी हॉस्पिटल ब्लड बैंक रामगढ़ के सौजन्य से मेन रोड भुरकुंडा स्थित मदरसा गुलशन-ए-रजा में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 20 लोगों ने रक्तदान कर जीवन बचाने की मुहिम में ब्लड डोनेट के लिए प्रेरित किया। वहीं ब्लड डोनर ग्रुप ऑफ भुरकुंडा रामगढ़-झारखंड के संस्थापक सह अध्यक्ष मेराज अंसारी ने 24वां बार रक्तदान करते हुए कहा कि इस शिविर का उद्देश्य अस्पताल में हो रहे रक्त की कमी को पूरा करना था। उन्होंने रक्तदान महादान का नारा बुलंद करते हुए कहा कि आपका दिया हुआ रक्त किसी की जान बचा सकता है।

# बजट में कृषि को विशेष प्राथमिकता : सांसद

## हजारीबाग में केंद्रीय बजट 2025 पर परिचर्चा

### विकसित भारत के लिए संकल्पित है बजट : सेठ

खबर मन्त्र संवाददाता




हजारीबाग। जैन धर्मशाला में केंद्रीय बजट 2025 पर परिचर्चा और प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के प्रमुख व्यवसायी, प्रोफेसर, डॉक्टर, वकील और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री सुनील मेहता द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि 2025 का बजट विकसित भारत का संकल्पित बजट है। उन्होंने बताया कि इस बजट में 12 लाख तक की आय पर आयकर छूट दी गई है, जिससे लाखों करदाताओं को राहत मिलेगी। उन्होंने जीएसटी में सुधार का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचेगा। डिजिटल लेनदेन में भारत दुनिया का सबसे अग्रणी देश बन गया है, जिससे लाखों युवाओं को रोजगार मिला है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने बजट को प्रोग्रेसिव बजट बताते हुए कहा कि इसमें कृषि क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। केसीसी लोन की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी गई है, जिससे किसानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। झारखंड के लिए 700 करोड़ रुपये का रेल बजट आवंटित किया गया है, जो राज्य के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करेगा। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना आवश्यक है, जिससे कृषि उत्पादों का सही उपयोग हो सके। परिचर्चा में चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शंभु अग्रवाल, चार्टर्ड अकाउंटेंट विकास वर्मा, डॉक्टर मधुबाला, प्रोफेसर सुबोध सिंह, उद्योगपति शंकर चंद्र पाठक सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भाजपा जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि बजट से हर वर्ग को लाभ मिलेगा और यह भारत के विकास को नई गति देगा।

# शहीद परिवार की हर संभव मदद करेगी सरकार : सेठ

**शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के परिजनों से मिले संजय सेठ, मनीष जायसवाल व प्रदीप प्रसाद**

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। जम्मू-कश्मीर के अखनूर में आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए हजारीबाग के वीर सपूत कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के जुलु पार्क स्थित आवास पर रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सहित कई गणमान्य पहुंचे। सभी ने शहीद की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना दी रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि कैप्टन करमजीत सिंह का बलिदान देश कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार शहीद परिवार की हर संभव मदद करेगी और राज्य सरकार से भी सहयोग के लिए चर्चा की जाएगी। सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि वे हर परिस्थिति में स्वेटे और भाई की तरह उनके साथ खड़े रहेंगे। इस दौरान शहीद के परिवार ने कैप्टन करमजीत की यादें साझा कीं, जिससे माहौल भावुक हो गया और सभी की आंखें नम हो गईं। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष राजकरण पांडेय, सुनील मेहता, आनंद देव, कुणाल दुबे, जीतू जैन, लवू गुप्ता और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### चुटूपालू में सड़क दुर्घटना में 10 श्रद्धालु हुये घायल



रामगढ़। चुटूपालू घाटी में रविवार को सड़क दुर्घटना में पीकअप वैन पर प्रयागराज महाकुंभ जा रहे 10 लोग घायल हो गए।एक अनियंत्रित ट्रेलर रेलिंग को क्षतिग्रस्त करते हुए डिवायडर पर चढ़ गया। दुर्घटना में रेलिंग सड़क के बीच बिखर गया। इससे प्रयागराज महाकुंभ जा रहे पिकअप वैन जिसपर 10 लोग सवार थे चपेट में गई। दुर्घटना में सभी घायल हो गए। जिनमें से 4 की स्थिति गंभीर है। घटना में घायल हुए लोगों को सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल 4 लोगों को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया।

### शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को ले निकाली गयी कलश यात्रा



कुजू। श्री श्री 1008 पंच दिवसीय शिव शक्ति सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को सांडी कांटी फैक्ट्री स्थित शिव नगर कॉलोनी में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल 251 महिला पुरुष श्रद्धालु गाजे बाजे के प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना पहुंचे। यहां यज्ञाचार्य बालमुकुंद पांडेय, यज्ञ संचालक राकेश कुमार पांडेय, नवीन पांडेय, प्रभाकर पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, सौरभ पांडेय ने यजमान हरिनंदन चौधरी, रामदेव यादव, राजू चौधरी सपत्नीक के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया। तपश्चात सभी कलशधारी अपने अपने कलश में जल को भरा। साथ ही नगर भ्रमण और देवी देवताओं के जयघोष के साथ यज्ञ मंडप पहुंचे, जहां कलशों को स्थापित किया गया। कलश यात्रा में पप्पू महतो, हरि महतो, नीरज झा, रामसहाय बेदिया, पवन महतो, प्रदीप मुखर्जी, संजय कुमार, मेवालाल महतो, अशोक सिंह उर्फ भोला सिंह, राकेश चौधरी, एपी गुप्ता,ज्योति वर्मा, अनुग्रह पंडित, संजीव झा, नागेन्द्र यादव,संदीप यादव, सूरज सिंह,गणेश उरांव, बुधराम,शानू कुमार व अन्य शामिल थे।

### विधायक रोशन चौधरी ने बलकुदरा में पीसीसी पथ का किया शिलान्यास



भुरकुंडा (रामगढ़)। डीएमएफटी मद से बलकुदरा में एक किलोमीटर तक बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शनिवार को शिलान्यास हुआ। इसका शिलान्यास मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा के भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी ने भूमिपूजन और नारियल फोड़कर किया। साथ ही शीला पट्ट का अनावरण कर पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए कहा कि पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास ही मेरी पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सड़क विकास का पैमाना होता है। सड़क बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। बताया गया कि डीएमएफटी मद से बनने वाला यह पथ सियारी टोला जतरू उरांव के घर से सियारी टोला क्वारी गेट तक लगभग एक किलोमीटर लम्बा होगा। कार्यक्रम में मुखिया किरण यादव, पूर्व उप मुखिया लालू महतो, वार्ड सदस्य सुनीता देवी, बिरसा उरांव, प्रकाश महतो, जतरू उरांव, सुनिल उरांव, सुभाष उरांव, अकलू उरांव, राम प्रसाद उरांव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### चौपारण में पांच एकड़ अफीम की फसल नष्ट



चौपारण। अवैध अफीम (पोस्ते) की खेती के खिलाफ पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। रविवार को अहरी और नावाडीह जंगल में 5 एकड़ में फैली अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया गया। इस अभियान का नेतृत्व चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने किया। उन्होंने बताया कि यह तीसरी बार कार्रवाई है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अवैध खेती और तस्करी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पिछले कुछ महीनों में चलाए गए सर्च ऑपरेशन के तहत अब तक 500 एकड़ में लगी अवैध फसल को नष्ट किया जा चुका है। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने कहा कि हमारा मकसद अवैध अफीम की खेती और तस्करी को जड़ से खत्म करना है। हमारी टीम लगातार निगरानी कर रही है, और आगे भी ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध खेती करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।ह वन विभाग के अधिकारियों ने भी स्पष्ट किया कि जंगलों में अवैध अफीम की खेती पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के लिए चौकसी और निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस और वन विभाग की इस सख्ती से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# अधिकार के लिए लड़ें : महेश्वर साहु

**छात्र-युवा सम्मेलन 23 मार्च को व वैश्य महासम्मेलन 23 अप्रैल को**




भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा पतरातू डैम स्थित पंचवटी सभागार में रविवार को प्रशिक्षण शिविर सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वैश्य मोर्चा के विभिन्न जिलों से आये केंद्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारी परिवारजनो के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए उपहार लॉटरी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु द्वारा दीप जला कर किया गया। शिविर में सर्वप्रथम प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता एवं उप प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तावना-पत्र का पाठ किया गया। तत्पश्चात कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल (धनबाद), हीरानाथ साहु (कांके), मोहन साव (गोमिया) आदि ने अपने विचार रखते हुए कई सुझाव दिए। अपने अध्यक्षीय भाषण में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि वैश्य मोर्चा एक सामाजिक संगठन है, लेकिन समाज के मुद्दों पर लड़ना, हक के लिए आवाज उठाना हमारा संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि संगठन का होना जरूरी है। जो लोग संगठन के साथ जुड़े रहते हैं, उन्हें संगठन का हमेशा साथ और सहयोग भी मिलता है। हक अधिकार की लड़ाई भी संगठन के साथ जुड़ कर ही लड़ा जा सकता है। श्री साहु ने एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि अधिकार चाहिए तो लड़ना ही पड़ेगा। संघर्ष के रास्ते ही मंजिल तक पहुंचा जा सकता है। शिविर में प्रस्ताव पारित कर घोषणा की गयी कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण सहित अपनी मांगों को लेकर वैश्य मोर्चा आंदोलन जारी रखेगी। दूसरे प्रस्ताव में राज्य सरकार से विधानसभा के कल से होने वाले सत्र में वैश्य मोर्चा की मांगों पर विचार करने की मांग की गई। यह भी घोषणा किया गया कि 23 मार्च को रांची में छात्र-युवा सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। जबकि 23 अप्रैल को रांची में ही वैश्य अधिकार महासम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।

### झामुमो का पुनर्गठन

कुजू। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कुजू जोन के पूर्वी, पश्चिमी व दक्षिणी पंचायत के पुनर्गठन को लेकर रविवार को कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता राजू रहमान व संचालन प्रदीप महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडल सदस्य राज कुमार महतो, विजय राम, गुलाम नबी, नरेश हांसदा, सुरेश चंद्र पटेल, मोगलचंद पटेल शामिल हुए। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से कुजू जोन के पूर्वी, पश्चिमी व दक्षिणी पंचायत का पुनर्गठन किया गया। जिसमें कुजू पूर्वी पंचायत में अध्यक्ष के रूप में तुलसी महली, सचिव इमरान अहमद, कोषाध्यक्ष गंगाराम मुर्मू, कुजू पश्चिमी में अध्यक्ष मनोज ठाकुर, सचिव राजा खान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, कुजू दक्षिणी में अध्यक्ष मो युनूस, सचिव सुधीर हेम्ब्रोम, कोषाध्यक्ष रमेश मांझी का चयन किया गया। राजकुमार महतो ने कहा कि झामुमो का एक ही रणनीति है वह सिर्फ और सिर्फ जनता का विकास।

## एक नजर में

### कटकमदाग में नितेश का हुआ अंतिम संस्कार



कटकमदाग। महाकुंभ से अयोध्या से लौट रहे श्रद्धालुओं की टाटा सुमो एक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई, जिसमें कटकमदाग प्रखंड के सलगावां गांव निवासी 21 वर्षीय बालक नितेश कुमार राणा सहित सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा 20 फरवरी की देर रात जौनपुर जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र के सुलेखापुर के पास हुआ, जब उनकी गाड़ी एक अज्ञात बस से टकराने के बाद डिवाइडर से टकराकर पलट गई। टाटा सुमो में कुल 11 श्रद्धालु सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि पांच श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बालक नितेश कुमार राणा समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान नितेश कुमार राणा और एक अन्य श्रद्धालु ने दम तोड़ दिया। शनिवार अहले सुबह नितेश कुमार राणा का शव गांव लाया गया, जिसके बाद पूरे सलगावां गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। दोपहर में शव को अंतिम संस्कार के लिए सलगावां मुक्तिधाम ले जाया गया, जहां पिता राजेंद्र राणा ने अपने पुत्र को मुखाग्नि दी। इस दौरान गांव और आसपास के सैकड़ों लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए और नम आंखों से नितेश को विदाई दी। २३ है पी २ : नम आंखों से अंतिम विदाई

### डीएवी स्कूल में कानूनी साक्षरता क्लब खुला



हजारीबाग। डीएवी पब्लिक स्कूल, सीनियर विंग, कैनरी हिल, हजारीबाग में कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रकानूनी साक्षरता क्लबर का भव्य उद्घाटन किया गया। यह वर्चुअल उद्घाटन माननीय जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद द्वारा संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सीनियर डिवीजन टू जज, श्रीमती रूपा बंदना कीरो ने कहा कि कानूनी जागरूकता समाज की नींव को मजबूत करने का कार्य करती है। यह क्लब नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों, कर्तव्यों और विधिक पहलुओं की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाएगा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रजनीश कुमार, पैनल लॉयर श्री गौरव सहाय, डिप्टी चीफ एल.ए.डी.सी. विकास कुमार सोनी, श्रीमती निवेदिता सिंह और पी.एल.वी. दीपक कुमार सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कानूनी शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्रों से इस पहल का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। कानूनी साक्षरता क्लब के माध्यम से स्कूल में नियमित रूप से कार्यशालाएँ, विधिक सहायता शिविर, जागरूकता अभियान और विशेषज्ञों के संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्राचार्य डॉ. रजनीश कुमार ने सभी अतिथियों, छात्रों और सहभागियों का आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि क्लब विधिक जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालु हुये शामिल

हजारीबाग। ओकनी स्थित साईं मंदिर परिवार के 13वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को एक भव्य मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं, विशेष रूप से महिलाओं और युवतियों, ने पारंपरिक रूप से सजे-धजे कलश लेकर यात्रा में भाग लिया। यह विशाल शोभायात्रा खजांची तालाब स्थित मनोकामना मंदिर प्रांगण से बाजे-गाजे और उत्साह के साथ निकाली गई। पूजन-अर्चन के बाद श्रद्धालु सिर पर कलश में नारियल, आम पत्र और अन्य शुभ सामग्री लेकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरे। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा और 'ॐ साईं राम' के जयघोष से शहर गुंजायमान हो उठा। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सांसद सेवा कार्यालय के समक्ष इस कलश यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और आयोजकों को पुष्पमालाएं पहनाकर उनके धार्मिक प्रयासों की सराहना की। इस दौरान उनके साथ बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो समेत कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। इस भव्य आयोजन ने पूरे शहर को साईं भक्ति के रंग में रंग दिया और हर ओर भक्तिमय वातावरण देखने को मिला।

### बुद्ध ट्रेनिंग कॉलेज में अभिभावक-शिक्षक बैठक



हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज में रविवार को आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक में प्रशिक्षुओं के सर्वांगीण विकास और अनुशासन पर विशेष जोर दिया गया। इस बैठक में अभिभावकों ने महाविद्यालय प्रबंधन को कई सुझाव दिए, जिसमें एम.एड. और बी.पी.एड. के अलावा व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू करने की मांग प्रमुख रही। बैठक में अभिभावक रामचंद्र रवि ने महाविद्यालय में अनुशासन, उपस्थिति, नियमित कक्षाओं और विविध गतिविधियों को इसकी खास पहचान बताया। वहीं, अभिभावक अबोध कुमार, जो स्वयं सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं, ने कहा कि वह अपनी बेटी से यहां की गतिविधियों के बारे में जानकारी लेते हैं और अपने स्कूल में भी इसे ही अनुशासन लागू करने का प्रयास करते हैं। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने बैठक के दौरान अभिभावकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और कॉलेज के नियमों-परिनियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने 80प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होने पर जोर देते हुए कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि देश के लिए जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। बैठक का संचालन सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन वर्षा कुमारी ने दिया। इस अवसर पर सभी सहायक प्राध्यापक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

### विधायक ने किया कलश यात्रा का शुभारंभ



चौपारण। अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा, हजारीबाग और चतरा जिला शाखा द्वारा बिगहा, चौपारण में आयोजित श्री श्री 1008 रुद्र यज्ञ सह द्वितीय महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यज्ञ समारोह की शुरुआत 751 कलशधारी महिलाओं की कलश यात्रा से हुई, जिन्होंने छठ तालाब और शिव मंदिर से जल संग्रह किया। लगभग 10 किमी नगर भ्रमण के बाद, पवित्र मंडप में कलश स्थापित किए गए। कलश यात्रा के दौरान बिगहा, चतरा मोड़, बजरंग टोला, बस स्टैंड समेत कई इलाकों से गुजरते हुए भक्तों ने धार्मिक आस्था प्रकट की। हालांकि, महाकुंभ के चलते जीटी रोड पर जाम की स्थिति बनी रहने से यात्रा का मार्ग थोड़ा छोटा कर दिया गया। यज्ञ का शुभारंभ विधिवत मंत्रोच्चारण के बीच हुआ, जहां विधायक मनोज यादव ने प्रधान पुजारी को कलश सौंपकर यात्रा को रवाना किया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से संजय राणा, बिरेन्द्र रजक, राजदेव यादव, सुखदेव पासवान, राकेश रंजन, बिनोद सिंह, पप्पू रजक, ममता देवी, रमेश ठाकुर, विकास यादव, रामचंद्र सिंह, संजय सिंह, विराज रवीदास समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यज्ञ को सफल बनाने में महेंद्र चंद्रवंशी, करुणा चंद्रवंशी, छत्रधारी चंद्रवंशी, देवधारी चंद्रवंशी, अशोक राम, लखन चंद्रवंशी, देवेंद्र चंद्रवंशी सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के 44वें वार्षिक उत्सव की तैयारी पूरी

# 11 और 12 अप्रैल को मनायी जाएगी हनुमान जयंती

- भव्य शोभायात्रा, सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या से गूंजेगा शहर



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री हनुमान संकीर्तन मंडल द्वारा श्री हनुमान जयंती एवं मंडल के 44वें वार्षिक उत्सव की भव्य तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर 11 और 12 अप्रैल को दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसकी रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए श्री अग्रसेन भवन में एक बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नवीन सिन्हा व संचालन सचिव विक्की केसरी ने की।

वहीं मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम अड्डी बंगला रोड स्थित रामगोपाल केदारनाथ फैक्ट्री परिसर में संपन्न होगा। पहले दिन भव्य शोभायात्रा और सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। इसके उपरांत स्थानीय एवं बाहरी कलाकारों द्वारा दो दिवसीय भजन संध्या का शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें भक्तगण भक्ति की गंगा में गोता लगाएंगे।

बैठक में मंडल पदाधिकारियों और सदस्यों को कार्यक्रम की सफलता के लिए विभिन्न दायित्व सौंपे गए। शोभायात्रा व्यवस्था का जिम्मा गौतम पांडेय, अभिषेक पांडेय, सुशील सिन्हा, विकास अग्रवाल और राकेश सिंह राजपूत को दिया गया।

मंच संचालन की जिम्मेदारी गौतम पांडेय, राकेश काप्सीमे और मुकेश को सौंपी गई। सुंदरकांड पाठ के आयोजन की जिम्मेदारी नवीन सिन्हा और अरविंद चौधरी को दी गई। पूजा व्यवस्था की देखरेख अनिल मिश्रा और विजय पांडेय करेंगे, जबकि दरबार सज्जा की जिम्मेदारी गौतम पांडेय, राहुल सिंह, अनिल मिश्रा, गिरधारी सोमानी, अभिषेक पांडेय और विकास अग्रवाल को दी गई है। वहीं प्रशासनिक व्यवस्था में नवीन सिन्हा, विक्की केसरी और पीयूष सिंह सक्रिय भूमिका निभाएंगे। वहीं प्रचार-प्रसार का कार्य ओम प्रकाश निरंजन, अनूप बर्णवाल और आलोक सिन्हा के जिम्मे होगा। महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था अभिषेक पांडेय, मनोज साव, साकेत सिंह और राजेश वर्मा संभालेंगे। साज-सज्जा का कार्य राकेश सिंह, बबलू सिंह, बबलू पांडेय, गिरधारी सोमानी और विशाल काप्सीमे को सौंपा गया है। प्रसाद पैकिंग में सुजय सिंह, मनोज माथुर, गुड्डू मिश्रा, राकेश काप्सीमे और सुशील सिन्हा का सहयोग रहेगा। सामान लाने-ले जाने की व्यवस्था में सचिन कुमार, राजेश वर्मा और अमित शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### आयोजन के लिए चंदा समिति का गठन

कार्यक्रम के आयोजन के लिए चंदा समिति का गठन किया गाया। जिसमें विद्यापुरी क्षेत्र से सुशील सिंह, विजय पांडे, मनोज माथुर, आशुतोष भदानी और गुड्डू मिश्रा, जबकि बाजार क्षेत्र से नवीन सिन्हा, अरविंद चौधरी, राहुल सिंह, राकेश काप्सीमे, सुजल सिंह, बबलू सिंह और बबलू पांडेय शामिल हैं। बैठक में सचिव विक्की केसरी, बबलू पांडेय, मनोज कुमार साव, रामकृपाल कंठ, अनिल कुमार अग्रवाल, अनुप कुमार, राजेश वर्मा, उमंग अग्रवाल, राजेश मिश्रा, मनोहर पांडेय, मनोज सिंह, मनोज सेठ, ज्योति पहाड़ी, सुजय सिंह, विकास अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, सुशील सिंह और राहुल सिंह आदि उपस्थित थे।

### मां विघ्न विनाशिनी मंदिर में हवन कार्यक्रम का आयोजन

**डोमचांच (कोडरमा)।** मां विघ्न विनाशिनी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनी। इस दौरान हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं शाम में महाप्रसाद का वितरण किया गया। वहीं अनुष्ठान को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप मेहता, उपाध्यक्ष मिथिलेश मेहता, सचिव दीपक मेहता, प्रदीप मेहता, सोनू कुमार, शशि मेहता, दौलत मेहता, विकास शर्मा, निलेश नमन, राजेश ठाकुर, लाल मोहन मेहता, महादेव मेहता, रंजीत मेहता, संजय मेहता आदि ने सहयोग किया।

### वन सुरक्षा समिति का रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित

**सतगावां (कोडरमा)।** वन सुरक्षा समिति दोनैया, करचौता, जमटोटो, महथाडीह व सतगावां वन प्रक्षेत्र द्वारा जंगलों की रक्षा के लिए करचौता जंगल में शनिवार को रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर इसकी शुरुआत की गयी। वहीं ग्रामीणों व वन सुरक्षा समिति के सदस्यों ने वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर जंगल को बचाने का संकल्प लिया। वहीं वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष लखन राय ने कहा कि आज झारखंड में वृक्षों व जंगलों से हरियाली फैली है, इसे बचाकर रखने से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलेगा। वनों को बचाना हम सबों का कर्तव्य है। वहीं वनरक्षी अनिल कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम किए जाने से लोग जागरूक होंगे। वहीं उन्होंने ग्रामीणों से वन कर्मियों को सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में युगल प्रसाद यादव, राहुल कुमार यादव, दीपक दीवाना, बनारसी कुमार यादव, शर्मिला देवी, गुड्डू कुमार यादव, अविनाश कुमार यादव, महेश कुमार, संतोष कुमार चौधरी, रंजीत चौधरी, कमलेश कुमार, सहदेव भोक्ता, गायत्री देवी, धीरज कुमार आदि मौजूद थे।

### भूमि विवाद को लेकर मारपीट, छह घायल

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बीरजामु में भूमि विवाद को लेकर शनिवार को दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई, इसमें एक पक्ष के छह लोग घायल हो गये। सभी का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। मारपीट में घायल इस्राइल अंसारी पिता असगर अंसारी ने बताया कि बीरजामु में उसकी पुश्तैनी जमीन है, जिस पर वह अपने परिवार के साथ घर बनाकर रह रहे हैं। जब वे मकान बना रहे थे, उसी समय से मंसूर मियां और उसके भाइयों ने उस जमीन पर अपना दावा करते हुए विवाद शुरू किया था। मामले को लेकर कई बार पंचायत भी हुई, पंचायत के द्वारा हमारे पक्ष में निर्णय दिया गया, परंतु उक्त लोग बार-बार विवाद करते रहते हैं। वहीं इस्राइल अंसारी ने बताया कि वे एक शिक्षक हैं, शनिवार को जब वे स्कूल से घर लौट रहे थे, तो मंसूर मियां, तस्सवुर मियां व मनिरुद्दीन मियां लाठी-डंडे से हमला कर उन्हें घायल कर दिये। वहीं बीच बचाव करने आयी जुबैदा खातून, उसकी तीन बेटियां और एक बेटा भी घायल हो गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मामले को जांच कर रही है।

### मां मथुरासिनी महोत्सव 21 मार्च से

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री माहुरी भवन में माहुरी वैश्य मंडल की कार्यकारिणी बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अरुण सेठ तथा संचालन सचिव सुनील भदानी व संयुक्त सचिव गौतम वैश्खियार ने संयुक्त रूप से किया। वहीं मंडल अध्यक्ष अरुण सेठ ने कहा कि मां मथुरासिनी महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की एकता और समर्पण का प्रतीक है। वहीं माहुरी वैश्य महामंडल के उपाध्यक्ष रवि कपसिमे ने कहा कि यह तीन दिवसीय आयोजन होगा। जिसमें 21 मार्च को ध्वजारोहण, भव्य शोभायात्रा, 22 मार्च को माता की पूजा-अर्चना, हवन, प्रसाद वितरण, अखंड ज्योत, कीर्तन, महाआरती व गजरा अर्पण तथा 23 मार्च को मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। वहीं बैठक में मां मथुरासिनी महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर अभिषेक रंजन को संयोजक नियुक्त किया गया। वहीं मंडल सचिव सुनील भदानी ने कहा कि यह महोत्सव समाज की एकता और समर्पण को दर्शाने वाला एक भव्य आयोजन होगा। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष पप्पू भदानी, उदय बड़गवे, रजत बड़गवे, सुनील ब्रहपुरिया, राजेश कुमार, प्रदीप कंधवे, शैलेश कुमार पहाड़ी, विकास वैश्खियार, गौतम वैश्खियार, प्रभाकर भदानी, संदीप लोहानी, अजय लोहानी, सागर भदानी, अनुराग भदानी, रूपेश लोहानी, विशाल कपसिमे, रवि लोहानी, नितेश कुमार निक्की, रोबिनस कुमार, अंकित कुमार, राकेश कपसिमे, महेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

## झारखंड पर्यटन निदेशालय के नि:शुल्क पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोडरमा को मिला प्रथम स्थान

- यह कार्यक्रम 17 फरवरी से 21 फरवरी तक रांची में आयोजित किया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड पर्यटन निदेशालय द्वारा पर्यटन उद्योग से जुड़े पेशेवरों के लिए नि:शुल्क आवासीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 17 से 21 फरवरी तक रांची में आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य टूर ऑपरेटर, टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंटों के कौशल को विकसित करना था।

इस प्रशिक्षण में झारखंड के 10 जिलों से 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें कोडरमा जिले के प्रतिभागी मो. अर्शिद अंसारी और उनकी टीम ने भाग लिया। जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कोडरमा को प्रथम स्थान मिला। इन प्रतिभागियों को पर्यटन उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप विशेष प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे पर्यटन क्षेत्र में अपनी सेवाओं को और अधिक कुशल बना सकें। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे उन्हें पर्यटन क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें।

पर्यटन निदेशालय द्वारा आयोजित यह पूरी तरह से आवासीय कार्यक्रम था, जिससे प्रतिभागियों को केंद्रित और व्यावहारिक प्रशिक्षण का लाभ मिला। यह पहल झारखंड के पर्यटन उद्योग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और सेवा गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से की गई है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य के पर्यटन व्यवसाय को और अधिक सशक्त बनाएंगे, बल्कि स्थानीय युवाओं को भी इस क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करेंगे।

## जिला जनसंपर्क कार्यालय ने किया प्रखंड स्तरीय सेमिनार का आयोजन

- बाल विवाह और बाल हिंसा की रोकथाम के उपायों पर हुई चर्चा




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के तहत बच्चों की उत्तरजीविता, विकास, संरक्षण और उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए बंगाखलार पंचायत भवन में प्रखंड स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल विवाह और बाल हिंसा की रोकथाम के उपायों पर चर्चा हुई। मौके पर मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति के सदस्य अनिल कुमार सिंह, सखी वन स्टॉप के नोडल पदाधिकारी अर्चना ज्वाला, चाइल्ड हेल्प नाइन की नैना कुमारी, समर्पण संस्था के सचिव इंद्रमणि साहू, पंचायत सेवक किशोर कुमार, समन्वयक सचिन कुमार व शंकरलाल राणा ने बच्चों की सुरक्षा, उनकी शिक्षा और उनके समग्र विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया। वहीं सीडब्ल्यूसी के सदस्य अनिल कुमार सिंह ने कहा कि बालकों के साथ कोई भी हिंसा या शोषण हमारे समाज को कमजोर करता है, इस तरह की पहल से निश्चित रूप से जिले में बालकों के संरक्षण और विकास के लिए कार्यों में तेजी आयेगी। साथ ही बाल विवाह व बाल हिंसा के मामलों में कमी आयेगी। वहीं अर्चना ज्वाला ने कहा कि बाल विवाह केवल कानूनी अपराध नहीं है, बल्कि यह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और मानसिक विकास को भी नुकसान पहुंचाता है, इसे रोकने के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर काम करना होगा। वहीं चाइल्ड हेल्प लाइन की नैना कुमारी ने कहा कि 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर है, जो बच्चों की मदद करता है। इस नंबर पर कॉल करने वालों का नाम गुप्त भी रखा जाता है। वहीं समर्पण संस्था के सचिव इंद्रमणी साहू ने भी बच्चों के संरक्षण और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा की। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया शिव शंकर राय ने की। मौके पर सूरज कुमार उजाला, वीणा राज, नमिता देवी, कल्याण फाउंडेशन के मेरियन सोरेन, विमला देवी, पूनम देवी, मंटू कुमार, चंचला देवी, कोमल कुमारी, प्रमिला देवी, वीणा कुमारी, सीता देवी, कमला देवी, कृष्णा कुमार, बतेसिया देवी, जितेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### जवाहर घाट डैम में तैरता एक अज्ञात युवक का शव बरामद



**कोडरमा।** चन्दवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत उरवां जवाहर घाट फिसरी जंगल में रविवार देर शाम बराकर डैम के पानी में तैरता एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार जवाहर घाट फिसरी जंगल पानी के किनारे कुछ युवक घूमने के दौरान सेल्फी ले रहे थे। इसी दौरान पानी में तैरता कुछ दिखाई दिया, इसके बाद युवकों ने वोट चालकों व चंदवारा थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी। वहीं घटना की सूचना पाकर चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार, एएसआई नीरज कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को पानी से निकालने में जुटे हैं।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कोडरमा थर्मल पावर प्लांट का किया शैक्षिक भ्रमण

- छात्रों ने पावर प्लांट के विभिन्न चरणों को नजदीक से देखा और विशेषज्ञों से कोयले से बिजली उत्पादन की जानकारी प्राप्त की



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बांझेडीह स्थित कोडरमा थर्मल पावर प्लांट का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया से अवगत कराना और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने पावर प्लांट के विभिन्न चरणों को नजदीक से देखा और विशेषज्ञों से कोयले से बिजली उत्पादन, पर्यावरणीय प्रभावों और बिजली वितरण प्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्लांट के अधिकारियों ने छात्रों को सुरक्षा मानकों और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में भी बताया। इस भ्रमण में विद्यालय के रोटरी इंटरैक्ट क्लब के छात्र हर्षवीर रीताम्भर, दर्श जगनानी, ऋत्विक श्रीवास्तव, रौनक सिंह, जसकरण सिंह बग्गा, राहुल आर्यन, सोनाक्षी शर्मा, दीपशिखा, रिषा श्रीवास्तव, जुनैरा जावेद, चारवी जैन, अनु परवीन, जयंती कुमारी अपने शिक्षक राहुल मिश्रा एवं कोमल घोष के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से छात्रों को पाठ्यपुस्तकों से परे व्यावहारिक अनुभव मिलता है, जिससे उनकी समझ और रुचि दोनों बढ़ती हैं। छात्रों ने भी इस यात्रा को ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि यह उनके लिए एक अनूठा अनुभव था। विद्यालय प्रशासन ने कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई।

## स्वयं सेवकों ने एड्स से बचाव के लिए निकाली जागरूकता रैली



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन महात्मा गांधी सदन ने कार्यभार संभाला। पहले सत्र में लक्ष्यगीत के साथ शुरुआत कर महाविद्यालय के सचिव अविनाश सेठ ने स्वयंसेवकों को मंत्र उच्चारण और योग व आसन करवाया। उसके बाद स्वयं सेवकों ने गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में एड्स बचाव पर जागरूकता रैली निकाल ग्रामीणों को जागरूक किया।

वहीं सभी स्वयंसेवकों ने गांव में ग्रामीणों के साथ मिलकर फलदार एवं औषधिक पौधों का वृक्षारोपण किया। तत्पश्चात सभी स्वयं सेवकों ने मिलकर भोजन बनाया एवं भोजन किया। वहीं दूसरे सत्र में सभी स्वयं सेवकों ने ग्रामीण महिलाओं के कौशल विकास एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सखुआ पत्तों का दोना एवं पुराने न्यूज पेपर से ठोंगा बनाना सिखाया। तत्पश्चात ग्रामीण बच्चों को नये जूते, कपड़े और फल वितरित किए गए।

मौके पर अमित कुमार, इंद्रदेव, शिखा, अन्ना श्री, अभिजीत, मनीषा, ट्विंकल, मधु, आलोक कुमार, रवि प्रसाद, तमन्ना परवीन, जुली कुमारी, ओशो अंशुमन, सुलेखा, सृष्टि, महादेव, महाविद्यालय के डीएलएड विभागाध्यक्ष मनीष सिंह, सूचित कुमार, महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी मौजूद थी।

## खबर एक नजर में

### एनटीपीसी में फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग में गड़बड़ी, पीटीपीएल कंपनी पर गंभीर आरोप



**टंडवा।** एनटीपीसी से फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग में लगी पीटीपीएल कंपनी पर गोरखधंधे के गंभीर आरोप लगे हैं। कंपनी पर फ्लाई ऐश की जगह मिट्टी ढोकर फर्जी चालान कटवाने का आरोप है। सूत्रों के अनुसार, इस घोटाले को एनटीपीसी के फ्लाई ऐश विभाग के एक वरीय अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है, जिससे यह खेल लंबे समय से चल रहा है। पीटीपीएल कंपनी एनटीपीसी में मिट्टी और फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टिंग का कार्य करती है और वर्तमान में एएम इन्फ्रा का भी काम देख रही है। आरोप है कि कंपनी एक ही गाड़ी से दोनों कार्य कर रही है और अवैध रूप से करोड़ों रुपये कमा रही है। रविवार को एनटीपीसी के स्टाफ ने कांटा घर में कई ऐसी गाड़ियों को पकड़ा, जिनमें मिट्टी लोड थी, लेकिन उनके चालान फ्लाई ऐश के जारी किए गए थे। यदि इस मामले की गहन जांच होती है, तो कई और बड़े घोटाले सामने आ सकते हैं। प्रशासन से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है ताकि एनटीपीसी में चल रहे इस अवैध कार्य पर रोक लगाई जा सके।

### कुंदा पशु मेले का हुआ भव्य शुभारंभ, विधायक जनार्दन पासवान ने किया उद्घाटन



**कुंदा (चतरा)।** कुंदा पशु मेले का शुभारंभ रविवार को विधिवत रूप से हुआ। विधायक जनार्दन पासवान ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। यह मेला क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जहां वे अपने पशुओं की खरीद-बिक्री के साथ-साथ अन्य आवश्यक वस्तुओं की भी खरीदारी कर सकते हैं। मेले में विभिन्न प्रकार के पशुओं जैसे गाय, भैंस, बकरी आदि की बिक्री हो रही है। उद्घाटन समारोह में विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि यह मेला किसानों और पशुपालकों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर अपने पशुओं की बिक्री और खरीदारी करने का लाभ मिलता है। उन्होंने मेले में आए सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं और इसे क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण बताया। उद्घाटन के बाद विधायक जनार्दन पासवान ने महादेव मठ पर्यटक स्थल का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से मिलकर ऐतिहासिक स्थल के सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा की और इसके विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मेला ठेकेदार मनोज यादव, थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता, मुखिया मनोज साव, अखलेश यादव, बिनोद साव, जितेंद्र सौंडिक, दिव्या भोक्ता, घनश्याम यादव समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### मध्यस्थता शिविर में भूमि विवाद समेत कई मामलों का हुआ निपटारा



**हंटरगंज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देशानुसार बुधवार को वशिष्ठनगर जोरी थाना परिसर में नि:शुल्क मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जोरी, सलैया, करैलीबार समेत कई गांवों से लोग अपने-अपने मामलों को लेकर पहुंचे। शिविर में भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, गाली-गलौज, मारपीट सहित अन्य कई मामलों का निपटारा किया गया। शिविर में पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता और जोरी थाना के सब-इंस्पेक्टर विधायक प्रसाद यादव ने दोनों पक्षों की बात सुनी और समझौते के माध्यम से सुलह कराई। साथ ही, उपस्थित ग्रामीणों को नि:शुल्क कानूनी जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नि:शुल्क मध्यस्थता शिविर से लोगों को कोर्ट-कचहरी के झंझट से मुक्ति मिलती है। इस दौरान पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया लंबी और खचीर्ली होती है, जिससे दोनों पक्षों का समय और पैसा बर्बाद होता है। छोटे-मोटे विवादों को मध्यस्थता के जरिए जल्द सुलझाया जा सकता है, जिससे लोगों को राहत मिलती है। शिविर के सफल आयोजन से क्षेत्र के लोगों में उत्साह देखा गया और भविष्य में ऐसे और शिविरों की मांग की गई।

# ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



**टाटा स्ट्रक्चरा से बनी यह कलाकृति देश की सबसे पुरानी स्टील कंपनी टाटा स्टील लिमिटेड के बिष्टुपुर गेट पर लगी है। इससे गेट की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं। रात्रि में रंग-बिरंगी रौशनी से नहायी इस कलाकृति की सुंदरता देखते ही बनती है। टाटा स्टील का ट्यूबुलर स्टील ने आर्टिटेक्चर की दुनिया में एक नयी क्रांति लाने का काम किया है। ट्यूबुलर स्टील के जरिए आर्टिटेक्ट जहां नयी कलाकृतियां बना रहे हैं, वहीं आपके प्रतिष्ठान के गेट को एक नई सुंदरता देने का काम भी कर रही है।**

# शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग में भावविभोर हुए श्रोता, बारात में पहुंचे भूत-प्रेत-औघड़

## सूर्यमंदिर परिसर में संगीतमय श्रीराम कथा का दूसरा दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के पंचम वर्षगांठ के अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया गया। सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर के शंख मैदान में चल रहे श्रीराम कथा में पूजन पश्चात श्रीधाम वृंदावन से पधारे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मर्मज्ञ कथा वाचक आचार्य राजेंद्र जी महाराज का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात कथा व्यास राजेंद्र जी महाराज ने श्रीराम कथा के द्वितीय दिन शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। कथा के दौरान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास मुख्यरूप से मौजूद रहे। कथा में आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने शिव-पार्वती के शुभ विवाह का रोचक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह दिव्य है। माता पार्वती की कठिन तपस्या का परिणाम है कि भगवान शिव ने अपनी शक्ति के रूप में चयन किया। कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। शिव पार्वती के विवाह की कथा का श्रवण कराते हुए आचार्य राजेंद्र जी ने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो माता पार्वती के माता-पिता बारात में सम्मिलित भूत, प्रेत औघड़ को देखकर अचंभित रह गए। भगवान शिव स्वयं नंदी पर विराजमान थे और गले में नाग की माला धारण किए हुए थे। साथ में भगवान विष्णु और ब्रह्माजी भी देवताओं की टोली लेकर चल रहे थे। त्रिलोक शिव विवाह के आनंद से मगन हो रहा था। बारात नगर भ्रमण करते हुए देवी पार्वती के पिता राजा हिमवान के द्वार पहुंची। बारात के स्वागत के लिए महिलाएं आरती की थाली लेकर आयीं। भगवान शिव की सासु मां मैना देवी अपने दामाद की आरती उतारने दरवाजे पर पहुंची। भगवान शिव की सामने जब मैना पहुंची तो शिवजी का रूप देखकर चकरा गईं। उस पर शिवजी ने अपनी और लीला दिखानी शुरू कर दी। शिवजी के नाग ने फुफकार मारना शुरू किया तेज हवा से मैना देवी के वस्त्र अस्त-व्यस्त होने लगे। मैना वहीं अचेत होकर गिर गईं। मैना को जब होश आया तो उन्होंने शिवजी के साथ अपनी सुकुमारी कन्या देवी पार्वती का विवाह करने से मना कर दिया। मैना ने कहा कि देवी पार्वती सुकुमारी को बाघंबरधारी, भस्मधारी मसानी को नहीं दे सकती। माता को व्याकुल देख पार्वती समझ गईं कि यह सब शिवलीला के कारण हो रहा है। कथा में आगे वर्णन करते हुए राजेंद्र जी महाराज ने कहा कि धर्म में भगवान शिव को देवों का देव महादेव माना जाता है। जब सृष्टि की संरचना हुई तो देवों के देव महादेव उसके पहले से मौजूद थे। भारतीय संस्कृति में शिव के अर्धनारीश्वर रूप का भी उल्लेख है। जब शिव की पूजा की जाती है तो जीवन में सुख की अनुभूति होती है। सारे क्लेश मिट जाते हैं। कथा के समापन सत्र में मंच संचालन सूर्य मंदिर समिति के सह-कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा ने किया। कल राम कथा के तृतीय दिवस पर श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कथा दोपहर 3:30 बजे से प्रारंभ होती है।

स्पीड न्यूज

### भाजपा आदित्यपुर मंडल के वनभोज में शामिल हुए चंपाई सोरेन



गम्हरिया। भाजपा अदित्यपुर मंडल की ओर से सापडा दोमुहानी तट पर मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक चम्पाई सोरेन उपस्थित थे। अपने सम्बोधन में उन्होंने सोमवार से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र पर कहा कि हमारी प्राथमिकता सरकार के बजट पर रहेगी, उसके बाद ही आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि तीन-तीन महीने बाद महिलाओं को योजना का लाभ दिया जा रहा है। अभी हम इस पर नजर रख रहे हैं। जरूरत पड़ने पर सरकार को घेरा जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं की तरह बुजुर्गों को भी पेंशन की राशि ढाई हजार रुपए प्रतिमा कर देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्ण बहुमत की सरकार है, उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। वहीं नेता प्रतिपक्ष के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के रूप में सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है, इसलिए यहां कोई समस्या नहीं है। समय आने दीजिए नेता प्रतिपक्ष कौन होगा यह भी पता चल जाएगा। इस मौके पर आयोजित ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम का भी उन्होंने लुत्फ उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष दीपक मंडल ने किया। इस मौके पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा नेता को हाइकोर्ट से मिली जमानत

जमशेदपुर। विगत कुछ दिन पूर्व तात्कालिक स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के ऊपर अश्लीलता फैलाने का एक फर्जी मुकदमा रांची के साथ-साथ कदमा थाने में दर्ज हुआ था। मामले में पत्रकार आनंद कुमार, डॉ मृत्युंजय कुमार और पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया गया था उपरोक्त आरोपियों के ऊपर तात्कालिक स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने उन्हें बदनाम कर उनकी छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए कदमा थाना में मुकदमा दर्ज करवाया था। जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय में जमानत के लिए अर्जी दिया था जिसे निचली अदालत में सिरे से खारिज कर दिया था मामले को लेकर विकास सिंह अधिवक्ता कृष्ण मुरारी सिंह एवं अवनीश प्रखर ने रांची के उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत दाखिल किया था जिसे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी के कोर्ट से जमानत दे दी गई। जमानत मिलने पर पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा की पूरा प्रकरण संदिग्ध है ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# 26 को दोमुहानी घाट पर होगी भव्य स्वर्णरेखा आरती

## चुनावी हार का दर्द भूल महादेव की साधना में जुटे बन्ना गुप्ता, तैयारियों के लिए बैठक में दिये कई निर्देश

>> पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने दोमुहानी संगम घाट का निरीक्षण कर सफाई की व्यवस्था, आयोजन स्थल का चयन एवं अन्य तैयारियों की व्यवस्था की समीक्षा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**स्वर्णरेखा आरती की तैयारी बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता।**

**जमशेदपुर।** एक तरफ पूरा देश कुंभ की आस्था में डूबा हैं दूसरी तरफ पूर्वमंत्री बन्ना गुप्ता महादेव की भक्ति में लीन हैं, गौरतलब हैं कि बन्ना गुप्ता पिछले 4 साल से लगातार महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य स्वर्णरेखा आरती का आयोजन करते हैं उसके पहले नदी पूजन का आयोजन भी किया जाता हैं और आरती के दौरान आतिशबाजी और पुष्पवर्षा की जाती हैं। इस बार 26 फरवरी को महाशिव रात्रि की शाम 5 बजे से भव्य स्वर्णरेखा आरती का आयोजन किया जा रहा है। इसमें एक लाख से अधिक शहरवासियों के भाग लेने की उम्मीद है। बन्ना गुप्ता के एक नजदीकी ने कहा, पूर्व मंत्री अपनी चुनावी हार से उबर चुके हैं, और अन्य वर्ष की तरह इस बार भी वे स्वर्णरेखा आरती की भव्यता में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। उन्होंने अपनी टीम के एक-एक सदस्य को निर्देशित किया है कि आरती देखने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाय। इधर, आज सुबह जमशेदपुर पश्चिम के पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने दोमुहानी संगम घाट का निरीक्षण कर सफाई की व्यवस्था, आयोजन स्थल का चयन एवं अन्य तैयारियों की व्यवस्था की समीक्षा की। इसके बाद कार्यकताओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम की सफलता के लिए विशेष निर्देश जारी किए। इस बार माँ स्वर्णरेखा का न्योता के रूप में 50 हजार निमंत्रण कार्ड का वितरण जारी है। कदमा स्थित अपने आवास पर आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा लोगों के शामिल होने की संभावना हैं। इसके लिए मां स्वर्णरेखा का निमंत्रण पत्र युद्ध स्तर पर बांटा जा रहा हैं। सभी मंदिरों एवं शिवालयों में, बस्ती एवं सोसायटी में भी निमंत्रण भेजा जा रहा हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की हैं कि सपरिवार इस आस्था के महासंगम में शामिल होकर पुण्य के भागी बने।

### कुआं निर्माण में एम बी तीस हजार का, भुगतान 1.90 हजार

**पोटका। सच ही कहा गया है इतिहास अपने आप को दोहराता है। पोटका प्रखंड के कालिकापुर पंचायत अंतर्गत डोकरसाई गांव एक बार फिर चर्चा में आया है। लगभग सात साल पूर्व मनरेगा घोटाला के कारण यह पंचायत तथा यह गांव चर्चा में आया था। आज पुनः इसी तरह का घोटाला डोकरसाई में हुआ है। जिसके कारण यह चर्चा में है। कालिकापुर पंचायत के डोकरसाई में बिरसा कुआं निर्माण में दो कुआं का जहां एम बी 60 हजार का है वहीं निकासी 3 लाख 50 हजार का है। बताया जाता है कि इसी गांव के ग्राम प्रधान हेमंतो भूमिज के जमीन पर तथा त्रिलोचन पटबंदा के जमीन पर कुआं खुदाई किया जा रहा है। हेमंतो का वर्क कोड 7080902981773 त्रिलोचन का वर्क कोड 7080902991757 है। दोनो कुआं लगभग 15 से 17 फिट ही खुदाई किया गया है। इसके बाद पेंडिंग छोड़ दिया गया है। इसका प्राक्कलन राशि 395988 रु है। दोनो कुआं का जे ई के द्वारा एम बी तीस तीस हजार का बनाया गया है। जबकि भुगतान कुल 3 लाख 50 हजार रु का किया गया है। हेमंतो के कुआं में 1 लाख 90 हजार तथा त्रिलोचन के कुआं में 1 लाख 60 हजार। यानी एम बी से छह गुणा अधिक राशि का भुगतान कर बंदरबांट कर लिया गया।**

# तिरंगा यात्रा 23 मार्च को, ऐतिहासिक बनाने को पूरे शहर की भागीदारी आवश्यक : राकेश्वर पांडे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** 23 मार्च को महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस के अवसर पर नमन परिवार द्वारा आयोजित दसवीं शहीद सम्मान यात्रा सह अखंड तिरंगा यात्रा को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की गई। यात्रा सुबह 10 बजे निकलेगी और 12 बजे समापन होगा। बैठक की अध्यक्षता नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने की। बैठक में मुख्य वक्ता नमन के संरक्षक एवं वरिष्ठ यूनियन नेता राकेश्वर पांडे ने कहा कि यह यात्रा स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के संघर्ष को उजागर करने के साथ-साथ हर नागरिक में राष्ट्र प्रेम और एकता की भावना को प्रबल करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने शहरवासियों से आह्वान किया कि वे इस यात्रा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और इसे ऐतिहासिक बनावें। अमरप्रीत सिंह काले ने बताया कि यह यात्रा भारत की अखंडता और एकता को बनाए रखने के लिए प्रारंभ की गई थी। जब 2016 में जेएनयू में 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' जैसे नारे लगे, तब उसके खिलाफ नमन परिवार ने हजारों राष्ट्रभक्तों के साथ 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के उद्घोष के साथ इस तिरंगा यात्रा की शुरूआत की थी। इसका उद्देश्य राष्ट्रवाद, भारतीयता और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को प्रोत्साहित करना था। बैठक में नमन के संरक्षक वरुण कुमार, यूनियन नेता परविंदर सिंह, कवि गुरमीत सिंह काके, जिप सदस्य कुसुम पूर्ति, पूर्व सैनिक बलविंदर सिंह, रामकेवल मिश्रा, जितेंद्र सिंह, बंटी सिंह, रामलीला समिति के मनोज मिश्रा, पप्पू राव व अन्य ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक का संचालन जूगुन पांडे ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन महेश मिश्रा ने प्रस्तुत किया।

# झारखंड सरकार से धोरा समुदाय को पहचान देने की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** गालुडीह बराज, धरा, धारा, धोरा (धीवर) समाज उत्थान संग्राम समिति, झारखंड प्रदेश के द्वारा रविवार को गालुडीह बराज में एक समाजिक वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जुगसलाई विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस समारोह में समाज के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और समाज के उत्थान और विकास के लिए चर्चा की। मुख्य अतिथि ने समाज के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने समाज के उत्थान और विकास के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने अपने सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। साथ ही समाज के लोगों अपने सवाल उठाया की धरा समुदाय का आज पहचान खतरे में है। ना तो यह एससी में है ना एसटी, ओबीसी और ना ही जनरल कैटेगरी में है। झारखंड सरकार से मांग किया कि इनका पहचान दिलाने का काम करें। समारोह के आयोजकों ने कहा कि यह समारोह हमारे समाज के सदस्यों को एकजुट करने और हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रदर्शित करने का एक अवसर है।

कार्यक्रम में विसिष्ट अतिथि रतन महतो, खुदीराम महतो, समिति के अध्यक्ष कार्तिक धीवर, सूरज कुमार धीवर, रुस धीवर, मनोज धीवर, दीपक धोरा, ज्योत्सना धीवर, कबूल धीवर, विशाल धीवर, रवि, सुभाष उपस्थित थे।

# विजय खान ने ज्योति सिंह मथारु का किया अभिनंदन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव विजय खां रांची स्थिति झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू के आवास पर मिल कर बधाई दिए पिछले कुछ दिनों ज्योति सिंह मथारू को झारखंड सरकार द्वारा प्रथम सीख आंदोलनकारी झारखंड घोषित किया गया था। तत्पश्चात विजय खां के द्वारा झारखंड के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें विजय खां ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से मांग किए है कि झारखंड सरकार झारखंड के सिक्खों को ओबीसी का दर्जा दें।

# इमैनुएल बैपटिस्ट चर्च में शताब्दी वर्ष इमैनुएल महोत्सव का समापन समारोह

प्रभु यीशु की सेवा से जीवन में, परिवार मे, एवं समाज में बहती है एक अद्भुत आशीष की धारा : सिस्टर अराधना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** इमैनुएल बैप्टिस्ट चर्च के शताब्दी वर्ष के मद्देनजर तीन दिवसीय महिला सम्मेलन सह आत्मिक जागृति सभा इमैनुएल महोत्सव का तीसरा दिन बहुत ही आत्मीकता के साथ समापन हुआ। इस शताब्दी वर्ष महिला सम्मेलन के तीसरे दिन की शुरूआत सुबह 8:30 बजे चर्च की रविवारीय आराधना के साथ शुरू हुई। जिसकी अध्यक्षता चर्च के पास्टर रेव एलियार टोप्पो ने किया। इस अवसर पर उपस्थित विश्वासियों को पवित्र बाइबल से मुख्य वक्ता पास्टर अजीत होरो ने नमक के विषय में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस तरह नमक प्रत्येक भोजन वस्तुओं को स्वाद प्रदान करता है उसी तरह हमें भी अपने जीवन के द्वारा प्रत्येक मनुष्यों के जीवन में स्वाद प्रदान करना चाहिए। तत्पश्चात सुबह 11:30 से महिला सम्मेलन का अंतिम सत्र आरंभ हुआ। जिसमें परमेश्वर के जीवित वचन को सिस्टर आराधना होरो ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रभु यीशु मसीह की सच्ची सेवा एक स्त्री ने किया, जिसने अपने आंसुओं से प्रभु के पांव धो कर अपने सिर के बालों से पोंछ दिया एवं बहुमूल्य इत्र को प्रभु के ऊपर उंडेल कर उनकी पहुनाई की। उसी तरह आज प्रत्येक महिलाओं को भी अपनी सर्वोच्च सेवा अपने प्रभु यीशु मसीह के लिए करनी चाहिए। जिससे उनके जीवन में, परिवार मे, एवं समाज में एक अद्भुत आशीष की धारा बहने लगती है। इस महिला सम्मेलन में झारखंड, ओडिशा, बंगाल एवं बिहार के मसीही महिलाओं ने सैकड़ों की संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। शाम की सभा में मंच का संचालन चर्च के अध्यक्ष भाई रौनक दास ने किया। सभा की शुरूआत पास्टर एलियाजर टोप्पो के प्रार्थना के द्वारा हुई। इसके पश्चात आराधना दल के द्वारा सुंदर मसीही गीतों के द्वारा परमेश्वर की स्तुति एवं प्रशंसा की गई। जिसकी अध्यक्षता चर्च के सचिव भाई शमसुल महापात्र एवं चर्च के अध्यक्ष भाई रौनक दास के साथ साथ चर्च के कार्यकारिणी समिति के उपाध्यक्ष भाई माइकल दास एवं सह सचिव भाई प्रतुस चौहान के द्वारा किया गया।

## एक नजर में

### मुक्तेश्वर धाम में विधायक संजीव सरदार लगवा रहे है 52 स्ट्रीट लाइट



जमशेदपुर/पोटका। पोटका विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध मुक्तेश्वर धाम हरिणा मंदिर परिसर में स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन का आज विधायक संजीव सरदार ने विधिवत शिलान्यास किया। क्षेत्र में धार्मिक स्थलों का सौंदर्यकरण और विकास संजीव सरदार की प्राथमिकताओं में से एक रहा है। अब विधायक की अनुशंसा पर झारखंड सरकार के खेल शाखा विभाग ने सौंदर्यकरण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुक्तेश्वर धाम हरिणा मंदिर परिसर में स्ट्रीट लाइट लगने से क्षेत्र की सुंदरता और सुरक्षा में सुधार होगा। इस परियोजना की कुल लागत 24,86,000 रुपये है, जिससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। शिलान्यास के मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि मुक्तेश्वर धाम हमारे क्षेत्र की आस्था का केंद्र है। इसके विकास के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। इस परियोजना से मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण होगा और श्रद्धालुओं को रात में भी अच्छी रोशनी मिलेगी। हमारी सरकार धार्मिक स्थलों और जनसुविधाओं के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुखिया सरस्वती मुर्मू, पुजारी बज्रांकन दंडपात, अनिरुद्ध नायक, फूलचंद सरदार, सागर सीट, दीपंकर, रासानन्द सीट, सपन सतपति, पिंटू नायक, चमका सरदार, मनोहर सरदार, रघु नायक, अनादि सीट, मनोरंजन सरदार, गुरूपड़ो भगत, शंकर भगत, भगत बास्के, रूद्रप्रताप सीट, भुवनेश्वर सरदार आदि उपस्थित थे।

### रविदास समाज की कार्यकारिणी का गठन जुलाई में



जमशेदपुर। रविदास समाज पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर की कार्यकारिणी की बैठक रविदास भवन शास्त्री नगर कदमा में आयोजित हुई। सरयू रविदास ने अध्यक्षता की। रविवार की बैठक में संगठन को सुदृढ़ और सशक्त बनाने के लिए ठोस निर्णय लिया गया। समिति का कार्य काल जुलाई 25 में समाप्त होने वाला है इसलिए नयी कार्यकारिणी का गठन जुलाई 2025 में करने का प्रस्ताव पारित हुआ। सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू किया गया।तीन साल के लिए सदस्य बनाए जाएंगे। अध्यक्ष ने अनुरोध किये कि नये लोग समाज में आएं और समिति में सामिल हो। बैठक में अपने-अपने विचार रखने वालों मां विद्या राम, हरि बालक प्रसाद, श्यामलाल, विश्राम राम एवं सरयु रविदास आदि थे।

### चित्रांश महापरिवार का निशुल्क नेत्र जांच शिवर संपन्न



आदित्यपुर। श्री चित्रांश महापरिवार कल्याण समिति, आदित्यपुर एवं विश्व चित्रांश परिवार (ट्रस्ट) गाजियाबाद द्वारा रविवार को एसजी आइ हॉस्पिटल एमआईजी चित्रगुप्त मंदिर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों से कुल 105 लोगों ने अपने अपने आंखों की जांच करवाई और शिविर का लाभ उठाया। शिविर में मुख्य रूप से समिति के संरक्षक रंजन प्रदीप, अध्यक्ष भैया सूरज भूषण प्रसाद,महासचिव नवल किशोर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष गुंजन सहाय, मधुकर श्रीवास्तव, सचिव मनोज कुमार सिन्हा, आलोक श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष धीरज सिन्हा, डॉ कुमकुम सिन्हा, रोहित सिन्हा, शेवता सिन्हा, आरती सिन्हा, रजनी श्रीवास्तव,कृष्णा श्रीवास्तव, नागेन्द्र सिन्हा, अंकित शुभम, धीरेन्द्र प्रसाद, राजू प्रसाद, इंडियन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मुकेश दास, सचिव राजेश आनन्द, एम आई जी कॉलोनी दूर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष नरेश कुमार तनेजा, मनोज कुमार गौड़ का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। समिति के संरक्षक रंजन प्रदीप द्वारा यह जानकारी दी गई की 20 अप्रैल को जमशेदपुर ब्लड सेंटर (बैंक) में उषा श्रीवास्तव की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा और साथ ही साथ अन्य सामाजिक सेवा कार्य जारी रहेगा।

### रैयतदारों को जल्द मिले भूमि अधिग्रहण का मुआवजा : विधायक संजीव सरदार



जमशेदपुर। पोटका विधायक संजीव सरदार ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात कर जमशेदपुर, पोटका और डुमरिया प्रखंड की दो अहम समस्याओं—गर्मी के मौसम में पेयजल संकट और रैयतदारों को भूमि अधिग्रहण मुआवजा न मिलने—पर चर्चा की। उपायुक्त ने इन दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान हेतु पहल की है। विधायक संजीव सरदार ने उपायुक्त से कहा कि जमशेदपुर प्रखंड के पश्चिम किताडीह, उत्तरी किताडीह, पूर्वी किताडीह, पश्चिमी बागबेड़ा, दक्षिणी बागबेड़ा, उत्तर-पूर्व बागबेड़ा, मध्य बागबेड़ा, पूर्वी बागबेड़ा, बागबेड़ा कॉलोनी, दक्षिणी करनडीह, उत्तरी करनडीह, उत्तरी घाघीडीह, पूर्वी घाघीडीह, पश्चिम घाघीडीह, मध्य घाघीडीह, पुडीहासा, ब्यांगबिल एवं केरुवाडूंगरी पंचायतों में गर्मी के महीने में पेयजल संकट गहराने लगता है, उन्होंने अपने विधायक निधि से पांच टैंकर उपलब्ध कराए हैं, लेकिन यह पर्याप्त नहीं हैं, और कम से कम 10 और टैंकरों की जरूरत है जिसे जिला प्रशासन अविलंब प्रदान करे। उपायुक्त ने कहा कि तत्काल अतिरिक्त टैंकरों की व्यवस्था कराई जाएगी और इन पंचायतों में नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। पथ निर्माण विभाग द्वारा पोटका और डुमरिया प्रखंड में सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा अब तक संबंधित रैयतदारों को नहीं मिला है। विधायक संजीव सरदार ने उपायुक्त को बताया कि इन सड़कों का 80-90% कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक रैयतदारों को भूमि अधिग्रहण की मुआवजा राशि नहीं मिली, जिससे उनमें भारी रोष है। अंचलाधिकारी, पोटका द्वारा जमीन का सत्यापन कर रिपोर्ट जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को भेजी जा चुकी है, लेकिन अब तक भुगतान लंबित है। डीसी ने तत्काल भू अर्जन पदाधिकारी को कहा कि जल्द से जल्द इस मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की जाए।

### शौर्य यात्रा समिति ने लगाया रक्तदान शिविर



पोटका। शौर्य यात्रा समिति हाता राजनगर के तत्वाधान में रविवार को हल्दीपोखर पूर्वी पंचायत भवन में पंचम एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। दिन के दस बजे से शुरू होकर पांच बजे तक चले शिविर में कुल लोगों ने रक्त दान किया। मौके पर जमशेदपुर के सांसद विधुत वरण महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिप सदस्य सूरज मंडल, कुसुम पूर्ति, सोना मुनि सरदार, मुखिया सुखलाल सरदार, पूर्व सिविल सर्जन डॉ ए के लाल, डॉ रजनी महाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, उपेंद्र नाथ सरदार, गणेश सरदार, सुनील दे, दुलाल मुखर्जी, पलटू मंडल, रमेश मोदी आदि अतिथियों ने आकर रक्तदाताओं के हौसले को अफजाई किया। उनलोगों ने कहा रक्तदान महादान है। भी बी डी ए तथा ब्लड बैंक जमशेदपुर के द्वारा रक्त संग्रह किया गया। राजकुमार साहू, प्रणय खंडायत, रंजन दास आदि साथियों ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया।

# चंदवा: टोरी रेलवे फाटक पर जाम से आमजन त्राहिमाम

## टोरी रेलवे फाटक पर कई बार लगाता है भारी जाम, यातायात व्यवस्था नदारत

### जनप्रतिनिधियों के साथ केंद्र व राज्य सरकार एवं रेल प्रशासन के प्रति लोगो मे बढ़ रहा आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत रेलवे को राजस्व देने के मामले में अहम स्टेशनों में सुमार टोरी जंक्शन पूर्वी केबिन स्थित रेलवे समपार फाटक पर लगाने वाले जाम से लोग त्राहिमाम हैं। टोरी रेलवे फाटक अमूमन 24 घण्टे तकरीबन 20 घंटे बंद रहती है ऐसे में उक्त रेलवे फाटक पर दिन में दर्जनों बार भारी जाम की स्थिति बढ़ती है और टोरी रेलवे फाटक होकर से गुजरने वाले एनएच 99 अब 22 पर चलने वाले यात्री बस, भारी वाहन, छोटे बड़े वाहन एवं एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन वाहन भी जाम में फंस जाते है। रविवार की सुबह भी लगभग 10:30 से 11:30 के बीच एक मालगाड़ी के खड़े हो जाने व कई ट्रेनों के एक साथ गुजरने से रेलवे फाटक पर भारी जाम की समस्या से लोगो को दो-चार होना पड़ा। जाम के दौरान फाटक के दोनो छोर पर सैकड़ो की संख्या में छोटी-बड़ी व भारी वाहन फंसे रहे, रेलवे फाटक पर यातायात सुव्यवस्थित करने को लेकर कोई प्रबंध नहीं रहने के कारण वाहन चालक आपाधापी में वाहनों को जैसे तैसे खड़ी कर दिए थे। फाटक खुलने के बाद आपाधापी में पहले रेलवे फाटक पार करने के चक्कर मे दोनो छोर के वाहन आमने-सामने हो गए व जाम में फंस गए। उतरी छोर का जाम श्री राम चौक तो दक्षिणी छोर का जाम सुभाष चौक तक पहुंच गया था। जिसे नियंत्रण करने के लिए न तो रेल प्रशासन और न ही स्थानीय प्रशासन मौजूद थी, जिस कारण वाहन चालक एक दूसरे से भिड़ते भी नजर आए।



लगातार जाम में फंसने से स्थानीय लोगों में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार एवं रेल प्रशासन के प्रति भी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगो ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि रेल प्रशासन के मनमानी रवैया, राजनीतिक व प्रशासनिक उदासीनता का दंश चंदवावासियों को झेलना पड़ रहा है। टोरी जंक्शन तीन-तीन रेलखंड बरकाकाना-बरवाडीह, टोरी-बीराटोली-शिवपुर व टोरी-रांची भाया लोहरदगा रेल खंड को जोड़ती है। जिस कारण टोरी में 10 रेलवे ट्रैक बिछा हुआ है। ऐसे में मिनट-दर-मिनट मालवाहक व यात्री ट्रेनों का परिचालन होता है व चंद मिनटों के अंतराल में रेलवे फाटक बंद होती है। फाटक बंद होने की अवधि 15 मिनट से लेकर 30 मिनट और कभी कभी एक घण्टे तक की भी होती है। ऐसे में चंदवा प्रखण्ड की लगभग डेढ़ लाख की आबादी समेत एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर आवा गमन करने वाले लोगो को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। लोगो ने कहा कि लगातार हो रहे विरोध आंदोलन और शिलान्यास हुए लगभग 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक आर ओ बी निर्माण की दिशा में कोई पहल न होना कहीं ना कहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की विफलता है। चुनाव के समय टोरी आरओबी निर्माण को लेकर राजनेता बड़े-बड़े वादे तो किये थे, लेकिन चुनाव जीतने के बाद इस समस्या से सभी ने मुंह मोड़ लिया है।

## 27 फरवरी को बेतला में होगी आजसू पार्टी कि पलामू प्रमंडलीय बैठक

**लातेहार।** लातेहार जिले के बेतला में आजसू पार्टी का पलामू प्रमंडलीय बैठक का आयोजन 27 फरवरी को किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बैठक को लेकर लातेहार जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बैठक संगठन को मजबूत करने, आगामी रणनीतियों पर चर्चा करने और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए आयोजित की जा रही है। इस बैठक में पलामू प्रमंडल के सभी जिलों से पदाधिकारी, कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। पार्टी नेतृत्व द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। अमित पांडेय ने बताया कि बैठक के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं, और पार्टी कार्यकर्ता इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं।

### योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम पर सरकारी धन का खुल कर किया जा रहा है दुरुपयोग

## एक साल के अंदर ही जर्जर हुई 15वें वित्त से निर्मित सड़क



जर्जर नवनिर्मित सड़क।



छठ घाट पर बंगला ईंट से बना चेंजिंग रूम।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह में सरकारी धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार की घटनायें चरम पर पहुंच चुकी हैं। चाहे वह 15 वें वित्त की योजनाएं हो या मनरेगा की, हर तरफ सरकारी धन की लूट मची हुई है। खासकर 15 वें वित्त आयोग से होने वाले निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है। हम बात कर रहे हैं बरवाडीह प्रखण्ड के गढ़वाटांड़ गांव की, जहां सुनीता खलखो के घर से छाया रानी पाल के घर तक 15 वें वित्त आयोग से पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। इस सड़क का निर्माण 28 जनवरी 2024 को बरवाडीह पंचायत के पूर्वी पंचायत समिति सदस्य के 15 वें वित्त आयोग के मद से किया गया था। लेकिन मात्र एक साल के अंदर ही यह सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। सड़क में प्रयुक्त घटिया सीमेंट और अन्य सामग्री के कारण इसकी गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। सड़क पर बिछाई गई गिट्टी (छरी) ऊपर आ चुकी है, जिससे राहगीरों को चलने में काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क निर्माण में कनीय अभियंता और ठेकेदार की मिलीभगत से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और सरकारी धन का बंदरबांट किया गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त से इस सड़क निर्माण में खर्च हुए सरकारी पैसे की रिकवरी की मांग की है। बरवाडीह उप प्रमुख बीरेंद्र जसवाल इन दिनों कई योजनाओं की जाँच में जुटे हैं। इसी कड़ी में वर्ष 2024 के फरवरी माह में खुरा पंचायत में स्थित पंपु कल कोयल नदी पर 15 वें वित्त आयोग से छठ घाट के मरम्मती कार्य का निरीक्षण किया। इस मरम्मत कार्य के अंतर्गत महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाया गया है, लेकिन इसमें इस्तेमाल की गई सामग्री की गुणवत्ता बेहद घटिया है। चेंजिंग रूम के निर्माण में पूरी तरह से अवैध बंगला ईंटों का उपयोग किया गया है, जिसकी गुणवत्ता फोटो में साफ देखी जा सकती है। बंगला ईंटों का उपयोग करना अवैध माना जाता है, लेकिन इसके बावजूद 15वें वित्त के कनीय अभियंता ने एमबी बुक तैयार कर इस निर्माण कार्य को स्वीकृति दे दी और भुगतान भी कर दिया। इससे स्पष्ट है कि सरकारी धन के दुरुपयोग और लूट में अधिकारियों की भी संलिप्तता है। बरवाडीह में लगातार हो रहे इस तरह के भ्रष्टाचार से स्थानीय लोग बेहद नाराज हैं। उन्होंने प्रशासन से इस मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इसके अलावा, उन्होंने उपायुक्त से अपील की है कि इस सड़क और छठ घाट मरम्मती कार्य में लगाए गए सरकारी धन की वसूली की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके। सरकारी योजनाओं में इस तरह के भ्रष्टाचार से आम जनता को भारी नुकसान हो रहा है। जरूरत इस बात की है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए।

## शौंडिक समाज की हुई बैठक अध्यक्ष बने रितेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** शहर के कालीबाड़ी सामुदायिक भवन में रविवार को शौंडिक समाज की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता राजमणि प्रसाद ने की। बैठक में कमिटी विस्तार पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से रितेश कुमार उर्फ निक्कू को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि अनिल कुमार शौंडिक को उपाध्यक्ष, गजेंद्र प्रसाद शौंडिक को सचिव, विजय कुमार शौंडिक को कोषाध्यक्ष चुना गया। सभी को माला पहनाकर स्वागत किया गया। समाज को स्थायी रूप से संचालित करने के लिए 11 सदस्यीय कार्यकारिणी की भी घोषणा हुई। इनमें मुकेश प्रसाद शौंडिक, वीरेंद्र प्रसाद शौंडिक, धनंजय कुमार शौंडिक, गुंजन कुमार शौंडिक, प्रहलाद कुमार शौंडिक, आमोद प्रसाद शौंडिक, नागेंद्र प्रसाद शौंडिक, प्रदीप प्रसाद शौंडिक, मनोज प्रसाद शौंडिक और संतोष प्रसाद शौंडिक शामिल हैं। पांच संरक्षकों की भी घोषणा हुई। मुख्य संरक्षक राजमणि प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, चंदेश्वर प्रसाद, नरेश प्रसाद और चंद्रिका प्रसाद बनाए गए। मुख्य संरक्षक राजमणि प्रसाद ने कहा कि समाज के लोगों को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। हर तीन महीने में बैठक कर समाज की प्रगति के लिए निर्णय लेने की बात कही। मंच संचालन दिलीप प्रसाद शौंडिक ने किया। उन्होंने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य होली मिलन समारोह आयोजित करना है। इसके लिए अगली बैठक में तिथि तय होगी।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल



सदर अस्पताल में इलाजरत घायल युवक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के कोने में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस से सभी घायलों को लातेहार सदर अस्पताल लाया गया। डॉक्टर हरिओम ने प्राथमिक इलाज के बाद चारों को रिम्स रेफर कर दिया। घायलों में संदीप उरांव (30) पिता सुकरू उरांव, रोल पतरातू का रहने वाला है। दूसरी बाइक पर तीन लोग सवार थे, जो नरेशगढ़ जा रहे थे। इनमें बब्लू सिंह (35) पिता बिसराम सिंह (मुड़हू), उपेंद्र कुमार (35) पिता रामवृक्ष सिंह और बालकिशुन सिंह (40) पिता विशराम सिंह शामिल हैं। ये सभी मुरू बरवाडीह प्रखंड के रहने वाले हैं।

## आठ दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा बाजारटाड़ खेल मैदान में जय मां उग्रतारा क्लब भाटचतरा द्वारा आठ दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन पूर्व पंचायत समिति सदस्य गौतम सिंह शिक्षक ऋषि सिंह समाजसेवी डब्लू सिंह ने विधिवत फीता काटकर किया। टूनार्मेंट का पहला मैच मैक्स क्लब बालूमाथ तथा पब्जी क्लब खैराका धनगड्डा के बिच खेला गया। जिसमे मैक्स क्लब बालूमाथ ने 10 ओवर मे 134 रन बनाए। जवाब में पब्जी क्लब खैरका धनगड्डा द्वारा 10 ओवर मे 100 रन का लक्ष्य खड़ा किया। इस टूनार्मेंट मैच में मैक्स क्लब बालूमाथ के खिलाड़ियों ने



34 रन से जीत हासिल की। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य गौतम सिंह ने कहा कि खेल से मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी होता है। खिलाड़ी को खेल की भावना से सदैव खेलना चाहिए। द्वेष की भावना से नहीं। अच्छा खिलाड़ी वही होते हैं जो खेल को अच्छे प्रदर्शन कर अच्छे मुकाम तक पहुंचते है। समाज सेवी डब्लू सिंह ने कहा कि खिलाड़ी खेल के मैदान में खेल के भावना से खेले। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन होने से ग्रामीण खिलाड़ी का निखार बढ़ता है और वे आगे बढ़ने के लिए उत्साहित होते है। वही टूनार्मेंट का अध्यक्ष विवेक राम ने बताया कि इस टूनार्मेंट में प्रवेश शुल्क 1499 रखा गया है और इसमें खेलने वाले खिलाड़ी मात्र 24 टीम भाग ले सकते हैं।

विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार पंद्रह हजार रुपए प्लस सील्ड, द्वितीय पुरस्कार, सात हजार प्लस सील्ड, तृतीय पुरस्कार तीन हजार प्लस सील्ड चतुर्थ पुरस्कार वेट प्लस बोल देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। मौके पर सचिव बिरेन्द्र तुरी, सचिव कोषाध्यक्ष दीपक तुरी, अजय राणा, सौरभ सिंह, नरेश तुरी, पप्पू कमार्ली, बादल कुमार, अमेरिका गंझु, दिलवार तुरी, छोटु उरांव, नरेश राम गोल्डी यादव निर्मल तुरी सहित दोनों टीम के खिलाड़ी व अन्य लोग मौजूद थे।

## डेढ़टंगवा घाटी में एक दूसरे से बचने के प्रयास में दो ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, कोई हताहत नही

**चंदवा।** चंदवा-चांपी-लोहरदगा पथ अंतर्गत दुर्घटना संभावित क्षेत्र डेढ़ टंगवा घाटी में रविवार की सुबह एक दूसरे से बचने के प्रयास में दो ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, हालांकि इस दुर्घटना में कोई हताहत नही हुआ। बताया जाता है कि राउरकेला से गोरखपुर उत्तर प्रदेश स्पंज लोहा लेकर जा रही ट्रक एनएल-01एन-5427 लोहरदगा से चंदवा की ओर आ रही थी, इसी दौरान डेढ़ टंगवा घाटी स्थित तीखे ढलान में संतुलन बिगड़ गया, इसी दौरान मेदिनीनगर से लकड़ी का बोटा लेकर बानो डिपो जा रही ट्रक सीजी-14-एमडी-9514 की ओर आने लगी, जिसके बाद बचने के प्रयास में दोनो ट्रक पलट गए।

## कुम्भ स्नान करने गए एक सप्ताह से लापता व्यक्ति मिला, लोगों मे खुशी

### कुंभ मेला में खोया बुजुर्ग सकुशल घर लौटा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड थाना क्षेत्र के बरछिया बठेट निवासी चुलहन महतो 17 फरवरी को कुंभ यात्रा के लिए गये थे। कुम्भ मेला पहुँचने के बाद 18 फरवरी को कुंभ घाट मे स्नान किया। उसके बाद 18 नम्बर घाट से गुम हो गये। साथ मे गए श्रद्धालुओं द्वारा काफी खोज बिन किया गया और खोज बिन जारी था। बाद मे पता चला कि ये लखनऊ चले गये है। और लखनऊ पुलिस ने इन्हे सुरक्षित रखा है। वहां से फोन द्वारा सम्पर्क कर पुरे मामले को जानकारी दी गई। इन्हें सुरक्षित 23 फरवरी 2025 को बारियातू वापस लाया गया। इनके सकुशल घर वापसी से घर परिवार के सदस्य परिजन व आसपड़ोस मे खुशी का माहौल बन गया और खुशी में लोगो ने उन्हे माला पहनाकर व बम पटाखा फोड़ कर उनका स्वागत करते हुए अपनी खुशी व्यक्त किया। मौके पर समाज सेवी ज्योति प्रसाद, शम्भू पासवान, गोपाल प्रसाद, बसंत पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

# अवैध कोयला से संचालित है दर्जनों चिमनी ईंट भट्टा एक करोड़ से ज्यादा के कोयले की चोरी का होता है उपयोग, पुलिस प्रशासन मौन







खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध चोरी के कोयला से दर्जनों चिमनी इट भट्ठा धड़ल्ले से संचालित है। जिससे 1 साल में लगभग 1 करोड़ 17 लाख रुपए चोरी का कोयला उपयोग किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ थाना क्षेत्र के मसीयातू ग्राम में कबीर मियां द्वारा पांच चिमनी इट भट्ठा संचालित किया जा रहा है। जबकि कुरियाम ग्राम में मो. जसीम मियां, दिलीप यादव राजवार ग्राम में रामकुमार, सीताराम यादव होलंग ग्राम में सुनील साहू, सेरेगड़ा ग्राम में जयलाल उरांव, हरिवंश यादव, मो. महफूज मियां, ओकिया में प्रिंस साव इंट भठा वही भगिया और होलंग ग्राम में भी संचालित चिमनी इट भट्ठा में अवैध कोयला खपाया जा रहा है। अधिकांस चिमनी में मोटरसाइकिल से 3 रुपये किलो कोयला खरीदा जा रहा है 100 से ज्यादा मोटरसाइकिल प्रत्येक दिन थाना के सामने से कोयला ढुलाई करते रहते हैं। एक चिमनी ईट भट्ठा संचालक नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि सभी चिमनी ईंट भट्टा में पुलिस प्रशासन के मिली भगत से तेतरियाखाड एवं मगध कोलियरी द्वारा चोरी की गई कोयला का उपयोग किया जाता है। एक चिमनी ईंट भट्ठा एक साल में पांच राउंड में 25 लाख ईंट पकाया जाता है। जिसमे लगभग 300 से 350 टन कोयला की खपत होती है। बर्तमान में कोयले का दर लगभग 3000 प्रति टन निर्धारित है। इस हिसाब से देखा जाए तो एक चिमनी ईंट भट्ठा पूरे 1 साल में 9 लाख रुपये की कोयले की खपत की जाती है। वही बालूमाथ में एक दर्जन से ज्यादा चिमनी इट भट्ठा संचालित है। जिसमें लगभग 1 करोड़ 17 लाख रुपए चोरी का कोयला का उपयोग धड़ल्ले ले से की जा रही है। चिमनी इट भट्ठा संचालक द्वारा शुरूआती तौर पर एक ट्रक वैध कोयला किसी भी कोलयरी से लाकर अपने भट्ठा में गिरा लेता है और इस पेपर और कोयले के आड़ में चोरी का कोयला का उपयोग कर पूरा सीजन चलाया जाता है।

इस अवैध कारोबार में पुलिस एवं खनन विभाग को बंधी बधाई रकम मिलती है जिस कारण पुलिस प्रशासन के देखरेख में यह अवैध कारोबार धडले से संचालित है। अधिकांश भट्ठा संचालक के पास खनन विभाग का लाइसेंस भी नही है। जिसकी शिकायत बराबर विभाग को मिलने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती जिससे पुलिस प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह खड़ा होता नजर आ रहा है। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी से पूछे जाने पर कहा कि जांच कर दोषियों पर कानूनी करवाई की जाएगी। वही बालूमाथ एसडीपीओ बिनोद रवानी ने कहा कि गलत करने वाले पर कानूनी करवाई की जाएगी।

## बस के धक्के से बाइक सवार युवक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ-रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर रविवार को बस के धक्के से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिष्णु उरांव 24 वर्ष पिता चन्तु उरांव ग्राम बालूमाथ निवासी हजारीबाग से रिचुघुटा चंदवा जा रहा था। इसी दौरान मकईयाटांड ग्राम के समीप मोटरसाइकिल को बस ने टक्कर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने किया मार्केट कॉम्प्लेक्स भवन का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** डीएमएफटी मद से तीन करोड़ तेरह लाख की लागत से बननेवाले मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य का शिलान्यास सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने किया। इस दौरान मंत्री श्री महतो ने कहा कि कसमार में वर्षों से झोपड़ी बनाकर दुकान चलनेवाले ग्रामीणों को मार्केट कॉम्प्लेक्स में कुल 52 कमरों के बन जाने से अस्थाई दुकानदारों को स्थायी दुकान की सुविधा मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि गोमिया विस क्षेत्र की सभी ग्रामीण ग्रामीण सड़कें व पुल पुलिया को मुख्य पथ से जोड़ने की प्रक्रिया को धरातल पर उतारने को लेकर वह सजग है। कहा कि आने वाले समय में गोमिया विधानसभा क्षेत्र का कसमार गोमिया तथा पेटरवार प्रखंड के एक भी गांव व टोला विकास से अछूता नहीं रहेगा। लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों- इसी को ध्यान में रखकर क्षेत्र में सड़क जलापूर्ति सिंचाई स्वास्थ्य बिजली शिक्षा सहित कई अन्य तरह के विकास के कार्य कराएं जा रहे है। उन्होंने कहा कि कसमार प्रखंड के सभी गांवों व टोलो के हर घरों में तेनुघाट डैम से जलापूर्ति बहाल होगी। मौके पर थाना प्रभारी भजन लाल महतो प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम उप मुखिया मासूम अली रजा सिकंदर कपरदार फारूक अंसारी सूरज जायसवाल गुल्लजार अंसारी अमित जायसवाल कृष्णा महतो सम्मीम अंसारी धर्मेंद्र मुखर्जी शेर ए आलम शेखावत अंसारी शकुर अंसारी प्रकाश महतो मिथुन कुमार कपिल कुमार जानी अंसारी समेत अन्य दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।



## चैंबर द्वारा जबरन दुकान खाली कराने का प्रयास की निंदा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने बोकारो के सेक्टर-4 स्थित सिटी सेंटर में जय तुलसी सहित अन्य पांच दुकानदारों के साथ मारपीट एवं जबरन दुकान खाली करने का प्रयास की कड़ी निंदा की है। साथ ही बोकारो जिला पुलिस प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। चैंबर ने प्रशासन से वैसे लोगों का शस्त्र लाइसेंस निरस्त किये जाने की मांग की है- जो लोग दुकानदारों को डराने और धमकाने के लिए शस्त्र लेकर वहां पर उपस्थित थे।

## युवा लायंस फोर्स द्वारा युवाओं व बच्चों में खेल सामग्री वितरित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** युवा लायंस फोर्स के सदस्यता अभियान के दौरान इलेक्ट्रोस्टील-वेदांता फोरलेन पर स्थित चिटाहीटांड़ गांव में फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष सह युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा ने गांव के बच्चों एवं युवाओं के लिए खेल सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि हमारे चास चंदनकियारी के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। कमी है तो सिर्फ. इन्हें तराशने की जो हम सभी नेताओं समाजसेवियों तथा वेदांता प्रबंधन का भी काम है। आज कहीं न कहीं हमारे हजारों युवा जो केवल सही मार्गदर्शन न मिलने के कारण मजबूरन अपने हुनर को छोड़ अपने परिवार के भरण पोषण के लिए या तो कोई छोटी-मोटी नौकरी या तो दूसरे राज्य में पलायन कर जाते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा राज्य में कांग्रेस और जेएमएम की गांव की सरकार है। उन्होंने युवाओं से अपने क्षेत्र में बेहतर करने की प्रेरणा दी। साथ ही कहा कि युवा लायंस फोर्स युवाओं को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में कटिबद्ध है। उन्होंने वेदांता प्रबंधन से भी तालगड़िया रोड और अपने अगल-बगल के गांवों के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा नियोजन और ध्यान देने की मांग की जिससे लोगों का प्रबंधन के प्रति सकारात्मक रवैया बना रहेगा।

## पेड़ से टकराई बाइक दो की मौत, एक गंभीर

**दुमका।** नशे में धूत बाईक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से दो बाईक सवार की मौत हो गई। वहीं घटना में एक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार को देर रात विश्वविद्यालय ओपी थाना क्षेत्र में घटी। दुर्घटना थाना से चंद कदम दूर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के मुख्य गेट के समीप घटी। मृतकों का शिनाख्त साहिबगंज जिला के तालझारी थाना क्षेत्र के दुधकोल गांव निवासी 30 वर्षीय सोमाय हांसदा एवं बरहेट थाना क्षेत्र के हिरणपुर गांव निवासी 20 वर्षीय संजला मुर्मू के रूप में हुई। वहीं घायल सदर प्रखंड के दिग्घी ओपी थाना क्षेत्र के दीपक हेम्ब्रम है। दीपक विश्वविद्यालय के सुरक्षा गार्ड है। जानकारी के अनुसार दीपक अपने दोस्तों के साथ बाइक में सवार होकर सदर प्रखंड के बागडुब्बी एक श्राद्ध कर्म में शामिल होने गया था। देर रात दीपक को पहुंचाने विश्वविद्यालय जाने के दौरा बाइक विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के समीप प्रिंटिंग दुकान के सामने महुआ के पेड़ से टकरा गई। जिसमें एक की मौके पर मौत हो गई।

## मिथिला महिला समिति का होली मिलन तीन मार्च को



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति की एक बैठक सेक्टर 4 स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में हुई। मिथिला महिला समिति की नयी अध्यक्ष पूनम मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सर्वसम्मति से आभा झा को समिति की सचिव पद का दायित्व दिया गया। मिथिला महिला समिति द्वारा इस वर्ष का होली मिलन कार्यक्रम तीन मार्च को मनाने का निर्णय लिया गया। बीएसएल द्वारा आयोजित बसंत मेला में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मिथिला महिला समिति का स्टॉल लगाने का निर्णय हुआ। इस अवसर पर समिति की पूर्व अध्यक्ष सीमा झा किरण मिश्रा शीला मिश्रा अमिता झा नमिता झा डॉ मंजू झा आभा झा अलका झा रुबी ठाकुर राजकुमारी झा सविता मिश्रा बीनू चौधरी नंदा झा रीता झा कमला झा प्रेरणा ओझा इंदिरा झा रुचि प्रेरणा झा पूनम झा विनीता राय पद्मा चौधरी कंचन झा आदि उपस्थित थीं।

## मेहरमा रेलवे लाइन के विस्तारी करण को लेकर पूरानी सीमांकन का सर्वेक्षण

**गोड्डा।** मेहरमा रेलवे लाइन के विस्तारी करण को लेकर पूरानी सीमांकन के सर्वेक्षण को लेकर उपायुक्त गोड्डा जीशान कमर के द्वारा एक जांच दल मेहरमा पहुंची। जिसमें भू-अर्जन पदाधिकारी गोड्डा, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा प्रखंड विकास पदाधिकारी मेहरमा, मेहरमा अंचल अधिकारी अभिनव कुमार एवं रेलवे के पदाधिकारी गण मौजूद थे। किसान सभा सचिव अशोक शाह एवं प्रभाष राम सामाजिक कार्यकर्ता, मो मासूम राही, मो मकसूद, मो सद्दाम, राजकिशोर राम, मंटू तांती इन सभी ने उन ग्रामीणों का घर दिखाया जो रेलवे लाइन के मार्ग में आ रहे थे। सर्वेक्षण में गए पदाधिरियों को काफी विरोध का सामना करना पड़ा। उपायुक्त गोड्डा को जब तक पुरानी सीमांकन पर रेल लाइन ले जाने का काम करेंगे तब तक संघर्ष जारी रहेगा।और इस आंदोलन को आगे हमलोग 25/02/2025 को उपायुक्त गोड्डा का घेराव करेंगे।

# देवनागरी हमारी रीढ़ की हड्डी ऑलचिकी अवैज्ञानिक और त्रुटिपूर्ण लिपि है: प्रो हांसदा

## संताली भाषा में ऑलचिकी लिपि के विरोध में छात्रों ने निकाली रैली

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के संताल परगना स्टूडेंट यूनियन ने देवनागरी लिपि से संताली भाषा की पढ़ाई यथावत जारी रखने की मांग रैली निकाल किया। रैली पारंपरिक पोशाक में छात्र-छात्राओं ने डीसी चैक से कन्वेंशन हॉल एग्रो पार्क तक निकाल मल्टीपर्पस हॉल एग्रो पार्क में एक आम सभा का तब्दील हो गई। रैली निकाल देवनागरी लिपि से संताली भाषा की पढ़ाई यथावत जारी रखने एवं अवैज्ञानिक एवं त्रुटिपूर्ण ओलचिकी लिपि को जबरन नहीं थोपने का मांग किया। रैली का नेतृत्व संगठन अध्यक्ष विमल मुर्मू, छात्र नेता दीलिप टुडू, आनंद हेम्ब्रम, सचिन कुमार सोरेन, राजेश पौरिया, प्रेमलता मुर्मू आदि सयुक्त रूप से किया। रैली का शुभारंभ डीसी चैक स्थित डॉ बाबा साहेब आंबेडकर का प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं देवनागरी लिपि जिंदाबाद, ओलचिकी लिपि नहीं चलेगा, एक ही पहचान, एक ही सम्मान, देवनागरी लिपि अपना मान, संताल परगना जिंदाबाद, संताली भाषा जिंदाबाद आदि का नारा लगा रहे थे। इस अवसर पर अध्यक्ष विमल मुर्मू ने कहा कि संताली भाषा के लिए देवनागरी लिपि ही सबसे उपयुक्त लिपि है। लेकिन कुछ लोग अवैज्ञानिक ओलचिकी के आड़ में अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रहे हैं। आदिवासी समाज को बांटने का कोशिश कर रहे हैं। हमलोग इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं। हमलोग संताली भाषा प्रेमी हैं। विवादित एवं दोषपूर्ण लिपि से संताली भाषा को बचाकर ही दम लेंगे। एग्रो पार्क में कार्यक्रम का शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सिदो-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया गया। इस अवसर पर स्नातकोत्तर संताली विभाग की प्राध्यापिका एवं ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी संताल टीचर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ शर्मिला सोरेन ने विषय प्रवेश कराते हुए अपनी बातें रखी। उन्होंने संताल परगना की भाषा को मानक एवं संताली भाषा बताते हुए इसके महत्व को समझाया। कहा कि कुछ लोग आपको विशेष लिपि के आड़ में बरगलाने का काम करेंगे। इससे हमें विचलित नहीं होना है। अन्यथा हम अपने रोटी को खो देंगे। मुख्य वक्ता गोड्डा कॉलेज गोड्डा के संताली विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रतिनाथ हांसदा ने विस्तारपूर्वक वैज्ञानिक अवलोकन कर ओलचिकी लिपि से संताली भाषा को होने वाले नुकसान और यहां के लोगों के भविष्य में आने वाले खतरा पर चिंतन को जाहिर किया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैं भी भावनात्मक रूप से कभी इस लिपि का प्रचार-प्रसार किया करता था। चुकी मुझे उस समय भाषा विज्ञान का ज्ञान नहीं था और नहीं मैं इसको व्याकरण की दृष्टिकोण से अध्ययन किया था। किसी आदिवासी ने बनाया इसलिए मैं खुद को इस लिपि से गौरवान्वित महसूस करता करता था और भावनात्मक रूप से इसको स्वीकार करते हुए लोगों के बीच में प्रचार प्रसार करता था। लेकिन यह मेरी भूल थी। जैसे-जैसे मेरी पकड़ भाषा विज्ञान पर बढ़ती गई वैसे-वैसे इस लिपि के चंगुल से बाहर निकलते गया और इससे होने वाला खतरा को अब महसूस कर सकता हूं। इसे हमारी भाषा पुरी तरीके से बर्बाद हो जाएगी। हमें अपनी भाषा को बचाने की आवश्यकता है। गोड्डा कॉलेज गोड्डा के सहायक प्राध्यापक प्रो योगेश चन्द्र किस्कू ने भी इस का खंडन करते हुए अवैज्ञानिक और त्रुटिपूर्ण करार दिया। प्रोफेसर सनातन मुर्मू, डॉ अविनाश हांसदा, डॉ मेरी मार्ग्रेट टुडू, अधिवक्ता भीम प्रसाद मंडल, समाजसेवी रासका हेम्ब्रम आदि ने भी संबोधित किया। अध्यक्षीय संबोधन में एसकेएमयू के पूर्व प्रति कुलपति डॉ प्रमोदिनी हांसदा ने कहा कि संथाल परगना की संताली भाषा सबसे शुद्ध और मानक संताली भाषा है। यह मैं नहीं बल्कि भाषा विज्ञान की सर्वेक्षण कहता है। संताल परगना में सबसे पहले संताली भाषा की पढ़ाई अविभाजित बिहार के समय से ही सन 1978 से एसपी कॉलेज दुमका में प्रारंभ किया गया था। मैट्रिक स्तर तक की पढ़ाई 1940 से पूर्व ही प्रारंभ हुई है। यहां सभी पठन-पाठन की क्रियाएं देवनागरी लिपि से ही हुई है। चुकी देवनागरी लिपि सबसे सहज और सरलता के साथ-साथ वैज्ञानिक रूप से परिपूर्ण है और संताली भाषा को हुबहू लिखने में सक्षम है। इस लिपि के उपयोग से संताली भाषा-साहित्य का विकास चरम सीमा पर हुई है। इससे संताली साहित्य को गति मिली है। संताली भाषा-भाषी लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में जाने का लाभ मिला है। देवनागरी लिपि संतालों की रीढ़ की हड्डी है। यह लिपि जब तक संताली भाषा के लिए व्यवहार में रहेगा, तब तक संताल समाज प्रगति के पद पर आगे बढ़ते रहेगा। यदि राजनीति के तहत विवादित त्रुटिपूर्ण एवं अवैज्ञानिक ओलचिकी लिपि को संताली भाषा के लिए लागू किया जाता है, तो पुनः हमलोग सौ साल पीछे चले जाएंगे। इसलिए हमें सचेत रहने की आवश्यकता है और युवा पीढ़ी को अपनी भाषा संस्कृति का संरक्षण करने के लिए आगे आने की जरूरत है। मंच संचालन दिलीप कुमार टुडू ने किया। इस अवसर पर जितेश टुडू, कुलदीप सोरेन, पर्वती सोरेन, नीता किस्कू, सायबालिनी हांसदा, साइमन हांसदा, बाबुधन मुर्मू, अंथोनी हांसदा, लखींन्दर मुर्मू, अल्फ्रेड मुर्मू आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



रैली में शामिल छात्र-छात्राएं

# आपसी सुलह समझौता से 11 पारिवारिक वादों का हुआ निपटारा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** महिला कोषांग की बैठक में आपसी सुलह-समझौता से कुल 11 पारिवारिक विवादों में रविवार को समझौता हुआ। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से एसडीपीओ विजय कुमार महतो उपस्थित थे। कोषांग सदस्यों ने जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के कारीपहाड़ी गांव निवासी प्रितिलता मरांडी एवं शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के चितागड़िया गांव निवासी उसके पति रसका टुडू के बीच आपसी सुलह-समझौता कराया गया। जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के जमजोरी गांव निवासी प्रियंका कुमारी एवं जरमुंडी थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी शत्रुघन खिरहर के बीच सुलह कराया जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र के काठीकुंड गांव निवासी पूजा कुमारी एवं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करबनी के हाथीमारा गांव निवासी टिंकू कुमार मंडल के बीच सुलह कराया। जिले के नगर थाना क्षेत्र के गुड़िया देवी एवं अशोक भगत के बीच सुलह कराया। जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के कांजो गांव निवासी सुनीता देवी एवं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोदोखिचा गांव निवासी नरेश कुमार साह के बीच सुलह कराया। जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव निवासी सरिता देवी एवं गोपीकांदर थाना क्षेत्र के सिलंगी गांव निवासी राजेंद्र मड़ैया के बीच सुलह हुआ। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पंजनबोना गांव निवासी रीना हांसदा एवं थाना क्षेत्र के कोदोखिचा गांव निवासी बेनतीयुस किस्कू के बीच सुलह कराया।



बैठक कर मामले की सुनवाई करते कोषांग सदस्य

# महाकुंभ के अंतिम दिनों में ट्रेन में भीड़ प्रबंधन के विषय पर डीआरएम हुए चौकस

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी विजया जाधव ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला 2025 के अंतिम दिनों में जिले के महत्वपूर्ण स्टेशनों बोकारो चंद्रपुरा पर भीड़ बढ़ने की संभावना को लेकर तैयारियों भीड़ प्रबंधन आदि विषयों पर दपू रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक के साथ बैठक की। बैठक में एसपी मनोज स्वर्गियारी एआरएम विनीत कुमार अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढांडा डीटीओ वंदना शेजवलकर मुख्यालय डीएसपी अनिमेश गुप्ता आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने एआरएम से जिले के स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण की वर्तमान व्यवस्था की जानकारी ली। एआरएम ने बताया कि 150 से ज्यादा आरपीएफ जवान जीआरपी एवं जिला पुलिस बल के जवानों को प्रतिनियुक्त किया गया है। एआरएम ने बताया कि माइकिंग क्यू मैनेजमेंट के माध्यम से स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों के यात्रियों को उतरने एवं चढ़ने का इंतजाम किया गया है। रेलवे स्टेशन में वैध यात्रियों का ही प्रवेश सुनिश्चित किया जाता है। दिव्यांग व बीमार यात्रियों के लिए ट्राई साइकिल स्ट्रेचर आदि की व्यवस्था है। स्टेशन में प्रवेश व निकास द्वार का अनुपालन सुनिश्चित किया गया है। स्टेशन में आपात स्थिति से निपटने को लेकर भी सदर अस्पताल रेलवे अस्पताल को चिन्हित किया गया है जहां चिकित्सक एबुलेंस की व्यवस्था रखी गई है। उपायुक्त ने कई जरूरी दिशा-निर्देश दिये। बैठक में उपस्थित एसी एसडीओ चास एवं डीटीओ को रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण करने को कहा।



## खबर एक नजर में

### मनोविज्ञान विभाग में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**दुमका।** संताल परगना कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग द्वारा संचालित मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र एवं मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार का विषय ईटिंग डिसऑर्डर का युवाओं पर प्रभाव एवं निदान रहा। जिसकी अध्यक्षता मनोविज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र के निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा ने की। सेमिनार को संबोधित करते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि युवाओं में ईटिंग डिसऑर्डर एक कॉमन मनोरोग समस्या है। जिसका रोकथाम आवश्यक है। इस बीमारी के कारण युवा एनोरेक्सिया नवोसां, बुलिमिया, बिंज ईटिंग आदि रोग लक्षणों से सफर करते है। पतला और स्मार्ट शरीर बनाने, मीडिया आकर्षण आदि के लिए युवा जहां कम खाना और ज्यादा एक्सरसाइज पसंद करते है। वहां वह थोड़ा-थोड़ा खाना, आधा पेट खाना, जंक फूड आदि का ज्यादा सेवन कर स्वास्थ्य खराब भी कर रहे है। युवा ईटिंग डिसऑर्डर करने कारण युवा कैंसर से आत्महत्या तक का शिकार हो रहे है। खान-पान के अनियमितता व कमी के कारण छात्रों के पढ़ाई में अपेक्षित ऊर्जा लगा नहीं पाते है। जिससे ध्यान-धारणा में कमी आती है। पौष्टिक आहार की कमी के कारण छात्र विषयों को स्मरण नहीं कर पाते है। जिससे उसके परफोमेंस में कमी आती है और तनावों से घिर आत्महत्या को उन्मुख होते है। नेशनल मेंटल हेल्थ सर्वे ( 2015) के अनुसार जहां यह डिसऑर्डर से 2 से 2.4 प्रतिशत लोग प्रभावित है, तो वहीं किशोर और युवाओं में इसका प्रचलन दर 2 से 3 प्रतिशत के बीच बतलाया जाता है। एक सर्वे के मुताबिक भारत में जहां 7.8 प्रतिशत किशोर लड़कियां इससे प्रभावित है, तो वहीं यह विकृति पुरुषों के वनिस्पत महिलाओं में ज्यादा है। डॉ शर्मा ने यह भी बताया कि इस विकृति से प्रभावित युवाओं में चिंता विषाद, सामाजिक पलायन, ऑब्सेस्ड मनोवृति, हीनता की भावना आदि मनोरोग लक्षणों का अप्रत्यक्ष रूप से निर्माण होता है।

### जारंगडीह में झामुमो के नये कमेटी का गठन किया गया

**बेरमो।** जारंगडीह - बेरमो प्रखंड के जारंगडीह में झामुमो के नये कमेटी के गठन रविवार को किया गया इन दिनों पूरे प्रदेश में झारखंड मुक्ति मोर्चा अपनी सदस्यता अभियान के साथ-साथ जिला प्रखंड व पंचायत स्तर पर नये कमेटी गठन की प्रक्रिया भी युद्ध स्तर पर चला रखी है इसी क्रम में रविवार को जारंगडीह उत्तरी पंचायत सचिवालय में जारंगडीह उत्तरी पंचायत और दक्षिणी पंचायत के तमाम कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता संयोजक मंडली के इकबाल अहमद व संचालन मुकेश चौहान के द्वारा किया गया व विशिष्ट अतिथि पर्यवेक्षक के तौर पर झामुमो के वरीय नेता पान बाबू केवट,संयोजक उप प्रमुख रंजीत महतो,के अलावा गणेश श्रीवास्तव मौजूद थे इस बैठक में सर्व समिति से जारंगडीह उत्तरी से अध्यक्ष करण कुमार,उपाध्यक्ष पिंटू कुमार, उपाध्यक्ष संजय रजक,सचिव रंधीर करमाली,संयुक्त सचिव विवेक कुमार, जारंगडीह दक्षिणी से राहुल, अध्यक्ष शिवम, कोषाध्यक्ष शब्बीर अंसारी, कार्यकारिणी सदस्य शुभम गुप्ता निर्वाचित किए गए चुने गए तमाम पदाधिकारी को झामुमो का पट्टा पहना कर सम्मानित किया गया।

### डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा में लीगल लीटरेसी क्लब का उद्घाटन

**बेरमो।** बोकारो जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 23 फरवरी को डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा में लीगल लीटरेसी क्लब का उद्घाटन किया गया। झारखंड राज्य के सभी 72 डीएवी स्कूलों में लीगल लीटरेसी क्लब का ऑन लाइन उद्घाटन, झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने किया। तेनुघाट के पैनल लॉयर पुष्पा हंस, कनक लता, सोनू कुमार झा, नीलम कुमारी, ऋषि गोस्वामी ने संयुक्त रूप से लिटरेसी क्लब का उद्घाटन किया। अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि ने कहा कि इसके माध्यम से स्कूली बच्चों को कानूनी जानकारी दी जाएगी। विद्यालयी बच्चों को विधिक रूप से जागरूक करने के उद्देश्य से डीएलएसए वृहद जागरूकता अभियान संचालित कर रहा है। उद्घाटन समारोह में सीसीए कॉर्डिनेटर वी के दसौंधी, पंकज कुमार,जितेंद्र दुबे,रंजीत सिंह, धर्म गुरु टी एम पाठक,राकेश रंजन, जयपाल साव, शर्मिला ठाकुर, रेखा कुमारी, बिना कुमारी, आराधना सिंह, सुजाता ए कुमार,कुमारी ज्योति, दीपक श्रीवास्तव, श्यामनंदन सिंह, सुशील कुमार आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### बजट सत्र आज...

सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे (उच्च न्यायालय परिसर को छोड़कर) में निषेधाज्ञा लागू रहने का आदेश जारी किया है। एसडीओ ने रविवार को बताया कि यह निषेधाज्ञा 24 फरवरी के सुबह 8.00 बजे से 27 मार्च के रात 10 बजे तक के लिए लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलने, किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, बंदूक, राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद, हरवे-हथियार जैसे-लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला लेकर निकलना या चलने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने पर रोक रहेगी।

### नशे से दूर...

**आस्था का केंद्र अब आरोग्य का केंद्र :** बागेश्वर धाम पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि इस बार तो बालाजी का बुलावा आया है। हनुमानजी की कृपा है कि आस्था का केन्द्र अब आरोग्य का केंद्र भी बनने जा रहा है। कैंसर के लिए मेडिकल इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर यहां बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बागेश्वर धाम में एक और नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। यहां होने वाले 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह का जिक्र किया और इस नेक काम के लिए बागेश्वर धाम को धन्यवाद देते हुए सभी कन्याओं को बधाई दी। यहां पहुंचकर सबसे पहले बालाजी भगवान के दर्शन कर पूजा पाठ की और आशीर्वाद लिया। धीरेंद्र शास्त्री ने पीएम मोदी को बालाजी का विग्रह भेंट किया। उन्होंने सनातन धर्म पर लिखी किताब और स्मृति चिह्न भी भेंट किया। समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, सीएम डॉ मोहन यादव, समेत कई नेता, मंत्री व अतिथि शामिल थे।

**कोई पैसा मांगे, तो मुझे लिखें :** प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में कैंसर से लड़ने के लिए सरकार ने कई घोषणाएं की हैं। कैंसर से सुरक्षा के लिए जागरुक और सावधान होना पड़ेगा। बीमारी की समय से पड़ताल हो, इसलिए 30 साल से ज्यादा के सभी लोगों की जांच के लिए सरकार अभियान चला रही है, लोग उसका हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि लोग निशुल्क उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाएं। कोई इसके लिए पैसे मांगें तो मुझे (स्वयं मोदी जी को) पत्र लिख दें। संत समुदाय से भी उन्होंने ये कार्ड बनवाने की अपील की। पीएम ने कहा, केंद्र सरकार ने सस्ती दवाइयों के लिए 14 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र खोले हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी स्वयं भी रखें और दूसरों को भी दें।

**धर्म का माखौल उड़ानेवालों पर बरसे :** पीएम मोदी ने धर्म का माखौल उड़ाने वालों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नेताओं का एक वर्ग ऐसा है जो धर्म का मखौल उड़ाता है और लोगों को तोड़ने में जुटा है। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ दे रही हैं और नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी वेश में रहते रहे हैं। ये हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। ये लोग हमारे पर्व और परंपराओं और प्रथाओं को गाली देते हैं। समाज की एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा है।

## स्पीड न्यूज

### ट्रंप की जीत से लेफ्ट परेशान : मेलोनी



**वॉशिंगटन।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने शनिवार को लेफ्टिस्ट लीडर्स पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए उनकी कड़ी आलोचना की है। मेलोनी ने कहा कि ट्रम्प की जीत से लेफ्ट बुरी तरह हताश और परेशान है। ऐसा इसलिए नहीं है कि कंजर्वेटिव्स जीत रहे हैं, बल्कि कंजर्वेटिव्स अब वैश्विक स्तर पर एक साथ आ रहे हैं। उन्होंने इसे दोहरा मानदंड बताते हुए कहा कि उन्हें अब इसकी आदत पड़ चुकी है और जनता भी इस झूठ पर यकीन नहीं करती। जनता हमें वोट कर रही है। उन्होंने कहा कि हम शासन नहीं, बल्कि जनता की सेवा कर रहे हैं।

### पंडित धीरेंद्र शास्त्री की बारात में आयेंगे : मोदी

**गढ़ा (छतरपुर)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सार्वजनिक मंच से ऐलान किया कि वे ना केवल मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में बनने वाले कैंसर अस्पताल के उद्घाटन समारोह में आएंगे, बल्कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की बारात में भी शामिल होंगे। श्री मोदी बागेश्वर धाम में बनने वाले कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने हास परिहास करते हुए कहा कि अब तक पंडित धीरेंद्र शास्त्री ही सबकी 'पर्ची' निकालते आए हैं, पर क्या वे अकेले ही पर्ची निकालेंगे।

### इजरायल ने लेबनान व सीरिया में किया हमला

**यरूशलम/दमिश्क ।** इजरायल ने सीरिया-लेबनान सीमा चौकियों पर हवाई हमले किए और हिजबुल्लाह पर हथियार तस्करी के लिए इन मार्गों का उपयोग करने का आरोप लगाया है। इजरायली सेना ने रविवार को कहा कि हिजबुल्लाह ने अवैध रूप से हथियारों के स्थानांतरण के लिए क्रॉसिंग का उपयोग किया। इन्हें इजरायल और लेबनान के बीच युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन कहा गया,जो 27 नवंबर, 2024 से प्रभावी है।

### राजधानी से कटकर मां- बेटी की मौत

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में रविवार की सुबह दिबियापुर फफूंद स्टेशन के निकट राजधानी एक्सप्रेस से कटकर मां बेटी की मौत हो गई । दिबियापुर फफूंद स्टेशन के निकट बिझाई गांव निवासी सतगुरु रैदास पुलंबर का काम करता है। उसकी पत्नी व बेटी मजदूरी करके जीवन यापन करते है।सुबह करीब साढ़े दस बजे सतगुरु की पत्नी सीता और उसकी 14 वर्षीय बेटी अलका लाइन पार खेतो में लहा काटने जा रही थी। रेलवे लाईन क्रॉस करते समय वह अचानक राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गयीं।

### कैमूर में सड़क दुर्घटना तीन श्रद्धालुओं की मौत

**भभुआ।** बिहार में कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह सड़क दुर्घटना में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गयी तथा चार अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि स्कार्पियो पर सवार लोग प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान करने के बाद लौट रहे थे। इस दौरान चिलबिली ओवरब्रिज के समीप स्कॉर्पियो की सड़क किनारे खड़े ट्रक से टक्कर हो गयी। इस घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

### सारण में युवक की गोली मारकर हत्या

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के नगरा थाना क्षेत्र में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि रसूलपुर गांव निवासीशत्रुघ्न सिंह के पुत्र सुमित कुमार सिंह उर्फ अंकुश कुमार सिंह(20) के घर पर कुछ अज्ञात लोग पहुंचे और उसे घर से बाहर बुलाकर अपने साथ लेकर चले गए और गोली मारकर हत्या कर दी।

# राष्ट्र निर्माण के लिए परंपरा और तकनीक की जरूरत : जयशंकर

## विदेश मंत्री ने विदेशी राजदूतों के साथ आइआइटी-बीएचयू के छात्रों से किया संवाद

**एजेंसी**

**वाराणसी।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि ऐतिहासिक चुनौतियों पर काबू पाने के बाद भारत अब वैश्विक मंच पर अपना स्थान पुनः प्राप्त कर रहा है। साथ ही दुनिया भर में सकारात्मक संबंधों को बढ़ावा दे रहा है। भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शक्ति का इस्तेमाल करने की अपार क्षमता है। भारत की ताकत परंपरा और प्रौद्योगिकी, स्वतंत्रता और सहयोग, तथा राष्ट्रीय हित को वैश्विक सद्भावना के साथ संतुलित करने की क्षमता है।

विदेश मंत्री रविवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के ओंकार नाथ ठाकुर सभागार में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (आईआईटी बीएचयू) के मेधावी छात्रों से संवाद कर रहे थे। इसी सभागार में काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में तमिलनाडु से आए प्रतिनिधियों और विदेशी राजनयिकों के साथ

**▸▸ भारत में एआइ की शक्ति का इस्तेमाल करने की अपार क्षमता**

संवाद के बाद विदेश मंत्री ने विद्यार्थियों को देश की विदेश नीति से अवगत कराया। उन्होंने पेरिस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी का खास तौर पर उल्लेख किया। कहा कि भारत एआई से जुड़े सांस्कृतिक पूर्वाग्रह के मुद्दे का प्रभावी रूप से हल कर सकता है। उन्होंने छात्रों से सवाल जबाब के क्रम में विकासशील देशों को पारंपरिक विकास मॉडल से आगे निकलने में सक्षम बनाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका को बताया। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ आए 45 देशों के राजदूतों ने भी छात्रों के सवालों के जवाब दिए। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत हमेशा वैश्विक आदान-प्रदान, बातचीत के लिए तत्पर है। उन्होंने छात्रों से



अपने दैनिक जीवन में विदेश नीति के महत्व को पहचानने का आग्रह किया। छात्रों को अपनी सांस्कृतिक विरासत और तकनीकी प्रगति दोनों को अपनाकर खुद को वैश्विक प्रतियोगिता के लिए तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया। विश्व को जोड़ना - विश्व बंधु थीम वाले इस कार्यक्रम में छात्रों ने वैश्विक मामलों में भारत की भूमिका पर पर बातचीत की। संवाद में आईआईटी बीएचयू के चौथे वर्ष के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र मानव मेहता ने वैश्विक स्तर पर 'विश्व बंधु' अवधारणा के प्रचार के बारे में जानना चाहा। डॉ. जयशंकर ने जवाब दिया कि भारतीय संस्कृति में गहराई से निहित इस विचार को मीडिया, कूटनीति और सबसे महत्वपूर्ण रूप से कार्रवाई के माध्यम से बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने अफ्रीकी संघ को जी–20 में शामिल कराने में भारत की भूमिका को भी बताया। कहा कि विश्व का मित्र बनने के लिए केवल घोषणाएं पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि ठोस प्रयास आवश्यक हैं। औद्योगिक इंजीनियरिंग की मुस्कान प्रियकांत रावत ने युवाओं में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने से जुड़ा सवाल उठाया। इस पर विदेश मंत्री ने काशी तमिल संगमम जैसी पहलों की ओर इशारा किया, जो सांस्कृतिक जागरूकता और आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के माध्यम से परंपराओं को आगे बढ़ाने की भारत की क्षमता ने युवा पीढ़ियों को अपनी विरासत से जोड़े रखा है।

छात्र राजा भावेश ने सवाल किया कि मजबूत अंतरराष्ट्रीय संबंधों को बढ़ावा देने में दुनिया को भारत से क्या सबक मिल सकते हैं। डॉ. जयशंकर ने कहा कि सबक सिखाने के बजाय, भारत को अन्य दृष्टिकोणों के मूल्य को पहचानते हुए आत्मविश्वास के साथ वैश्विक व्यवस्था में योगदान देना चाहिए। आईआईटी-बीएचयू के निदेशक प्रो. अमित पात्रा ने कहा कि पहले विदेशों में भारतीय छात्र और पेशेवर अपनी सुरक्षा को लेकर आशंकित रहते थे। लेकिन आज विदेश मंत्रालय के मजबूत नेतृत्व के कारण वे अधिक सुरक्षित और संरक्षित महसूस करते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. वी. रामानाथन ने किया।

**संवाद में राजदूतों ने पूरे उत्साह से की भागीदारी :** आईआईटी बीएचयू के मेधावी छात्रों से संवाद में रवांडा के राजदूत, जमैका के उप उच्चायुक्त, तिमोर-लेस्ते के राजदूत, केन्या के राजदूत ने भी भागीदारी की और उनके सवालों का बखूबी जबाब दिया। इस दौरान केन्या के राजदूत ने अफ्रीकी देशों से औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर निकलने का आह्वान किया। उन्होंने रणनीतिक विकास, संसाधनों के प्रभावी उपयोग और नवाचार-आधारित सहयोग को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने स्वीकार किया कि भारत की प्रगति अन्य विकासशील देशों के लिए एक प्रेरणा है।

**एआइ भारत और ग्लोबल साउथ के लिए बन सकता है क्रांतिकारी शक्ति :** इस दौरान चर्चा उपनिवेशवाद के उन्मूलन, आत्मनिर्भरता और वैश्वीकृत दुनिया में राष्ट्रों की उभरती भूमिका पर केंद्रित रही, जिसमें डॉ. जयशंकर, राजदूतों ने भी भागीदारी की। संवाद में जमैका के उप उच्चायुक्त ने उपनिवेशवाद के गहरे प्रभाव को बताया। साथ ही सुझाव दिया कि राष्ट्रमंडल को फिर से परिभाषित करने से वैश्विक सहयोग बढ़ सकता है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के आत्मविश्वास और क्षमता के महत्व पर जोर दिया। कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारत और ग्लोबल साउथ के लिए अगली क्रांतिकारी शक्ति बन सकता है, जो समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देगा।

# महाकुंभ में अब तक 62.06 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी

**महाकुंभ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है। रविवार रात 08 बजे तक 1.32 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। त्रिवेणी के सभी घाटों पर स्नान जारी है। सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल, जल पुलिस, गोताखोर, एनडीआरएफ की टीम लगातार श्रद्धालुओं की सुरक्षा में लगी हुई है। महाकुम्भ में 144 वर्ष बाद ऐसे पावन पुण्य अवसर पर 23 फरवरी तक कुल 62.06 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी में अब तक डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल, आरएएफ, जल पुलिस गोताखोर, एनडीआरएफ. को लगाया गया है। स्नान के बाद श्रद्धालुओं से लगातार अपील की जा रही है कि स्नान करने के बाद घाट को खाली करके दूसरे श्रद्धालुओं को मौका दें।



# खाने के तेल में 10 % की कटौती करें : मोदी

## बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ी : प्रधानमंत्री

**खबर मन्त्र सवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वस्थ देश के लिए मोटापे की समस्या से निपटने पर बल देते हुए रविवार को देशवासियों से खाने के तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कटौती करने का आह्वान किया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की ताजा कड़ी में उन्होंने एक शोध का हवाला देते हुए कहा कि आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है और बीते कुछ वर्षों में ऐसे मामले दोगुने हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन

**हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे से परेशान है और बीते कुछ वर्षों में ऐसे मामले दोगुने हो गए**

(डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में दुनिया-भर में करीब 250 करोड़ लोगों का वजन आवश्यकता से भी कहीं ज्यादा था। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े बेहद गंभीर हैं और हम सभी को सोचने पर मजबूर करते हैं कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? प्रधानमंत्री ने कहा कि अधिक वजन या मोटापा कई तरह की परेशानियों को, बीमारियों को भी जन्म देता है लेकिन सब मिलकर छोटे-छोटे




प्रयासों से इस चुनौती से निपट सकते हैं। उन्होंने इसका तरीका सुझाते हुए कहा कि खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी करना। आप तय कर लीजिए कि हर महीने 10 प्रतिशत कम तेल उपयोग करेंगे। आप तय कर सकते हैं कि जो तेल खाने के लिए खरीदा जाता है, खरीदते समय ही अब 10 प्रतिशत कम ही खरीदेंगे। मोदी ने तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कटौती करने के साथ ही कहा कि वह 10 लोगों से ऐसा करने का अनुरोध करें और फिर वे 10 लोग अन्य 10 व्यक्तियों को ऐसा करने की चुनौती दें। प्रधानमंत्री ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा और बॉक्सिंग खिलाड़ी निखत जरीन सहित कुछ अन्य हस्तियों के ऑडियो संदेश भी श्रोताओं को सुनाए और लोगों से मोटापे को कम करने या रोकने के लिए उपाय करने का आग्रह किया।

# बिहार के आधा दर्जन जिलों में बनेंगे बाईपास

**नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा राज्य में बुनियादी ढांचे के निर्माण को मिली गति**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा ने नयी आधारभूत संरचना के निर्माण को ले बड़ा प्लेटफार्म तैयार कर दिया है। समस्तीपुर सहित आधा दर्जन से अधिक जिलों में नया बाईपास बनेगा। केवल पुल, पुलिया, बाइपास, एलिवेटेड कारिडोर व रिंग रोड निर्माण की घोषणा मुख्यमंत्री ने की बल्कि जल संसाधन, भवन निर्माण व चिकित्सा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना के निर्माण पर बड़ी संख्या में प्रोजेक्ट की घोषणा के बाद उनमें बहुतों के लिए कैबिनेट से राशि की भी मंजूरी हो गयी है। टना में जेपी गंगा पथ को कोईलवर तथा पूरब में मोकामा तक ले जाने, नेहरू पथ में नाले को पाट कर सगुना मोड़ से रुपसपुर नहर तक सड़क बनाने गोला रोड के चौड़ीकरण और दो अन्य मुहल्ले क्रमशः राजीवनगर व आनंदपुरी नाले को पाटकर सड़क बनाने की घोषणा की गयी। इसके अलावा कई सड़कों के चौड़ीकरण को ले मुख्यमंत्री ने एलान किया। नालंदा जिले में हिलसा में पूर्वी बाइपास, बिहारशरीफ के पुराने रांची रोड के चौड़ीकरण आदि की घोषणा की गयी। रोहतास के संझौली प्रखंड के वाजिदपुर में कांव नदी पर पुल निर्माण की घोषणा हुई। इस इलाके की अनुमंडल मुख्यालय से दूरी 71 किमी कम हो जाएगी। कैमूर के मोहनिया में नया बाइपास बनेगा। भोजपुर में कई पथों के चौड़ीकरण की घोषणा हुई। बक्सर में धनसेई बाजार में नए बाईपास निर्माण का एलान हुआ।

### समाज परिवर्तन के लिए पञ्च परिवर्तन आवश्यक : भागवत



**गुवाहाटी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि समाज परिवर्तन के लिए पञ्च परिवर्तन को एक महत्वपूर्ण कुंजी के रूप में रेखांकित किया। सरसंघचालक डॉ. भागवत ने समाज परिवर्तन के लिए आवश्यक पांच परिवर्तनों, अर्थात सामाजिक समरसता, परिवारिक मूल्यबोध, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समाज में विभिन्न जातियों, मतों, क्षेत्रों और भाषाओं के बीच मित्रता और एकता को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया, ताकि एक समरस समाज का निर्माण किया जा सके। डॉ. भागवत ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने कहा कि सभी को हिंदू मंदिरों, जलाशयों और श्मशान भूमि के संरक्षण के लिए आपसी सम्मान और सहयोग के साथ एकजुट होना चाहिए।




**गौसेवा : महाकुंभ में बने सतुवा बाबा के पंडाल में गाय को गुड़ खिलाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।**

# आठ कंपनियों का 1.65 लाख करोड़ मार्केट कैप घटा

**टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 53,185 करोड़ रुपये हुआ कम**

**नयी दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 कंपनियों में से 8 के मार्केट कैप में 1.65 लाख करोड़ से अधिक की गिरावट आ गई। इनमें टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे अधिक नुकसान का सामना करना पड़ा। इसके अलावा टॉप 10 में शामिल दो कंपनियों के मार्केट कैप में इस सप्ताह 14,931.63 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इस सप्ताह के कारोबार के दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, इंफोसिस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), हिन्दुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के मार्केट कैप में कुल 1,65,784.90 करोड़ रुपये की गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के दौरान कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 53,185.89 करोड़ रुपये कम होकर 13,69,717.48 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह भारती एयरटेल का मार्केट कैप 44,407.77 करोड़ रुपये घट कर 9,34,223.54 करोड़ रुपये हो गया इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 18,235.45 करोड़ रुपये कम होकर 8,70,579.68 करोड़ रुपये के स्तर पर, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 17,962.62 करोड़ रुपये घट कर 5,26,684.38 करोड़ रुपये के स्तर पर, इंफोसिस का मार्केट कैप 17,086.61 करोड़ रुपये घट कर 7,53,700.15 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईटीसी का मार्केट कैप 11,949.42 करोड़ रुपये कम होकर 5,01,750.43 करोड़ रुपये के स्तर, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 2,555.53 करोड़ रुपये घट कर 12,94,152.82 करोड़ रुपये के स्तर पर और स्टेट बैंक ऑफ



इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 401.61 करोड़ रुपये गिर कर 6,43,955.96 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 14,547.30 करोड़ रुपये उछल कर 16,61,369.42 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 384.33 करोड़ रुपये बढ़ कर 5,20,466.75 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 16,61,369.42 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस (कुल मार्केट कैप 13,69,717.48 करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 12,94,152.82 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 9,34,223.54 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 8,70,579.68 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 7,53,700.15 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 6,43,955.96 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,26,684.38 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,20,466.75 करोड़ रुपये)

### वैश्विक बाजारों की अस्थिरता का सेंसेक्स निफ्टी पर रहेगा असर

**मुंबई ।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर लगातार जारी बिकवाली से बीते सप्ताह आधी फीसदी से अधिक लुढ़के सेंसेक्स और निफ्टी पर अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ योजना से वैश्विक बाजार की अस्थिरता, विदेशी निवेशकों का रुख और कंपनियों के तिमाही परिणाम का असर रहेगा। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली होने से तेजी का रुख रहा। मिडकैप 642.23 अंक अर्थात 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 40374.02 अंक और स्मॉलकैप 444.75 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की मजबूती के साथ 45856 अंक पर पहुंच गया।

